

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 107 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 25 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## मुंबईः ओशिवारा फायरिंग मामले में केआरके पुलिस हिरासत में

मुंबई, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। मुंबई के ओशिवारा इलाके में हुए फायरिंग



मामले में अभिनेता कमाल राशिद खान (केआरके) को पुलिस हिरासत में भेजा गया है। उन्हें 27 जनवरी तक पुलिस हिरासत में रखा जाएगा, ताकि इस मामले की गहन जांच की जा सके।

**मामले का विवरणः**

18 जनवरी की रात, ओशिवारा स्थित एक आवासीय इमारत में फायरिंग की गई। फायरिंग के दौरान दो गोली फ्लैट्स में लगी, जिनमें एक लेखक-निर्देशक और एक मॉडल का फ्लैट शामिल था। फोरेंसिक जांच में मिले सबूतों से पता चला कि गोली केआरके के बंगले से चली।

KRK का दावा है कि फायरिंग उनकी लाइसेंसशुदा पिस्टल की सफाई के दौरान गलती से हुई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह घटना सजग रूप से की गई थी या दुर्घटना थी।

इस मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस ने आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। – मुंबई संवाददाता समाज जागरण

### शिल्प हाट नोएडा में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य शुभारंभ

# नोएडा शिल्प हाट में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य शुभारंभ

### सांस्कृतिक उत्सव, विकास की झलक और जनकल्याणकारी योजनाओं का संगम

गौतमबुद्धनगर, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। उत्तर प्रदेश की गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति और तेजी से आगे बढ़ते विकास को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से नोएडा के शिल्प हाट, सेक्टर-33ए में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विकास प्रदर्शनी और सरकारी योजनाओं की प्रभावशाली झलक देखने को मिल रही है।

**सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया शुभारंभ**

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय सांसद (लोकसभा) डॉ. महेश शर्मा ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधान परिषद सदस्य चंद शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**लखनऊ से हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण**

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित राज्य







स्तरीय यूपी दिवस कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। इसके साथ ही सूचना विभाग द्वारा तैयार मंडलीय विकास परियोजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन हुआ, जिसे दर्शकों ने उत्साहपूर्वक देखा।

**मतदाता शपथ व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को मतदाता शपथ दिलाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में–

15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर आधारित प्रस्तुति देशभक्ति गीत, शास्त्रीय संगीत एवं लोकनृत्य, रागिनी गायक ब्रह्मपाल नागर की प्रभावशाली प्रस्तुतिने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

**उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर : सांसद**

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की ऐतिहासिक पहचान और विकास यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने– उद्योग और निवेश के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है

स्टार्टअप व सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिला है

पर्यटन, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बड़ी संख्या में पहुँचकर इस आयोजन का लाभ उठाएँ।

**गोद भराई, अन्नप्राशन और सामाजिक सरोकार**

इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

**ODOP, स्टार्टअप और मिशन शक्ति के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र**

सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इनमें प्रमुख रूप से– एक जनपद एक उत्पाद (ODOP)

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मिशन शक्ति अभियान, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद शामिल रहे। स्थानीय उत्पादों और नवोदित उद्यमियों के प्रयासों की सराहना की गई।

**मेधावियों, कार्मिकों और लाभार्थियों का सम्मान**

कार्यक्रम में– स्वीप अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्यों

आजीविका मिशन, स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग के कर्मियों

कक्षा 10 व 12 के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ब्याज मुक्त ऋण के चेक वितरित किए गए तथा विश्वकर्मा टूलकिट योजना के तहत 50 लाभार्थियों को सिलाई मशीन प्रदान की गई।

**तीन दिन तक 120 से अधिक स्टॉल लगाए गए**

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि आयोजन में लगभग 120 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें– सरकारी योजनाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा व स्वच्छता, महिला व बाल सुरक्षा ग्रामोद्योग व स्थानीय उत्पाद की जानकारी आमजन को दी जा रही है।

**प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी रहे मौजूद**

कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना विकास प्राधिकरण राजेश सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा वंदना त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे सहित प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवाददाता समाज जागरण, गौतमबुद्धनगर

## युवराज की मौत मामले में चशमदीद गवाह मोनिंदर से एसआईटी ने की पूछताछ

संदीप गर्ग/नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। नोएडा प्राधिकरण में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। जांच के पाँचवें दिन एसआईटी की टीम एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पहुंची।

एसआईटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चश्मदीद गवाह मोनिंदर को पूछताछ के लिए बुलाया। मोनिंदर अपने परिवार के साथ कार्यालय में उपस्थित हुए। घटना का चश्मदीद गवाह बनने के बाद मोनिंदर का एक वीडियो वायरल हुआ, जिससे मामले में नया मोड़ आया है।

जांच अधिकारी मोनिंदर से घटना के हर पहलू पर विस्तार से





बातचीत कर रहे हैं। मामले के सभी पहलुओं और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद SIT अपनी अंतिम रिपोर्ट माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष पेश करेगी। जानकारी के अनुसार, रिपोर्ट पेश होने के बाद कई उच्च अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। SIT ने पूरे मामले में सावधानीपूर्वक सभी सुराग और गवाहों के बयान दर्ज किए हैं।

यह मामला नोएडा और आसपास के प्रशासनिक दफ्तरों में गंभीरता से लिया जा रहा है, क्योंकि इसमें सरकारी अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारी भी सामने आ सकती है। इस जांच पर आम जन में भी गहरी निगाहें हैं, और हर कोई SIT की फाइनल रिपोर्ट के इंतजार में है।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026: बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड करेगी खेल, BCB ने किया भारत में खेलने से इनकार



नई दिल्ली, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। आईसीसी ने 2026 टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की टीम को स्कॉटलैंड से बदलने का निर्णय लिया है। यह कदम उस समय लिया गया जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत में होने वाले मैचों में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया। इस फैसले के पीछे BCB का तर्क था कि भारत में सुरक्षा चिंताएं हैं, जबकि ICC ने इसे असंगत और अकारण माना।

ICC ने स्पष्ट किया कि स्वतंत्र सुरक्षा आकलन और विस्तृत सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि बांग्लादेश टीम, अधिकारी और समर्थकों के लिए कोई वास्तविक खतरा नहीं है। इसके बाद ICC ने अपने शासन और योग्यता प्रक्रिया के तहत स्कॉटलैंड को शामिल किया।

इस निर्णय से भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में बदलाव आ गया है और क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें अब स्कॉटलैंड के प्रदर्शन पर टिकी हैं। – खेल संवाददाता समाज जागरण, नई दिल्ली

**मुख्य बातें:**

टीम बदलनाः बांग्लादेश अब ग्रुप उ में नहीं खेलेगा। इसके स्थान पर स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। स्कॉटलैंड वह मैच खेलेगा जो पहले कोलकाता और मुंबई में निर्धारित थे।

ICC का निर्णयः ICC बोर्ड ने आपात बैठक में यह निर्णय लिया। बोर्ड ने कहा कि मैचों का पुनर्निर्धारण संभव नहीं है और भारत में किसी तरह का वास्तविक सुरक्षा खतरा नहीं है।

BCB का विरोधः BCB ने IPL 2026 में मुस्ताफिजुर रहमान को लेकर सुरक्षा कारणों का हवाला दिया। ICC ने इसे "आइसोलेटेड घटना" करार देते हुए अस्वीकृत किया और कहा कि यह टूनामेंट की सुरक्षा को प्रभावित नहीं करता। BCB ने ICC पर डबल स्टैंडर्ड का आरोप भी लगाया।

प्रक्रियाः ICC ने BCB को 24 घंटे की अंतिम समय सीमा दी थी, लेकिन कोई पुष्टि नहीं मिलने पर बोर्ड ने नियमों के तहत स्कॉटलैंड को स्थानापन्न टीम बनाया।

## गणतंत्र दिवस पर पहली बार प्रदर्शित होगी हाइपरसोनिक मिसाइल



नई दिल्ली, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। इस वर्ष 77वें गणतंत्र दिवस पर कृतज्ञता पथ पर आयोजित परेड में डीआरडीओ की झांकी के हिस्से के रूप में हाइपरसोनिक मिसाइल का पहली बार प्रदर्शन किया जाएगा।

परियोजना निदेशक ए. प्रसाद गौड़ ने बताया कि यह मिसाइल समुद्र में विस्तृत क्षेत्रों में नौसेना के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होगी।

गणतंत्र दिवस परेड में आमजन को इसे देखकर भारत की रक्षा क्षमता और तकनीकी प्रगति का अद्वितीय प्रदर्शन देखने का अवसर मिलेगा।

**मिसाइल की मुख्य विशेषताएँ:**

निमार्णः भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा।

उद्देश्यः भारतीय नौसेना के लिए विकसित।

मार्गदूरीः लगभग 1,500 किलोमीटर।

गतिः हाइपरसोनिक, जिससे दुश्मन के राडार द्वारा पता नहीं लगाया जा सकता।

विशेषताः यह कई प्रकार के पेलोड ले जाने में सक्षम है, जिससे युद्धपोतों की सुरक्षा प्रणाली को प्रभावी ढंग से निष्क्रिय किया जा सकता है।

**हाइपरसोनिक मिसाइलः अद्वितीय गति और दूरी**

हाइपरसोनिक गति से चलने वाली LRAShM मिसाइल 1,500 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को 15 मिनट से भी कम समय में मार सकती है। यह विशाल समुद्री क्षेत्रों में बिना पता चले लक्ष्य तक पहुँचने में सक्षम है।

**विशेषताएँ और ताकतः**

यह मिसाइल सभी प्रकार के युद्धपोतों को नष्ट करने में सक्षम है, जिससे भारतीय नौसेना को हिंद महासागर में निर्णायक बढ़त मिलती है।

## मौसम विभाग का अलर्ट: दिल्ली-NCR में आज जमेगी बर्फ!

नई दिल्ली, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। पहाड़ों से आ रही महाठंडी हवाओं के असर से दिल्ली-NCR और आसपास के मैदानी इलाकों में आज कड़ाके की ठंड का प्रकोप शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पारा 1 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

**मौसम के प्रमुख संकेतः**

हिमालय की बफीर्ली चोटियों से आने वाली उत्तर-पश्चिमी हवाएं तापमान को तेजी से नीचे गिरा रही हैं।

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के कई इलाकों में पारा -1 से 5 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।



दिल्ली-NCR के ग्रामीण इलाकों और गुरुग्राम में 25 जनवरी की सुबह ग्राउंड फ्रॉस्ट (पाला) जमने की पूरी संभावना है।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले तीन दिनों तक मौसम में भारी उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**विशेष चेतावनीः** ठंड के कारण बुजुर्ग और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

ठंड में सड़क, परिवहन और बाहरी गतिविधियों पर असर पड़ सकता है, इसलिए बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनें।

मौसम विभाग ने आम नागरिकों से सावधानी बरतने और मौसम अपडेट्स पर ध्यान देने की अपील की है।

## पटना NEET छात्रा मौत मामला: फॉरेंसिक रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

पटना, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। पटना के चित्रगुप्त नगर इलाके में शंभू गर्ल्स हॉस्टल में 9 जनवरी को हुई NEET छात्रा की मौत मामले में फॉरेंसिक रिपोर्ट ने नया मोड़ दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में छात्रा के अंडर गारमेंट्स में मेल स्पर्म की पुष्टि हुई है। इसका अर्थ है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सेक्सुअल हरासमेंट की संभावना को समर्थन मिला है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**

छात्रा 9 जनवरी को हॉस्टल में बेहोश मिली और तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वह कई दिनों तक कोमा में रही और 11 जनवरी को प्राइवेट अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इसे सुसाइड माना और कहा कि छात्रा ने अधिक स्लीपिंग पिल्स ली थीं और वह टाइफाइड से पीड़ित थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सेक्सुअल वायलेंस की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया गया।

**पुलिस की कार्रवाई और परिवार की प्रतिक्रियाः**

परिवार ने रेप और मर्डर का आरोप लगाया है और पुलिस पर मामले को दबाने का भी आरोप लगाया है। अब पुलिस उस संदिग्ध व्यक्ति को खोजने में लगी हुई है जिसने छात्रा के साथ अश्लील व्यवहार किया।

मामला अब जांच एजेंसियों की सघन जांच और फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट पर केंद्रित है।

## चिंतन मनन

# अच्यात्मिक गौरव से ओतप्रोत भारतवर्ष, महान ग्रंथों से उत्सर्जित भारतीय चिंतन।

वेद तथा सनातनी ग्रंथों से पाठन-पठन से मानव जीवन परिष्कृत होता है और सदाचार तथा वैदिक धर्म का ज्ञान मानव धर्मार्थ की खोज में एक यज्ञ की तरह है'

भारतीय ऋग्वेद, अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के पूरे विश्व मैं परमाणु युद्ध की संभावना बनी हुई है। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस



अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी'

गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब,

टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो'

जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो' इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है।

पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो,परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है।

इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, टिप्पणी कार, रायपुर छत्तीसगढ़,9009 415 415,**

## 26 जनवरी पर विशेष कविता आया हैं "गणतंत्र दिवस"... !

*आया हैं "गणतंत्र दिवस" का पावन अवसर,*
*26 जनवरी 1950 को प्रारम्भ हुआ सफर।*
*हिंदुस्तान का "संविधान" अस्तित्व में आया,*
*भारत सही मायने में एक गणतंत्र कहलाया।*

*आखिर यूं देशभक्तों का "जुनून" काम आया,*
*देश में लागू हुआ हमारा अपना कानून छाया।*
*यहाँ चहूँओर बिखरे हैं खुशियों के रंग हजार,*
*हर भारतीयों में छाया हैं खुशियों का संसार`*

*खुशहाल भारत के सपनीली राह से भटक रहें,*
*देशहित को भूल अपने स्वार्थ में है अटक रहें।*
*आओ उन वीर शहीदों के मकसद को दोहराएं,*
*दिलों में देशहित को निजहित से ऊपर बिठाएं।*

*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*
*मो. 98260 25986*

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस: जागरूक मतदाता, मजबूत लोकतंत्र का आधार

महेन्द्र तिवारी

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राष्ट्र के लिए लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। लोकतंत्र जीवित रहता है नागरिकों की भागीदारी से, और उसकी सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है -मतदान। भारत जैसे देश में यह सत्य और भी गहरा हो जाता है, जहाँ एक मत केवल सरकार नहीं चुनता, बल्कि समाज की दिशा, नीति की प्राथमिकता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा भी तय करता है।

यह संयोग नहीं है कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी, ठीक एक दिन पहले जब देश औपचारिक रूप से गणतंत्र बना। संविधान निमार्ताओं ने स्पष्ट रूप से समझ लिया था कि लोकतंत्र की सफलता केवल लिखित संविधान से नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और शक्तिशाली चुनावी संस्था से सुनिश्चित होगी। छह दशक बाद, जब निर्वाचन आयोग ने 2011 में अपने 60 वर्ष पूरे किए, तब राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूआत की गई। इसका उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं था, बल्कि उस चिंता को संबोधित करना था जो धीरे-धीरे उभर रही थी—मतदाताओं, विशेषकर युवाओं, की घटती रुचि और बढ़ती उदासीनता।

आज जब भारत 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं वाला देश बन चुका है, तो इस दिवस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। यह दिवस एक सेतु का कार्य करता है—अतीत के संघर्षों और भविष्य की संभावनाओं के बीच। आधुनिक भारत में मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि एक नैतिक उत्तरदायित्व है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष एक नई 'थीम' के साथ इस दिवस का आयोजन करना इस बात का संकेत है कि लोकतंत्र को निरंतर नवीनीकरण की आवश्यकता होती है। 'कोई भी मतदाता पीछे न छूटे' जैसा संकल्प केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह उस अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचने की प्रतिबद्धता है, जो सामाजिक या भौगोलिक कारणों से मुख्यधारा से कटा हुआ है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है जब एक युवा, जो अभी-अभी 18 वर्ष का हुआ है, अपने मतदाता पहचान पत्र को केवल एक पहचान पत्र के रूप में नहीं, बल्कि देश के भाग्य-विधाता बनने के अधिकार पत्र के रूप में देखता है। यह दिवस युवाओं को राजनीतिक उदासीनता की गर्त से निकालकर भागीदारी की रोशनी में लाने का प्रयास है।




वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि हम देखें, तो मतदान के प्रति एक अजीब सी विडंबना दिखाई देती है। जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भीषण गर्मी या ठंड की परवाह किए बिना मिलों पैदल चलकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में 'छुट्टी' का आनंद लेना अधिक प्राथमिकता बन गया है। इस 'शहरी उदासीनता' पर प्रहार करना राष्ट्रीय मतदाता दिवस का एक प्रमुख लक्ष्य है। यह दिवस हमें यह समझाने का प्रयास करता है कि यदि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सड़कों पर उतरने का हक रखते हैं, तो हमें मतदान केंद्र तक जाने का कर्तव्य भी निभाना होगा। लोकतंत्र में निष्क्रियता की कोई जगह नहीं होती; यहाँ अनुपस्थिति का अर्थ अपनी शक्ति किसी और को सौंप देना है। इसलिए, 25 जनवरी का दिन हर भारतीय को यह सोचने पर विवश करता है कि क्या वह केवल एक उपभोक्ता नागरिक है या एक सहभागी नागरिक।

प्रौद्योगिकी के इस युग में निर्वाचन आयोग ने 'स्वीप' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जिस प्रकार की जागरूकता फैलाई है, वह वैश्विक स्तर पर अनुकरणीय है। डिजिटल इंडिया के दौर में मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया को उंगलियों के पोरों पर ला देना एक क्रांतिकारी कदम है। वोटर हेल्पलाइन ऐप, ऑनलाइन सुधार और ई-एपिक जैसी सुविधाओं ने उन बाधाओं को दूर किया है जो कभी मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से दूर रखती थीं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस इन्हीं तकनीकी सफलताओं और मानवीय प्रयासों के संगम का दिन है। यह उस निर्वाचन अधिकारी के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है जो लद्दाख की बर्फीली चोटियों से लेकर अंडमान के दूरदराज के द्वीपों तक सिर्फ एक मतदाता के लिए भी पोलिंग बूथ स्थापित करता है। यह उस सुरक्षाकर्मी के प्रति कृतज्ञता का दिन है जो निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए अपना जीवन दांव पर लगाता है। भारतीय लोकतंत्र की यह मशीनरी दुनिया के लिए एक केस स्टडी है, और राष्ट्रीय मतदाता दिवस इस मशीनरी के केंद्र में स्थित 'मतदाता' को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

हालाँकि, जागरूकता के इस महाभियान के सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। सूचना क्रांति के इस दौर में 'फेक न्यूज' और भ्रामक प्रचार लोकतंत्र के लिए नए खतरे बनकर उभरे हैं। मतदाताओं को न केवल यह बताना जरूरी है कि 'वोट देना है', बल्कि यह भी सिखाना अनिवार्य है कि 'विवेकपूर्ण वोट' कैसे देना है। जाति, धर्म और संकीर्ण क्षेत्रीयता के घेरों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करना ही इस दिवस की सच्ची उपलब्धि होगी। धनबल और बाहुबल की छाया से लोकतंत्र को मुक्त कराने के लिए मतदाता का जागरूक होना पहली शर्त है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली जाने वाली शपथ—कि हम बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करेंगे—मात्र औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे हमारे राजनीतिक आचरण का हिस्सा बनना चाहिए। जब तक मतदाता प्रलोभन को ठुकराने का साहस नहीं दिखाएगा, तब तक राजनीति की गंदगी को साफ करना संभव नहीं होगा।

समावेशिता इस दिवस का एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम है। वर्षों तक समाज के कुछ वर्ग—जैसे महिलाएं, दिव्यांगजन और ट्रांसजेंडर समुदाय—चुनावी प्रक्रिया में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने के लिए संघर्ष करते रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस ने इन वर्गों को एक विशेष मंच दिया है। पिंक बूथों की स्थापना, दिव्यांगों के लिए घर से मतदान की सुविधा और थर्ड जेंडर के लिए अलग से पंजीकरण जैसे कदमों ने यह सिद्ध किया है कि लोकतंत्र तभी पूर्ण होता है जब वह सबके लिए सुलभ हो। महिलाओं का बढ़ता मतदान प्रतिशत इस बात का प्रमाण है कि भारत का लोकतंत्र अब घर की चारदीवारी से निकलकर नीति-निर्धारण के केंद्र तक पहुँच रहा है। यह सामाजिक परिवर्तन का वह मूक आंदोलन है, जिसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से स्वर प्राप्त हुआ है।

भविष्य की ओर देखते हुए, हमें 'एक राष्ट्र, एक मतदाता सूची' और 'रिमोट वोटिंग' जैसे विचारों पर गंभीरता से विचार करना होगा। भारत एक ऐसा देश है जहाँ बड़ी आबादी रोजगार और शिक्षा के लिए प्रवास करती है। ऐसे में करोड़ों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह जाते हैं क्योंकि वे मतदान के दिन अपने गृह क्षेत्र में उपस्थित नहीं रह पाते। तकनीक के माध्यम से इस समस्या का समाधान ढूंढना अगली बड़ी लोकतांत्रिक क्रांति होगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें इन सुधारों के प्रति मानसिक रूप से तैयार करता है। यह हमें बताता है कि लोकतंत्र एक जड़ प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक गतिशील यात्रा है, जिसे समय के साथ परिष्कृत होना ही होगा।

लेख के अंत में, यह समझना आवश्यक है कि संविधान निमार्ताओं ने हमें जो अधिकार दिए हैं, उनकी रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि नागरिकों की सतर्कता से होती है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने चेतावनी दी थी कि यदि हम अपने लोकतंत्र की रक्षा करना चाहते हैं, तो हमें अपनी स्वतंत्रता को किसी भी व्यक्ति के चरणों में समर्पित नहीं करना चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस इसी 'संवैधानिक नैतिकता' की याद दिलाने वाला दिवस है। यह प्रत्येक भारतीय को यह एहसास कराता है कि भले ही वह सत्ता में न हो, लेकिन सत्ता किसके पास होगी, इसका निर्णय उसी के हाथ में है। मतदान की वह स्याही जो उंगली पर लगती है, वह मात्र एक निशान नहीं है, बल्कि वह आधुनिक भारत के निर्माण में हमारे योगदान का हस्ताक्षर है।

अतः, 25 जनवरी को यह संकल्प करें कि हम न केवल स्वयं मतदान करेंगे, बल्कि अपने आस-पास के प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित करेंगे। लोकतंत्र की मजबूती हमारे सक्रिय सहयोग में है। यह शपथ केवल औपचारिक शब्द नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के प्रति पुनः प्रतिबद्ध होने का अवसर है। यदि भारत को एक सशक्त, समावेशी और भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाना है, तो मतदान को उत्सव नहीं, कर्तव्य बनाना होगा। जय हिंद, जय लोकतंत्र।

# हमारे ही देश में सर्वप्रथम गणतंत्र स्थापित हुआ

**-अशोक "प्रवृद्ध"**
**लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार**

यह हमारे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण बात है कि भारत में गणतंत्र की अवधारणा केवल 1950 की देन नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें हमारी प्राचीन सभ्यता, वैदिक संस्कृति और इतिहास से बहुत गहरे रूप से जुडी हुई हैं। सम्पूर्ण विश्व को गणतंत्र का पाठ सर्वप्रथम इसी धरा अर्थात भारत से ही पढ़ाया गया था। हमारे ही देश में सर्वप्रथम गणतंत्र स्थापित हुआ, जिसकी सफलता ने सम्पूर्ण विश्व का ध्यान आकर्षित किया। ऋग्वेद और अथर्ववेद में गण, सभा और समिति जैसी संस्थाओं का वर्णन मिलता है, जो लोकतांत्रिक ढंग से निर्णय लेती थीं। गण शब्द का अर्थ ही जनता का समूह है, जहां शासक का चुनाव योग्यता के आधार पर होता था। ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार बिहार का वैशाली (लिच्छवी गणराज्य) विश्व का सबसे पहला सफल गणतंत्र माना जाता है। जब यूनान में नगर-राज्यों की अवधारणा पनप रही थी, उससे बहुत पहले भारत में पूर्ण विकसित गणतांत्रिक व्यवस्थाएं मौजूद थीं। असंख्य स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान और भारत विभाजन के बाद 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ हमारा संविधान आधुनिक भले ही हो, लेकिन इसके मूल में वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसी प्राचीन भारतीय भावनाएं सन्निहित हैं। संविधान निमार्ताओं ने पश्चिमी मॉडलों के साथ-साथ भारत की अपनी सांस्कृतिक विरासत और पंचायत व्यवस्था को भी महत्व दिया। यह दिन न केवल संविधान के लागू होने का उत्सव है, बल्कि उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने का भी अवसर है, जिन्होंने एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र का स्वप्न देखा था। निश्चित रूप से, 26 जनवरी का यह राष्ट्रीय उत्सव हमें याद दिलाता है कि हम एक ऐसी महान परंपरा के उत्तराधिकारी हैं, जिसने दुनिया को लोकतंत्र की जननी के रूप में दिशा दिखाई है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लिखित गणतांत्रिक व्यवस्था यह सिद्ध करते हैं कि भारत में लोकतंत्र और गणतंत्र का विचार केवल आयातित नहीं है, बल्कि यह हमारी मिट्टी और वेदों की मौलिक देन है। यह सच्चाई है कि संविधान निमार्ताओं ने भी इस व्यवस्था की प्रेरणा ईश्वर वाणी परम पवित्र वेदों से ही ली है। यह भारतीय गणतांत्रिक व्यवस्था के ऐतिहासिक जड़ों को उजागर करती है, जो यह साबित करता है कि लोकतंत्र और गणतंत्र की अवधारणाएं भारत में सहस्त्राब्दियों पहले से मौजूद थीं। यह भारतीय शासन पद्धति की श्रेष्ठता को दशार्ते हैं। संसार के आदिग्रंथ ऋग्वेद में 40 बार और अथर्ववेद में 9 बार गण शब्द का प्रयोग यह प्रमाणित करता है कि संख्याबल और सामूहिक निर्णय की शक्ति को हमारे पूर्वज भली-भांति समझते थे। प्राचीन कालीन सभा और समिति इस बात के द्योतक हैं कि प्रजातंत्र के ये दो महत्वपूर्ण स्तंभ उस समय भी मुख्य भूमिका निभाते थे। समिति आज की संसद या लोकसभा की भांति थी, जहां आम जनता और प्रतिनिधि नीति निर्धारण के लिए मिलते थे। सभा राज्यसभा या विद्वत परिषद की भांति थी, जहां अनुभवी पितृगण लोग न्याय और परामर्श का कार्य करते थे। ऋग्वेद का वह मंत्र जिसमें एकमुख मंत्रणा और सहमति के शब्द की प्रार्थना की गई है, आधुनिक आम सहमति के सिद्धांत का प्राचीनतम रूप है। यह समाज में वैचारिक मतभेद के बावजूद राष्ट्रहित में एक होने की सीख देता है। बौद्ध ग्रंथों में उल्लिखित भगवान बुद्ध के काल में शलाका अर्थात मतपत्र द्वारा गिनती का संदर्भ यह स्पष्ट करता है कि भारत में मतदान की प्रक्रिया अत्यंत विकसित थी। गण और संघ के माध्यम से बहुमत के आधार पर निर्णय लेना हमारी प्रशासनिक कुशलता का प्रतीक था। कालांतर में दोषों के कारण व्यवस्था राजतंत्र की ओर मुड़ गई, किन्तु भारत की मूल चेतना हमेशा गणतांत्रिक ही रही। प्राचीन भारतीय यह गणतांत्रिक व्यवस्था आज की पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है, जो अक्सर यह मानती है कि लोकतंत्र एक पश्चिमी अवधारणा है। वास्तव में, गण से गणतंत्र तक की यात्रा भारत की अपनी यात्रा है। इससे हम अपनी गौरवशाली विरासत और 26 जनवरी के वास्तविक आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व को समझ सकते हैं।

भारत के प्राचीन राजनीतिक इतिहास और विकसित संवैधानिक ढांचे संबंधी यह तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि 2026 के आज के युग में भी हमारे लोकतंत्र की सफलता के पीछे सहस्त्राब्दियों पुरानी एक सुव्यवस्थित शासन परंपरा रही है। संसदीय शब्दावली की प्राचीनता को इस बात से समझा जा सकता है कि आज हम जिसे कोरम कहते हैं, उसे प्राचीन काल में गणपूरक कहा जाता था। यह दशार्ता है कि उस समय भी बैठकें तभी मान्य होती थीं जब न्यूनतम सदस्यों की उपस्थिति हो। यह एक अत्यंत परिपक्व प्रशासनिक व्यवस्था का प्रतीक है। सचेतक अर्थात व्हिप की अवधारणा भी उस समय विद्यमान थी, जो यह सुनिश्चित करता था कि गण की गरिमा और अनुशासन बना रहे। महर्षि पाणिनि द्वारा वर्णित वृक, यौधेय और त्रिगर्त-षट् जैसे गणराज्य प्राचीन भारत के फेडरल स्ट्रक्चर (संघीय ढांचे) के जीवंत उदाहरण हैं। महाभारत में वर्णित अंधक-वृष्णि संघ, जिसके प्रमुख श्री कृष्ण थे, एक महान गणतंत्रीय संघीय व्यवस्था का उदाहरण है, जहां विभिन्न कुल मिलकर निर्णय लेते थे। कालांतर में कुरु और पांचाल जैसे शक्तिशाली जनपदों का भी राजतंत्र से गणतंत्र की ओर मुड़ना यह सिद्ध करता है कि तत्कालीन समाज व्यक्तिगत सत्ता की तुलना में सामूहिक निर्णय को अधिक महत्व देने लगा था। यह शक्ति के विकेंद्रीकरण का प्रारंभिक रूप था। प्राचीन ग्रंथों में उल्लिखित यह तथ्य कि उस समय भी नागरिकता और मताधिकार के स्पष्ट नियम थे, यह प्रमाणित करता है कि गणतंत्र केवल नाम का नहीं था, बल्कि एक विधिक व्यवस्था पर आधारित था। आज जब हम 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तो हमें यह समझना चाहिए कि हम किसी विदेशी व्यवस्था का अनुकरण नहीं कर रहे, बल्कि अपनी खोई हुई उसी गौरवशाली वैदिक और पौराणिक गणतंत्रीय विरासत को आधुनिक स्वरूप में जी रहे हैं। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जननी है। महाभारत काल में अर्जुन द्वारा गणराज्यों को जीतना यह दशार्ता है कि उस काल में भी ये इकाइयां इतनी शक्तिशाली थीं, कि उन्हें दिग्विजय अभियान का हिस्सा बनाना आवश्यक था। धर्म और सत्य का पक्ष लेते हुए पाण्डवों के पक्ष में गणराज्यों का युद्ध करना यह सिद्ध करता है कि ये राज्य केवल स्वायत्त ही नहीं थे, बल्कि धर्म और न्याय के मूल्यों पर आधारित विदेश नीति का पालन करते थे। महाभारत के सभा पर्व के अनुसार जनसभा में हर सदस्य को अपनी बात रखने का अधिकार था। यह आज की वैचारिक स्वतंत्रता अर्थात अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्राचीन रूप है। अध्यक्ष का चुनाव जनता द्वारा किया जाना यह प्रमाणित करता है कि सत्ता वंशानुगत न होकर योग्यता और जन-सहमति पर आधारित थी। महाभारत का शांति पर्व केवल गणतंत्र की प्रशंसा नहीं करता, बल्कि गणतंत्र की व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी प्रकाश डालता है। गोपनीयता का संकट अर्थात बात के फूट जाने की आशंका आज भी लोकतांत्रिक सरकारों के लिए एक चुनौती है। प्रत्येक व्यक्ति का अपनी बात को सत्य मानना अति-लोकतंत्र के उन खतरों की ओर इशारा करता है, जो आज भी राजनीतिक अस्थिरता का कारण बनते हैं। इससे पारस्परिक विवाद में वृद्धि होती है और समय से पूर्व ही बात के फूट जाने की आशंका बनी रहती है। कौटिल्य द्वारा लिच्छवी, वृज्जि और कम्बोज जैसे गणराज्यों का उल्लेख यह बताता है कि मौर्य काल तक भी ये गणराज्य अत्यंत प्रभावशाली थे। कौटिल्य ने इन्हें राजशब्दोपजीवी संघ कहा है, जहां के नागरिक स्वयं को राजा अर्थात शासक के समान अधिकारों वाला मानते थे। पाणिनि की अष्टाध्यायी में जनपद शब्द का प्रयोग उन भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं को परिभाषित करता है, जहां जनता का प्रतिनिधित्व सर्वोपरि था।

स्पष्ट है कि भारत में गणतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक जीवन शैली थी। 26 जनवरी 1950 को जब हमने संविधान अपनाया, तो वह वास्तव में हमारी उसी वैदिक, महाभारतकालीन और मौर्यकालीन लोकतांत्रिक चेतना का पुनर्जागरण था। यह गौरवान्वित होने की बात है कि प्राचीन भारत में शलाका (मतपत्र), गणपूरक (कोरम) और जनसभा (पार्लियामेंट) जैसी परिष्कृत व्यवस्थाएं विद्यमान थीं। बौद्ध काल और उसके पश्चात के भारतीय गणराज्यों का यह विवरण ऐतिहासिक रूप से अत्यंत प्रामाणिक और गौरवशाली है। 2026 में जब हम अपनी लोकतांत्रिक विरासत को देखते हैं, तो वैशाली और लिच्छवी जैसे उदाहरण हमें विश्व के लोकतंत्र की जननी होने का ठोस आधार प्रदान करते हैं। वैशाली के 7707 सांसदों का विवरण यह सिद्ध करता है कि उस समय का प्रतिनिधित्व कितना व्यापक था। इतनी बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों के बैठने के लिए विशाल संसद भवन और सुव्यवस्थित नगरीय बुनियादी ढांचा (7707 अट्टालिकाएं और सरोवर) एक उच्च विकसित सभ्यता का प्रमाण है। बुद्धकालीन प्रमुख गणराज्य शाक्य (कपिलवस्तु) गणराज्य से स्वयं महात्मा बुद्ध संबंधित थे। विदेह और मल्ल आदि राज्यों में शासन की बागडोर किसी एक राजा के हाथ में न होकर गण या परिषद के हाथ में होती थी। इस काल की अर्जुनायन गणराज्य और यौद्धेय संघ आधुनिक संघात्मक शासन अर्थात फेडरल स्ट्रक्चर जैसा ही था। सहारनपुर से दिल्ली और भागलपुर तक फैला यह संघ इस बात के परिचायक हैं कि छोटे-छोटे गणराज्य मिलकर एक शक्तिशाली रक्षात्मक और प्रशासनिक इकाई बनाने की कला जानते थे। खुदाई में मिली मुद्राएं इस बात का भौतिक साक्ष्य हैं कि ये गणराज्य आर्थिक रूप से स्वतंत्र और संप्रभु थे। इन मुद्राओं पर अक्सर गणराज्य का नाम अंकित होता था, जो उनकी पहचान और स्वाभिमान का प्रतीक था। गणराज्यों की यह विशेषता कि वे बाहरी संकट के समय एकजुट होकर राजतंत्रों का सामना करते थे, उनकी सामूहिक सुरक्षा की नीति को स्पष्ट करती है।

# मोदी जी: बैक होगा या रोल बैक?

**(एक व्यंग्य)**

देश में इन दिनों सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि महंगाई कब कम होगी, रोजगार कब बढ़ेगा या चुनाव कब होंगे। असली राष्ट्रीय बहस का विषय है–

"मोदी जी बैक होंगे या रोल बैक?"

बैक यानी फिर से जोरदार वापसी,
और रोल बैक यानी–"चलो, इसे वापस ले लेते हैं।"

पिछले कुछ वर्षों में देश ने एक नई राजनीतिक शब्दावली सीखी है। पहले फैसले होते थे, अब फैसले टेस्ट किए जाते हैं। अगर जनता तालियाँ बजाए तो फैसला "ऐतिहासिक" कहलाता है, और अगर जनता सोशल मीडिया पर मीम बना दे तो वही फैसला "पुनर्विचाराधीन" हो जाता है।

मोदी जी की राजनीति आजकल किसी मोबाइल ऐप की तरह हो गई है–

नई फीचर लॉन्च → यूजर रिव्यू → बग मिला → अपडेट या रोल बैक।

**घोषणा पहले, स्पष्टीकरण बाद में**

सरकार की कार्यशैली भी अब बदल चुकी है।

पहले कैबिनेट में चर्चा होती थी, अब ट्विटर पर ट्रेंड देखकर मूड बनता है।

घोषणा पहले होती है, ऋक्षद बाद में, और माफी... वो तो बहुत बाद में। जनता भी अब परिपक्व हो चुकी है। वह हर घोषणा के साथ यह नहीं पूछती कि "क्या फायदा होगा?" बल्कि सीधा पूछती है–

"सरकार इसे कितने दिन में वापस लेगी?"

**बैक होने का आत्मविश्वास**

मोदी जी के समर्थकों का आत्मविश्वास देखिए–

उन्हें पूरा भरोसा है कि मोदी जी "बैक" होंगे।

क्यों न हों?

ब्रांड बड़ा है, प्रचार मजबूत है,
और विपक्ष अभी भी मीटिंग बुलाने की तारीख तय कर रहा है।

समर्थकों का तर्क साफ है–

"गलतियाँ सब करते हैं, लेकिन मोदी जी उन्हें टीवी पर स्वीकार नहीं करते, यही तो लीडरशिप है।"

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डिप्टी कलेक्टर ने दिलाई शपथ

## कलेक्ट्रेट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उठाया लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का संकल्प

गौतमबुद्धनगर, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज कलेक्ट्रेट सभागार में डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मताधिकार के प्रयोग करने की शपथ दिलाई।



शपथ ग्रहण के दौरान डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव है, हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने अधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में मतदाता जागरूकता फैलाएं और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारस्वत सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक शपथ ली और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: एआरटीओ कार्यालय में चालक-परिचालकों को दी गई जागरूकता संगोष्ठी

## कोहरे में फॉग लाइट, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर जोर

गौतमबुद्धनगर, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, जो 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है, के अंतर्गत शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय में परिवहन निगम की बसों के चालक और परिचालकों के लिए जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



संगोष्ठी में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डा. उदित नारायण पाण्डेय ने चालक और परिचालकों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों और उपायों से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया:

कोहरे के समय फॉग लाइट का अनिवार्य प्रयोग
हेडलाइट को लो बीम पर रखना
डिफॉगर का उपयोग
वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाना
सड़क संकेतों का पालन करते हुए वाहन चलाना
दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और चार-पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य

कम उम्र के बच्चों द्वारा किसी भी वाहन को चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित
संगोष्ठी में प्रवर्तन कर्मी, रोडवेज के वरिष्ठ कर्मचारी, ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा चालक, तथा कुछ ट्रक चालक भी उपस्थित रहे और उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का लाभ लिया।

### थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस ने मोबाइल छिनैती गैंग के 2 अभियुक्त गिरफ्तार

#### गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से मोबाईल, अवैध चाकू और नगद बरामद

नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर मोबाइल छिनैती करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
गिरफ्तार अभियुक्त हैं:
अंकित कुमार पुत्र रविन्द्र चोरसिया, मूल निवासी दुर्गा मंदिर चौराहा, थाना महाराजगंज, जिला सिवान (बिहार), वर्तमान निवासी गली नं 04, राजवीर कालोनी, मयूर विहार फेस-3, थाना गाजीपुर, दिल्ली, उम्र 19 वर्ष, हर्ष पुत्र पप्पू सिंह, मूल निवासी ग्राम खचरियाऊ, थाना बंगेल, जिला बक्सर (बिहार), वर्तमान निवासी ए-262, जीडी कालोनी, मयूर विहार फेस-3, थाना गाजीपुर, दिल्ली, उम्र 20 वर्ष

**पुलिस ने बरामद किया:** 01 मोबाइल फोन (छिनैती किया गया) 01 अवैध चाकू, 1,200 नगद

**घटना का विवरण:** अभियुक्त भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रैकी कर मोबाइल और कीमती सामान छीनते थे। चोरी/छिनैती किए गए मोबाइल को राहगीरों को सस्ते दामों पर बेचते थे। कमाई को आपस में बांटकर अपने शौक पूरे करते थे। सुरक्षा के लिए अपने पास चाकू रखते थे।
दोनों अभियुक्तों का पुराना आपराधिक इतिहास भी है और विभिन्न थाना क्षेत्रों में उनके खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

कानूनी कार्रवाई: थाना सेक्टर-24 में उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।
– संवाददाता समाज जागरण, नोएडा

# ग्रेटर नोएडा में खुशियां बदलीं मातम में, बारात में जमकर चले लाठी-डंडे आधा दर्जन लोग घायल

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: ग्रेटर नोएडा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक शादी समारोह के दौरान मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दादरी इलाके के रामपुर फतेहपुर गांव में बारात के स्वागत के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए और कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

वीओ : अस्पताल में भर्ती घायल लोग दनकौर क्षेत्र के जगनपुर के निवासी जो बारात लेकर दादरी के रामपुर फतेहपुर, धर्मवीर सिंह की बेटी की शादी आये थे. इस मौके पर जैसे ही बारात की 'मिलाई' की रस्म शुरू हुई, दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते बहस लात-घूसों और लाठी-डंडों में बदल गई। इस हंगामे के दौरान बारात में अफरा-तफरी मच गई। हमलावर इतने आक्रोशित थे कि उन्होंने न केवल बारातियों को पीटा, बल्कि वहां खड़ी गाड़ियों में भी जमकर तोड़फोड़ की। करीब आधे घंटे तक चले इस उपद्रव के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब हमलावर वहां से फरार हो गए। एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और 6 घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना दादरी ने पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।
आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अब गांव में तैनात है स्थिति नियंत्रण में है और बारात की रस्मों को आगे बढ़ाया गया। सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल वीडियो के जरिए हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। घायलों का इलाज ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

# कु० मायावती राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, बादलपुर में वार्षिक दीक्षांत समारोह संपन्न

## छात्राओं को टॉपर्स के लिए मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया

गौतमबुद्धनगर, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। कु० मायावती राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर में आज उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्था के तीनों पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को अतिथियों द्वारा अंकपत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।




मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य माननीय श्री चंद शर्मा ने अपने संबोधन में तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें, विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों को अवसर में बदलें और निरंतर प्रगति करें।

**सर्वश्रेष्ठ छात्राओं को प्रदान किए गए पुरस्कार:**
कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग शाखा:
प्रथम: गौरी त्यागी
द्वितीय: संस्कृति गौस्वामी
तृतीय: खुशी सिंह
आईटी शाखा: प्रभा को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट, मेडल, डिप्लोमा और मार्कशीट प्रदान की गई।
इसके अतिरिक्त कुल 20 अन्य उत्तीर्ण छात्राओं को डिप्लोमा और मार्कशीट प्रदान की गई।
संस्था की प्रधानाचार्य डॉ. जानबेग लोनी ने कहा कि यह समारोह पूर्व विद्यार्थियों से मिलने और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि संस्था छोड़ने के बाद भी छात्रों का संबंध संस्था के साथ बना रहता है और प्लेसमेंट टीम उन्हें नए अवसरों की जानकारी लगातार पहुँचाती रहती है।

समारोह में लगभग 45 पूर्व छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही तीन पूर्व छात्राओं को, जो वर्तमान में विभिन्न सरकारी और निजी संस्थाओं में कार्यरत हैं, वर्ष 2025-26 के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नियुक्त किया गया और उन्हें सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।
इसके अतिरिक्त, द्वितीय वर्ष की 49 छात्राओं को एनईपी-2020 के अंतर्गत 46 क्रेडिट प्राप्त करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।
समारोह में संस्था के समस्त स्टाफ और छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।– संवाददाता समाज जागरण,

# फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा 'डॉ.' उपसर्ग के उपयोग पर यथास्थिति बरकरार, केरल हाईकोर्ट का फैसला

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: फिजियोथेरेपी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, माननीय केरल हाईकोर्ट ने फिजियोथेपिस्ट सहित एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स द्वारा "डॉ." उपसर्ग के उपयोग को लेकर मौजूदा कानूनी स्थिति को बरकरार रखा है। न्यायालय ने 22 जनवरी 2026 को दिए गए अपने निर्णय में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन द्वारा दायर उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस उपसर्ग के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी।
फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, द सेंटर फॉर नी एंड हिप केयर, वैशाली के विभागाध्यक्ष एवं एमपीटी (ऑर्थो) डॉ. इंद्रमणि उपाध्याय ने कहा कि याचिका की खारिजी से यथास्थिति बनी रहेगी और पेशे को आवश्यक स्पष्टता मिलेगी। उन्होंने कहा, "न्यायालय ने कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाया है, जिससे राष्ट्रीय एलाइड एवं हेल्थकेयर प्रोफेशंस आयोग अधिनियम के तहत मौजूदा नियामक ढांचा लागू बना रहेगा।"



डॉ. उपाध्याय ने आगे कहा कि फिजियोथेपिस्ट उच्च प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवर होते हैं और यह निर्णय पेशे की गरिमा को सुदृढ़ करता है तथा कार्यप्रणाली में निरंतरता सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा, "NCAHP अधिनियम का सक्रिय क्रियान्वयन एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स के लिए एक सुव्यवस्थित नियामक तंत्र प्रदान करता है, जिससे अंततः मरीजों की देखभाल और पारदर्शिता को लाभ मिलता है। केरल हाईकोर्ट के इस निर्णय को देशभर के फिजियोथेपिस्ट्स के लिए एक आश्वस्त करने वाला कदम माना जा रहा है, जो यह पुनः स्पष्ट करता है कि जब तक किसी वैधानिक विधायी या नियामक प्रक्रिया के माध्यम से बदलाव नहीं किया जाता, तब तक मौजूदा नियम और मानदंड लागू रहेंगे।

# थाना रबूपुरा पुलिस ने पशु चोरी के 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

## कब्जे से मोटरसाइकिल, मोबाइल और अवैध तमंचे बरामद

संदीप गर्ग, नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। थाना रबूपुरा पुलिस ने पशु चोरी की घटना में संलिप्त दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त हैं: साहिब पुत्र हसरत, रघुपुरा, गौतमबुद्धनगर, उम्र 22-24 वर्ष
अजहर पुत्र हसरत, रघुपुरा, गौतमबुद्धनगर, उम्र 22-24 वर्ष

पुलिस ने बरामद किया: 01 मोटर साइकिल,01 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचे (.315 बोर), 02 जिन्दा कारतूस (.315 बोर)




घटना का तरीका: अभियुक्त दिन में पशुओं की रैकी करते थे और रात में सुनसान स्थान पर वाहन लेकर चोरी कर ले जाते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों का पुराना अपराधी इतिहास है और विभिन्न थाना क्षेत्रों में उनके खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।
कानूनी कार्रवाई: थाना रबूपुरा में धारा 305/331(4) BNS और 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद सामग्रियों को अपने कब्जे में लिया गया।

# थाना जारचा पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया

## कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा बरामद

नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। थाना जारचा पुलिस ने ग्राम जैतवार के पास से अभियुक्त अरुण पुत्र जयवीर सिंह (उम्र 42 वर्ष, निवासी अहमदानगर, थाना बीबी नगर, बुलंदशहर) को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने बरामद किया: चोरी की मोटरसाइकिल आर15 (बिना नंबर प्लेट) देशी तमंचा .315 बोर, एक जिन्दा कारतूस .315 बोर
घटना का विवरण: आरोपी अरुण का अपराधी इतिहास पुराना है और विभिन्न थाना क्षेत्रों में पहले भी कई मुकदमें दर्ज हैं। थाना जारचा पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक और अवैध शस्त्र बरामद किया।
कानूनी कार्रवाई: थाना जारचा में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट और 317(5) BNS के तहत मामला पंजीकृत किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की जांच और कार्रवाई जारी है।

# नोएडा पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

संदीप गर्ग नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर आमजन से धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त हैं:
आयुष पाण्डेय पुत्र स्व. पवन पाण्डेय, निवासी ग्राम सिसवां, थाना बड़ागांव, वाराणसी (उम्र 20 वर्ष)
शिवम पुत्र देशराज सिंह, निवासी ग्राम चटेडा, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर (उम्र 25 वर्ष)
प्रियांशु श्रीवास्तव पुत्र संजय कुमार श्रीवास्तव, निवासी ग्राम सिसवां, थाना बड़ागांव, वाराणसी (उम्र 20 वर्ष)

**पुलिस ने बरामद किया:**

05 लैपटॉप, 05 एंड्रॉइड फोन, 01 कीपैड फोन, 02 एटीएम कार्ड, 14,500 नकद, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार (UP 65 FS 1502)



**घटना का तरीका:** अभियुक्त गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों से मिलकर उन्हें नौकरी दिलाने का लालच देते थे। लोगों से मोबाइल और एटीएम कार्ड लेकर अलग-अलग वढककक्ळ बनाते थे। प्राप्त राशि को एटीएम कार्ड के माध्यम से निकालकर खाते धारकों को लालच देकर धोखाधड़ी करते थे। खाता धारकों को 1,000-1,500 रुपए देते थे ताकि वे चुप रहें।
पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से स्क्रीनशॉट भी प्राप्त किए, जिनमें स्पष्ट रूप से 8,50,000 रुपये की ठगी का सबूत मिला।
कानूनी कार्रवाई: थाना सेक्टर-63, सेंट्रल नोएडा में धारा 318(4)/319(2)/61(2) BNS और 66D IT एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद सामग्रियों के साथ ही अपराध की जाँच और आगे की कार्रवाई जारी है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 ऑडिशन 2.0

## उत्तर प्रदेश की प्रतिभाशाली युवतियों ने दिखाया आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और कला कौशल

संदीप गर्ग/नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)। भारत के प्रतिष्ठित सौंदर्य और सशक्तिकरण मंच फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 ऑडिशन 2.0 का 24 जनवरी 2026 को सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट (रत्रक्र), नोएडा में सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 100 प्रतिभाशाली युवतियों ने भाग लिया और अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।





**मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट उपस्थितियां:**
सुश्री लक्ष्मी सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एवं पुलिस आयुक्त, नोएडा, श्री ललित ठुकराल, अध्यक्ष, नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर; संयोजक (आरएमजी), यूपी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल; रीजनल इंचार्ज (नॉर्थ रीजन), एईपीसी
फैशन एवं ब्यूटी इंडस्ट्री की प्रमुख हस्तियां और जूरी बोर्ड के सदस्य

**कार्यक्रम की विशेषताएँ:**
ऑडिशन में प्रतिभागियों ने कैटवॉक, पर्सनालिटी, संवाद क्षमता और कला कौशल का प्रदर्शन किया।

**जूरी बोर्ड में शामिल:**
डॉ. नीतू मल्होत्रा, प्राचार्या, सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट, सुश्री मयूरी मित्तल, सीईओ, आर्ट बाय मयूरी, सुश्री सिफी सिंह सारंग, फेमिना मिस इंडिया दिल्ली 2024, सुश्री सुप्रिया दहिया, फेमिना मिस इंडिया हरियाणा 2024, सुश्री आशिया सहोता, मिसेज यूनिवर्स साउथ पैसिफिक एशिया, सुश्री अर्चना निरंजन, मिसेज यूनिवर्स ओशिनिया इंडिया

**सहयोग एवं पार्टनरशिप:**
गीतांजलि स्टूडियो, नोएडा - आधिकारिक मेकअप पार्टनर, आर्ट बाय मयूरी और फैशन डिजाइनर सुश्री मयूरी मित्तल -कार्यक्रम में सहयोग, रेडियो सिटी - आधिकारिक अवेयरनेस पार्टनर, पूरे प्रदेश में प्रचार-प्रसार
सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डॉ. नीतू मल्होत्रा ने कहा कि यह आयोजन संस्थान के रचनात्मक उत्कृष्टता और युवा सशक्तिकरण के विजन का प्रतीक है। उन्होंने संस्थान और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों और आयोजकों का धन्यवाद किया।

**मुख्य आकर्षण:**
प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का मंचन, पेशेवर कैटवॉक और फोटोग्राफी सत्र, फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री की विशेषज्ञों से मार्गदर्शन. इस आयोजन ने उत्तर प्रदेश की प्रतिभाशाली युवतियों को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचने का अवसर प्रदान किया और सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की उत्कृष्टता, सशक्तिकरण और इंडस्ट्री सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

# बारिश आई... वाहन चालकों की आफत लाई

समाज जागरण

लोनी, 23 जनवरी: शुक्रवार को दिनभर रुक-रुक कर आने वाली बारिश ने पहले से बदहाल दिल्ली-सहारनपुर मार्ग को और चार चांद लगाने का काम किया है। गड्ढों में तब्दील हो चुके मार्ग पर जगह-जगह कीचड़ युक्त पानी भर जाने से वाहन चालकों की मुसीबत बढ़ गई है। मार्ग पर कई स्थानों पर हालात ऐसे हैं जहां वाहनों का दुर्घटनाग्रस्त होना और वहां जाम लगा रहना आम बात हो गई है।

**यातायात के लिए बना नया संकट**
सुबह तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश और अदृश्य मौसम से जहां आम जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं दूसरी ओर नालों की पानी निकासी ठप होने से मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढों में गंदगी युक्त पानी भर गया। नतीजन पहले से अपनी दुर्दशा के रोने रो रहे दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर शहर वासियों के लिए नया संकट खड़ा हो गया है. जबकि मार्ग की ऐसी दयनीय स्थिति के चलते वहां से रोजाना लाखों की तादाद में गुजरने वाले वाहन चालक भी बड़ी मुसीबत झेलने को मजबूर है।



**कॉलोनी वासियों का भी आवागमन हुआ प्रभावित**
मुख्य रूप से लोनी बॉर्डर व जवाहर नगर से शांति नगर तक मार्ग की हालत बद्द से बद्दतर हो गई है। यहां
पानी निकासी सुचारू न होने के कारण वहां आसपास बसी विभिन्न कॉलोनीवासियों का आवागमन भी पूरी तरह प्रभावित हो गया है. जो अब अगले कई दिनों तक यह अतिरिक्त मुसीबत झेलने को विवश होंगे। हालांकि यह आने या न आने वाली बारिश पर निर्भर करता है।
बारिश के कारण आम रास्तो व दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की दुर्दशा से प्रभावित कालोनियों की बात करें तो उनमें राजनगर, रणबीर नगर, गुलाब वाटिका, इंदिरा एंक्लेव, जवाहर नगर, शांति नगर व इंदिरापुरी आदि कॉलोनी शामिल है।

**वाहन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त, लगा रहता है जाम**
देश की राजधानी दिल्ली को जोड़ने वाला लोनी का यह दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है. जिस पर कई स्थानों पर नालों का गंदा पानी भरा रहता है। अब हाल में हुई बारिश के बाद जलमग्न मार्ग ने वाहन चालकों की मुसीबत बढ़ा दी है। कई स्थानों पर यह हाल है कि वहां से निकल पाना किसी भी वाहन चालक के लिए किसी पहाड़ जैसी मुसीबत से कम नहीं है. जो रेंगते हुए कछुआ गति से निकलने के बावजूद कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। हालात ऐसे हैं कि आवागमन के दौरान यदि किसी भी वाहन चालक ने चाहे दुपहिया हो, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा या फोर व्हीलर हो, लापरवाही बरती तो दुर्घटना का शिकार होना तय है। यही कारण है कि यहां वाहनों का दुर्घटनाग्रस्त होना या वहां फसकर खड़ा हो जाना आम बात बनी हुई है. जो जाम का कारण बना रहता है।

**जिम्मेदारों की बेशर्मी.. आम नागरिकों की भावनाओं पर पड़ रही भारी**
दिल्ली से चलकर कई प्रदेशों को जोड़ने वाले इस दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की यह दुर्दशा कोई नई बात नहीं है, बल्कि वर्षों से चली आ रही है। जो इस बीच कई संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन, सैकड़ो शिकायती पत्रों के अलावा मीडिया में भी सुर्खियो का कारण बना है। वहीं दूसरी ओर विषय को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारी हो या स्थानीय जनप्रतिनिधि, मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर बड़े-बड़े वादे करते आ रहे है। मगर आज तक नतीजा, वही "ढाक के तीन पात" वाली कहावत को चरितार्थ करने के अलावा और कुछ नहीं निकल पाया। और इस तरह जिम्मेदारों की बेशर्मी आम नागरिकों व यात्रियों की भावनाओं पर भारी पड़ती दीख रही हैं। हालांकि लोगों की पीड़ा को देखते हुए इस बात को झुठलाया नहीं जा सकता की यदि समय रहते इस मार्ग की समस्या का निस्तारण नहीं हो सका तो मौजूदा सरकार को इसका खामियाजा भुगतना होगा।

# एकता, नेतृत्व और सेवा- यही है जॉइंट्स की पहचान

## वूमेन पावर वूमेन प्राइड वूमेन एरा वह महिला शक्ति का अद्भुत संगम वह दो कन्याओं के विवाह हेतु सामग्री वितरण"।

24 जनवरी 2026 को जायंट्स ग्रुप द्वारा आयोजित अधिष्ठापन दिवस कार्यक्रम भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर चारों समूह को एक ही मंच पर शानदार रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायी बना दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री एसपी चतुवेर्दी जी ( डी ई वर्ल्ड अध्यक्ष), डॉक्टर सुधा चौधरी जी (सीसीएमजीडब्ल्यूएफ), श्री विपिन मित्तल जी ( प्रेसिडेंट फेडरेशन 5), श्रीमती पदमा भार्गव जी (आईपीपी फेडरेशन 5), श्री कृष्ण अवतार गुप्ता जी (फार्मर फेडरेशन प्रेसिडेंट), श्रीमती बबीता शर्मा जी ( प्रेसिडेंट फेडरेशन 5), श्रीमती अनु रस्तोगी जी (चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर) श्रीमती क्षमा अग्रवाल जी ( यूनिट डायरेक्टर) श्रीमती शुभा






अग्रवाल जी (फेडरेशन ऑफिसर) अलका मंगलम जी (आईपीपी) आदि सभी अतिथि गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और जॉइंट्स प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद गरिमामयी अधिष्ठापन समारोह में अतिथियों का ग्रुप सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ चंदन टीका एवं पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मंच से यह संदेश दिया गया कि -"जब महिलाएं एक साथ खड़ी होती हैं तो परिवर्तन अपने आप शुरू हो जाता है।"

कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जायंट्स ग्रुप निरंतर सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ने दो कन्याओं के विवाह हेतु आवश्यक सामग्री भी प्रदान की।

समारोह को रोचक बनाने के लिए गणेश वंदना व राम स्तुति पर बच्चों द्वारा नृत्य नाटिका की अद्भुत प्रस्तुति दी गई जिसकी सभी मौजूद सदस्यों ने अत्यंत प्रशंसा की।

यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल जी द्वारा चारों ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती नीतू अग्रवाल जी ( वूमेन पावर) श्रीमती प्रीति अग्रवाल जी (वूमेन प्राइड), श्रीमती अंजलि चौधरी जी (वूमेन एरा) व श्रीमती इंदु अग्रवाल जी (महिला शक्ति) को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई तथा नए सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

नवनिर्वाचित टीम ने संकल्प लिया कि संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए समाज सेवा, एकता, जनकल्याण व अधिक सशक्त परियोजनाओं को पूरी ईमानदारी व समर्पण से आगे बढ़ाएंगे ताकि समाज के हर वर्ग तक सहायता और प्रेरणा पहुंच सके।

अधिष्ठापन समारोह का कुशल संचालन काव्या अग्रवाल व शुभ्रा बिंदल द्वारा किया गया, तत्पश्चात सभी ने स्वल्पाहार लिया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। अधिष्ठापन समारोह में वंदना , शुभा ,शुभ्रा, काव्या ,प्रियांशी, मानसी ,सुनीता, शिवानी, नेहा, गीता ,राधिका, प्राची, निमिषा, भावना, आंचल ,सुरभि, रिशु, गीतू आदि सभी चारों ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के धरने में पहुंचे खंड विकास अधिकारी, दिया समाधान का आश्वासन

**समाज जागरण**

संभल।भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा जिला मंत्री (अ. मो.) सुफियान पाशा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ब्लॉक परिसर असमोली में नारेबाजी कर धरना दिया ! पंचायत की अध्यक्षता जिला महामंत्री (अ. मो.) इस्माइल खां एवं संचालन निर्देश कुमार ने किया पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिले ! सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनकी जानकारी किसानों को मिले और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए ! एकमुश्त समाधान योजना में आधे से ज्यादा उपभोक्ता लाभ से वंचित हैं, इसको पुनः लागू किया जाए ! क्षेत्र में बिजली विभाग के मीटर रीडर घरेलू बिल निकालने प्रतिमाह नही आते जिससे किसानों पर अतिरिक्त चार्ज पड़ता है, मीटर रीडर प्रतिमाह बिल निकालने जाये। जिससे किसानों एवं आम जनमानस का आर्थिक शोषण रोका जा सके ! स्मार्ट मीटर की जांच पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर जांच में खरे नहीं उतर रहे हैं इनको ना लगवाया जाए ! आधे से ज्यादा घरेलू विधुत मीटर गलत बिल निकालकर आम जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है ! तत्काल रूप से अभियान चलाकर सही कराया जाए ! तहसील स्तर पर फैले हुए भ्रष्टाचार के कारण आम जनमानस को प्रमाण पत्र बनवाने से लेकर वारिसान दर्ज कराने में दिक्कत



का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सुधार नितांत आवश्यक है ! जनपद में फैले भ्रष्टाचार के कारण किसानों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण न होने एवं किसानों का शोषण होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि समय रहते किसानो की विभिन्न मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो बड़े पटल पर आंदोलन की तैयारी की जाएगी ! साथ ही युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार उर्फ मोनू ने कहा कि राशन कार्ड ऑनलाइन करने के बाद सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पर भी राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है ! जो कि निंदनिय है ! संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि जल शक्ति मिशन योजना के तहत गांव-गांव बने ओवरहेड टैंक अभी भी सफेद हाथी बने हैं ! जबकि ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने को टैंकों का निर्माण काफी तीव्र गति से कराया गया था ! पानी की नियमित आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है ! पंचायत में पहुंचे विभाग के अधिकारियों द्वारा कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया एवं अन्य समस्याओं के जल्द निस्तारण की बात कही ! पंचायत का मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी असमोली प्रेमपाल सिंह के माध्यम से सौपा गया !

मुख्य रूप से युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला महासचिव अनमोल कुमार, जिला मंत्री (अ. मो.) सुफियान पाशा, जिला महामंत्री (अ. मो.) इस्माइल खां, युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार उर्फ मोनू, जिला सचिव (अ. मो.) अशरफ तुर्की, युवा तहसील महासचिव राजीव कुमार उर्फ बाबूजी, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, ब्लॉक अध्यक्ष असमोली चौधरी नेमपाल सिंह, ब्लॉक मंत्री मनीराम गूर्जर, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष मो. हसन, मो. जाबिर, विवेक कुमार, अवधेश कुमार, बिजेन्द्र कुमार, महेन्द्र चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा बहजोई में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर होने वाली परेड का भव्य रिहर्सल किया गया

**समाज जागरण**

बहजोई। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस लाइन बहजोई में गणतंत्र दिवस समारोह पर होने वाली परेड की रिहर्सल का निरीक्षण कर संबधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । इस दौरान रिहर्सल की परेड निकाली गई, रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गयी तथा परेड मंच से गुजरी एवं दस्तों में शामिल पुलिसकर्मियों द्वारा अपना कौशल दिखाया गया।

# डिजिटल एवं फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विकासखंड सभागार मौ0पुर देवमल के ग्राम प्रधान,वार्ड मेंबर एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का डिजिटल एवं फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का



समापन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियो से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म क्या है? उसका उपयोग कैसे करना है पंचायती राज विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल विषय पर चर्चा की। प्रशिक्षक अंजार द्वारा ऑनलाइन सुरक्षा उसका महत्व,ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी एवं उनसे बचने की रणनीतियां तथा जीपीडीपी और बजट योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक प्रिरियल ने ई-ग्राम स्वराज, पीएमएस, एसबीएम रेट्रोफिटिंग विषयों पर जानकारी दी।

# डिजीटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेन्टर अमरोहा के माध्यम से क्षेत्र पंचायत सदस्य,ग्राम प्रधान,वार्ड नंबरों का डिजीटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर विकासखण्ड सभागार मौ0पुर देवमल में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन के उपयोग एवं दुरूपयोग, वित्तीय धोखाधडी से बचने के तरीकों को सिखाना है। प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में



डिजिटल एवं वित्तिय साक्षरता पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक आवश्यक क्षमता बन गई है। तकनीकी प्रगति और शासन के डिजिटल परिवर्तन के दौर में यह अत्यंन्त आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षक अंजार प्रिरियल ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि न केवल सूचनाओं को सुलभता से प्राप्त करें, बल्कि योजनाओं एवं सेवाओं के प्रभावी क्रियान्यवन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें।

# घर से ड्यूटी के लिए निकले व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर झालू। घर से ड्यूटी पर निकले व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत अचानक से व्यक्ति की मौत होने से गांव में दौड़ी शोक की लहर। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया अस्पताल। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि करीब नौ बजे ज्ञानेंद्र पुत्र ओमप्रकाश उर्म लगभग 55 वर्ष निवासी गांव समालखेडी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बिजनौर ड्यूटी करने के लिए घर से जा रहा था जैसे ही वह गोलबाग चौराहे के पास पहुंचा तो उक्त समय नूरपुर से बिजनौर की ओर जा रहे एक ट्रक की चपेट में उसकी मोटरसाइकिल आ जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी राहगीरों ने झालू चौकी पुलिस को दी। पुलिस आनन फानन में दुर्घटना स्थल पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस में भिजवाया जहां रास्ते में ही उपरोक्त व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाए वहीं दूसरी ओर मृतक के गांव सुमालखेड़ी में उसकी मौत की खबर पहुंची तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण जारी जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत समस्त कार्यों का सम्पादन नगर निकाय द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य के लिए कोई भी संस्था नामित नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में कार्यरत नामित संस्था क्रिएटिव कन्सयोर्टियम के किसी भी कार्मिक की कोई भी भूमिका नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 पूर्णतः निःशुल्क है। उक्त योजना के अन्तर्गत किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई शुल्क न दिया जाए। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि यदि कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग करता है, तो तत्काल इसकी सूचना सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

# रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का किया गया आयोजन

## 24 जनवरी से 26 जनवरी तक रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का आयोजन विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत थीम के अन्तर्गत किया गया। मुख्य अतिथि बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ की उपाध्यक्ष डॉ मिथलेश तिवारी रहीं। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव तथा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी रहे। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का जनपद की नयी परम्परा पंचोपचार के द्वारा स्वागत किया तथा विशिष्ट एवं अन्य अतिथियों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत किया।कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आटा कि छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की तथा बालिकाओं द्वारा स्वागत गान किया।मुख्य अतिथि डॉ मिथलेश तिवारी द्वारा परिसर में लगे जनपद सरस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा बनाये गये उत्पादों, ओडीओपी तथा मिशन शक्ति से संबंधित आदि स्टालों का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय चंदौसी नगर के अध्यापक राशिद द्वारा कवि सौरभकांत शर्मा द्वारा रचित सम्भल गान को गाया। तथा उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की बालिकाओं द्वारा ब्रज क्षेत्र का नृत्य प्रस्तुत किया। तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा द्वारा यूपी वाले भैया पर अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अन्तर्गत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि हमारे उत्तर प्रदेश में धार्मिक, अध्यात्मिक तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं हैं यहाँ प्रयाग, काशी तथा मथुरा एवं वृंदावन भी है उत्तर प्रदेश की धरती पर ही भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण जी ने भी जन्म लिया आज उत्तर प्रदेश मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में एक विकसित उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत



कुमार उर्फ राजू यादव द्वारा अपने संबोधन में कहा कि हमारे गाँव में राम राम कहने की बहुत ही अच्छी परम्परा है। हमारा प्रदेश सबसे उत्तम प्रदेश है हमारे भगवान श्री राम जी का जन्म हमारे प्रदेश की धरती पर हुआ यह सौभाग्य की बात है। मा. मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश को अपराध मुक्त बनाया। प्रदेश में किसानों के लिए अच्छे कार्य किये गये हैं किसान दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं से किसानों को लाभ प्राप्त हुआ है तथा गाँव गाँव में मॉडल स्कूल बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के जिलाधिकारी द्वारा सम्भल में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही परिवर्तन किया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमें प्रत्येक क्षेत्र में परिश्रम से आगे बढ़ना है। उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश की ओर लेकर जाना है। समूहों की दीदियों को लखपति बनाना है, हमें नंबर वन प्रदेश बनना है।

मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में कहा कि सम्भल जनपद एक समर्थ जनपद है। यहाँ शोध की बहुत संभावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि मेरा एक सुझाव है कि सम्भल जनपद में एक विश्वविद्यालय की स्थापना हो तथा जनपद सम्भल में नाट्य, डांस एकेडमी भी हो उन्होंने जिलाधिकारी की उनके नेतृत्व में हो रहे विकास के लिए सराहना की। उन्होंने लखनऊ घराना के कथक नृतक बिरजू महाराज जी के विषय में भी बताया।।

जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा कार्यक्रम में आये सभी का धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा 10 ट्राईसाईकिल वितरित कीं तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूहों की दीदियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत टूल किट का वितरण किया तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 4 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख का प्रतीकात्मक चेक वितरित किये तथा उद्यान विभाग के द्वारा 3 किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत जनपद एवं मण्डल तथा राज्य स्तर पर विजित हुए कलाकार बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मंच का संचालन कवि सौरभ कांत शर्मा द्वारा किया गया।

जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे जनपद सरस मेला 24 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर जारी रहेगा तथा जनपद के सभी लोग यहाँ आकर शासन की योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं तथा स्वदेशी उत्पादों का क्रय भी कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय तथा भाजपा के महामंत्री कमल कुमार कमल तथा भाजपा के उपाध्यक्ष तथा मण्डल अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सशस्त्र सीमा बल में संदिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी**

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सशस्त्र सीमा बल में संदिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यालय के निदेशानुसार एवं सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्य योजना-2026 के अंतर्गत



70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में यह आयोजन कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बल कार्मिकों, उनके परिवारजनों एवं बच्चों में रचनात्मक अभिरुचि को प्रोत्साहित करना, सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना तथा आपसी सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए ड्रॉइंग (चित्रकला) प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता, सृजनात्मक सोच एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त संदिक्षा सदस्यों के मध्य पीले वस्त्र प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विविध रंग संयोजनों के माध्यम से बसंत ऋतु की भावना को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं पीले वस्त्र प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की सुसज्जित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। सभी प्रतियोगिताओं में बल कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों की सहभागिता अत्यंत उत्साहजनक एवं सराहनीय रही।

आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया तथा उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ा एवं भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा मिली।

इस आयोजन से वाहिनी परिसर में सौहार्दपूर्ण, अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ तथा बल कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों के मध्य आपसी समन्वय एवं सहभागिता और अधिक मजबूत हुई। संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस रैतिक परेड समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण

**समाज जागरण संवाददाता लखीमपुर खीरी**

आगामी 77वें गणतंत्र दिवसझ2026 के अवसर पर आयोजित की जाने वाली रैतिक परेड समारोह की तैयारियों के क्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा पुलिस लाइन्स खीरी में फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परेड में शामिल पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की टोलियों, ड्रिल, मार्च-पास्ट, ड्रेस एवं वेशभूषा का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। साथ ही आपात सेवा यूपी-112 की दोपहिया एवं चारपहिया पुरुष व महिला पीआरवी वाहन, स्वान दल, दंगा नियंत्रण वाहन, फायर सर्विस तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा की जा रही रिहर्सल परेड का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण कर परेड का पूर्वाभ्यास कराया गया।

पुलिस अधीक्षक ने परेड की प्रत्येक गतिविधि को गंभीरता से परखते हुए उसे और अधिक सुसंगठित, आकर्षक एवं अनुशासित बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने परेड में प्रतिभाग कर रहे सभी प्रतिभागियों एवं अन्य कार्यक्रमों का सूक्ष्म निरीक्षण कर आयोजन को



अत्यधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त परेड की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अन्य सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन्स खीरी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक खीरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि जनपद खीरी पुलिस 77वें गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# वाईडी कॉलेज में सामूहिक मतदाता शपथ समारोह का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सामूहिक मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेरा भारत, मेरा वोट की थीम तथा भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक की टैगलाइन को साकार करते हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य और उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि उनका प्रत्येक मत देश के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नवमतदाताओं एवं विद्यार्थियों से सजग नागरिक बनकर मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा ने कहा कि सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता सप्ताह के अंतर्गत नवमतदाता शपथ ग्रहण समारोह, मतदाता



जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। साथ ही प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने एवं कोई भी पीछे न छूटे के सिद्धांत को लागू करने हेतु महाविद्यालय में मतदाता पंजीयन हेल्प डेस्क की स्थापना तथा मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया गया है।

समारोह में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नवमतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु फॉर्म-6 वितरित किए गए तथा उन्हें मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी तथा एनएसएस, एनसीसी एवं रोवर्स-रेंजर्स स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस बल ने ली मतदाता शपथ

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कांधला थाना परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, मतदान के महत्व और पुलिस बल की जिम्मेदार भूमिका को रेखांकित करना रहा। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है कि वह निर्भीक, निष्पक्ष और जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र की नींव जागरूक मतदाता पर टिकी होती है। थाना प्रभारी ने पुलिस बल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में भी पुलिस की अहम भूमिका होती है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना पुलिस का महत्वपूर्ण दायित्व है।उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से स्वयं मतदान करने के साथ-साथ आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान में निहित मूल्यों का पालन करने, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देने तथा लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर थाना परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने पुलिस बल के भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया।

# जलभराव बना जनाजे की राह में बाधा, ट्रैक्टर-ट्रॉली में ले जाना पड़ा शव

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)



कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर लंबे समय से बने जलभराव ने शनिवार को प्रशासनिक लापरवाही की तस्वीर फिर उजागर कर दी। जलभराव के कारण एक महिला के जनाजे को परिजन और मोहल्लेवासियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर कब्रिस्तान तक ले जाना पड़ा।सलेमपुर मार्ग निवासी 60 वर्षीय मुनिजा पत्नी रफीक का शनिवार सुबह अचानक निधन हो गया। मौत की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों व मोहल्ले के सैकड़ों लोग उनके आवास पर एकत्र हो गए। दोपहर में जब परिजन जनाजे को लेकर कब्रिस्तान के लिए रवाना हुए तो सड़क पर भारी जलभराव मिला, जिससे रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया।सड़क पर जलभराव देखकर मोहल्लेवासियों में रोष फैल गया। मजबूरी में जनाजे की चारपाई को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर पानी से भरे मार्ग से होते हुए कब्रिस्तान ले जाया गया, जहां शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।मोहल्ले के हाशिम, इकराम, मेहताब, वाजिद ,शाहरुख, आजम सहित अन्य लोगों का कहना है कि जलभराव की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है। यहां तक कि ब्लॉक परिसर में धरना भी दिया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। जलभराव के कारण रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं प्रशासन की उदासीनता से लोगों में गहरा आक्रोश है। विकास खंड अधिकारी गोपाल यादव का कहना है कि, जल भराव की समस्या उनके संज्ञान में नहीं हुई है उनकी अभी तैनाती हुई है जल्दी जानकारी कर समस्या का निस्तारण कराया जाएग।

# पुलिस ने शराब तस्कर को दबोचा, 10 लीटर बरामद

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान शराब तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।




आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।एसपी के निर्देश पर गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस टीम के साथ जिडाना नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को एक युवक हाथों में संदिग्ध वस्तु लिए दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे पकड़ लिया।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम शहजाद निवासी मोहल्ला गुजरान, कस्बा कांधला बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में भव्य दीक्षांत समारोह, डिप्लोमा पाकर छात्रों के खिले चेहरे

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

विकासखंड क्षेत्र के जसाला स्थित एमएमआईटी राजकीय पॉलिटेक्निक में दीक्षांत डिप्लोमा वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में संस्थान से डिप्लोमा पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री



माननीय वीरेंद्र चौधरी तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। उन्होंने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा की अहम भूमिका है। डिप्लोमा प्राप्त छात्र अपने कौशल, परिश्रम और नवाचार के माध्यम से न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित लोगों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।इस दौरान प्रधानाचार्य नवीन कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण




शामली। शहर के सैंट आरसी स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष रूप से जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविन्द संगल ने कहा कि बेटी कुदरत का अनमोल उपहार है, उसे जीने और आगे बढ़ने का पूरा अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के सपनों को साकार करने के लिए समाज को उन्हें प्रोत्साहित करना होगा तथा लैंगिक भेदभाव को समाप्त कर सकारात्मक सोच विकसित करनी होगी। डीईओ मोहम्मद कासिफ ने कहा कि जहां समानता होती है, वहीं वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली लैंगिक असमानता को समाप्त कर बेटों और बेटियों को समान अधिकार दिए जाने चाहिए। उन्होंने भ्रूण लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या को गंभीर कानूनी अपराध बताते हुए कहा कि इसमें कारावास और जुमार्ने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यदि बेटियां नहीं होंगी तो माताएं कहां से आएंगी, इसलिए बेटियां हमारी समाज की आधार शिला हैं। कार्यक्रम में एसीएमओ मोहम्मद जाहिद अली ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वे परिवार और समाज की नींव होती हैं तथा वंश परंपरा को आगे बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल, राजनीति और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत व लगन से सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं। प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर सकारात्मक सोच विकसित करना है, ताकि बालिकाओं को समान महत्व और सम्मान मिल सके।

# ग्राम पंचायत सचिव का सहायक कार्यालय पर ताला लगाकर फरार

## ---निजी कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर करने का आरोप, जांच की मांग

समाज जागरण कांधला।



ग्राम गंगेरू के पंचायत सचिव अनिल कुमार पर सरकारी आदेशों की अनदेखी कर निजी कर्मचारी से पंचायत कार्य कराने का गंभीर आरोप लगा है। मामला सामने आने के बाद ब्लॉक कार्यालय कॉलोनी स्थित पंचायत सचिवालय पर तैनात निजी सहायक पंकज कुमार कार्यालय पर ताला लगाकर फरार हो गया।आरोप है कि पंचायत सचिव की गैरमौजूदगी में निजी कर्मचारी न केवल सचिव की कुर्सी पर बैठकर कार्य कर रहा था, बल्कि उनके हस्ताक्षर कर सरकारी दस्तावेज भी जारी कर रहा था। गंगेरू निवासी इस्तखार पुत्र मोहम्मद यूनुस ने बताया कि परिवार रजिस्टर बनवाने के लिए संपर्क करने पर पंचायत सचिव ने उसे कार्यालय जाकर सहायक से मिलने और हस्ताक्षर कराने को कहा।पीड़ित का आरोप है कि निजी सहायक ने पंचायत सचिव के फर्जी हस्ताक्षर कर परिवार रजिस्टर की नकल जारी की। मामले से जुड़े फोटो और कॉल रिकॉर्डिंग भी होने की बात कही जा रही है। शनिवार को सहायक के फरार होने से परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने आए ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्यालय पर ताला लटका होने के कारण कई लोगों ने जिलाधिकारी को ट्वीट कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं पंचायत सचिव अनिल कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। विकासखंड अधिकारी गोपाल यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, जांच टीम गठित कर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

समाज जागरण



शामली। श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रति योगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने मतदान के महत्व को दशार्ते हुए आकर्षक व संदेशपरक पोस्टर तैयार किए। पोस्टरों का अवलोकन करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि पोस्टर व स्लोगन मतदाताओं को जागरूक करने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आज मतदाता पहले से अधिक जागरूक है, फिर भी निरंतर जागरूकता आवश्यक है। प्रतियोगिता में निधि शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रतिष्ठा द्वितीय स्थान पर रहीं। पलक एवं आशुतोष पांडे तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में घनश्याम सारस्वत, उमा रानी एवं संजना गर्ग शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान फूल कुमार, राहुल सिंघल, सचिन संगल, साकेत निर्वाल, सुमन शर्मा, ज्योति तायल, पूनम देवी, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा उपस्थित रहे।

# कैराना के लाल को मिला गणतंत्र दिवस पर सम्मान

## -- मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस जवान को मेडल देकर किया गौरवान्वित

समाज जागरण
शामली कैराना।(फुरकान जंग)





कोतवाली क्षेत्र के गांव बराला निवासी उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान ने अपने सराहनीय कार्यों से न केवल अपने गांव बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें उत्कृष्ट पुलिस सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए मेडल देकर सम्मानित किया।गांव बराला निवासी किसान पुत्र इसरान चौधरी ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी। पुलिस सेवा में आने के बाद उन्होंने लगातार कई वर्षों तक अमरोहा जनपद में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों की सेवा में भी अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा भी सम्मानित किया गया था।बीते दिनों आरक्षी इसरान चौधरी को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के अंतर्गत प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ मेले में तैनाती मिली थी। महाकुंभ मेले के दौरान उन्होंने दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं और भक्तों की सेवा करते हुए अनुकरणीय कार्य किया। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और जन सेवा के प्रति उनकी ईमानदारी व समर्पण को देखते हुए राज्य सरकार ने उन्हें विशेष सम्मान के लिए चयनित किया।महाकुंभ मेले में उत्कृष्ट सेवा देने के उपरांत गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरक्षी इसरान चौधरी को महाकुंभ सेवा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस सम्मान की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव बराला में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और उन्हें गांव का गौरव बताया।वर्तमान समय में आरक्षी इसरान चौधरी जनपद बिजनौर में तैनात हैं और पूरी निष्ठा के साथ अपनी पुलिस सेवा निभा रहे हैं। उनका यह सम्मान युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है और यह साबित करता है कि मेहनत और ईमानदारी से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

# धूमधाम के साथ मनाया गया प्रदेश स्थापना दिवस

समाज जागरण



शामली। शहर के आरके पीजी कॉलेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कल्चरल कमेटी द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर लोकेश मलिक ने किया। बताया कि प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापना दिवस की थीम विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश निर्धारित की गई है, जो प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा को दशार्ती है। भाषण प्रतियोगिता में महिला वर्ग में वंशिका ने प्रथम, प्रियाक्षी ने द्वितीय तथा रिया सौरान एवं प्रिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में समीर प्रथम, अरुण चौहान द्वितीय तथा हर्षित तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ कुमार पाण्डेय, डॉ. रानी मिश्रा, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. चंद्र बलि पटेल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. दीपक तोमर उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं के आरोप

समाज जागरण




शामली।(फुरकान जंग) प्रदेश में चल रही विशेष पुनरीक्षण (एस आईआर) प्रक्रिया के प्रथम चरण के बाद 6 जनवरी को प्रकाशित प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जनपद शामली को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र राघव एवं जिला अध्यक्ष अखलाक प्रधान ने ज्ञापन में बताया कि मतदाता सूची में कई स्थानों पर बिना मकान संख्या के बड़ी संख्या में मतदाताओं का पंजीकरण दशार्या गया है, जो निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। ज्ञापन के अनुसार शाह विलायत-3 (थाना भवन) में मकान संख्या 100 पर 42 मतदाता दर्ज पाए गए हैं, जिनमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार मकान संख्या 117, 121, 128, 131, 134 और 137 पर भी इसी तरह की अनियमितताएं पाई गई हैं। कंधला के मोहल्ला खैल कलां में मकान संख्या 8/8/75 पर 600 से अधिक मतदाता दर्ज होने का आरोप लगाया गया है।इसके अलावा थाना भवन विधानसभा क्षेत्र के सोहजनी उमरपुर गांव में कई पृष्ठों पर बिना मकान संख्या के मतदाता दर्ज किए गए हैं। सोहजनी उमरपुर-1 के पृष्ठ संख्या एक पर 23 मतदाता मकान संख्या शून्य पर दर्ज पाए गए हैं। वार्ड हकीमान (मुजाबरान, वकीलगढ़) तथा शाह विलायत उत्तरी वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में भी मकान संख्या शून्य पर कई मतदाताओं के नाम दर्ज होने की बात कही गई है। हरड़फतेहपुर-3 में भी मकान संख्या शून्य पर मतदाताओं का पंजीकरण होने तथा मकान संख्या 540 पर विभिन्न जातियों के 48 मतदाता दर्ज होने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में इस प्रकार की त्रुटियां गंभीर हैं और यदि समय रहते इनका सुधार नहीं किया गया तो निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मामले की जांच कराकर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने और मतदाता सूची में शीघ्र सुधार कराने की मांग की है।

# हाई रिस्क प्रेगनेंसी डे का आयोजन, दर्जनों गर्भवती महिलाओं की जांच

समाज जागरण



शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को सीएससी शामली पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी डे का आयोजन किया गया। इस दौरान 30 से अधिक उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच कर उनका उपचार किया गया। नवनियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. विजेंद्र कुमार द्वारा सभी महिलाओं की विस्तार से जांच की गई। डा. विजेंद्र कुमार ने गर्भावस्था से संबंधित सभी आवश्यक जांचें करते हुए महिलाओं को हाई रिस्क प्रेगनेंसी में होने वाली जटिलताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इस पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी वह होती है, जिसमें गर्भवती महिला किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होती है, जैसे शुगर, उच्च रक्तचाप, थायराइड , लीवर एवं हृदय रोग, खून की कमी, संक्रमण, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी आदि। ऐसी गर्भावस्थाओं में नियमित जांच और विशेषज्ञ देखरेख अत्यंत आवश्यक होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं एवं अन्य महिलाएं, जो गर्भाशय की गांठ, अंडाशय की गांठ या संक्रमण जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं, वे सीएचसी में अनुभवी चिकित्सक की देखरेख में अपना उपचार कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही सभी स्वास्थ्य सुविधाएं सीए ससी पर निशुल्क उपलब्ध हैं।

# भारत रत्न स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

समाज जागरण



शामली। समाजवादी नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्य क्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि भारत रत्न कपूर्री ठाकुर ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी। उन्होंने स्कूलों के पाठ्यक्रम से अंग्रेजी हटाने का निर्णय लिया तथा अति पिछड़े, पिछड़े वर्ग और महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा। उनका पूरा जीवन शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र वालिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही युवाओं, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के सपनों को साकार किया जा सकता है। वहीं समाजवादी अनुसूचित सभा के जिलाध्यक्ष सलेकचंद ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति के युवाओं को आरक्षण का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें निराशा बढ़ रही है। कार्यक्रम में विश्वजीत पंवार, चौधरी योगराज सिंह, सुधीर कश्यप, चौधरी ओम सिंह, पवन कुमार, मास्टर सतीश एवं नमित पंवार मौजूद रहे।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, महिला समेत सात घायल

समाज जागरण कैराना।

कस्बे के मोहल्ला रेतेवाला में शनिवार सुबह मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। संघर्ष में एक महिला सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मोहल्ला रेतेवाला में अहसान पक्ष और मेहरबान पक्ष के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों ओर से जमकर मारपीट होने से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।संघर्ष में एक पक्ष के अहसान, नसीबूदीन और शादाब तथा दूसरे पक्ष के मुनव्वर, इकबाल, मेहरबान और आसमा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि दोनों पक्षों की मोहल्ले में परचून की दुकानें हैं। दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। पुलिस को तहरीर प्राप्त हो गई है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**समाज जागरण बागपत।**




कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज गणतंत्र दिवस बड़े हर्ष और उल्लास से मनाया गया। यह भारत का प्रमुख राष्ट्रीय पर्व हैं। 26 जनवरी 1950 में संविधान लागू होने और भारत के गणराज्य बनने की खुशी में हमारे देश में गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के छात्र, छात्राओं और शिक्षिकाओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत होकर कार्यकर्मों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्रबंधक नरेश शर्मा ने ध्वजारोहण करके की। इसके बाद विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता और देश भक्ति का संदेश देते हुए देश भक्ति के नारे लगाए और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। स्कूल के परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत , नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथाओं को याद किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों और शिक्षिको ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राष्ट्रीय पर्व को यादगार बनाया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य कोमल शर्मा ने बच्चों को बताया कि 26 जनवरी क्यों मनाई जाती है ? क्योंकि इस दिन स्वतंत्र गणराज्य बनने के लिए भारतीय संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाया था । लेकिन इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। तब से हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने विभिन्न गानों पर नृत्य पेश किया जिनमें से आज दिल पर हाथ रख के , मेड इन इंडिया , चक दे इंडिया , सूरज पर करें हम सवारी , वंदे मातरम , जलवा जलवा अत्यधिक पसंद किए गए। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में अलीना, रूहान, शोविक, आरुष, राघव, निकुंज, लवीपाल, लविश पाल, गीताशी, इनाया, काव्या, भूमि, दिव्यांशी, जिया, आयात, हर्षिका, सृष्टि, शगुन, आरव , फैज, जैद , शिवांश आदि छात्र व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# दहेज उत्पीड़न का आरोपी पति, सास और देवर 28 साल बाद दोषमुक्त

**समाज जागरण बागपत।**

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगत सिंह की अदालत ने दहेज उत्पीड़न के मामले में शहर कोतवाली के माता कॉलोनी निवासी अलीहसन उर्फ मंगते, निशा पत्नी बसीर और इरफान को दोष मुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष न्यायालय के समक्ष अपराध को साबित नहीं कर पाया। 1997 को एक स्थानीय महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। उसने बताया था कि शादी के बाद से पति का व्यवहार खराब था।

वह उन्हें मारता-पीटता था। उनके और परिवारजनों के साथ गाली-गलौज करता था। सास, ससुर, पति और देवर ने मारपीट कर दहेज की मांग की। दहेज में 5 हजार रुपए और एक टीवी की मांग की थी। मुकदमा पति अलिहसन, ससुर बसीर, सांस निशा, देवर इरफान चारों के खिलाफ दाखिल किया गया था। न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन के दौरान बसीर ससुर की मृत्यु हो गई थी। साक्ष्यों का आधार पर तीन के खिलाफ मुकदमा चला जिसमें दहेज का कोई मांग सामने नहीं आया है। अभियोजन पक्ष न्यायालय के समक्ष अपराध को साबित नहीं कर पाया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगत सिंह ने संदेह लाभ देते हुए तीनो आरोपियो को दोषमुक्त कर दिया।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर बागपत में अलर्ट निवाड़ा चौकी पर चला सघन चेकिंग अभियान

**समाज जागरण**

बागपत। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर बागपत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में बागपत कोतवाली पुलिस ने निवाड़ा पुलिस चौकी पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत हरियाणा की ओर से आने वाले वाहनों को रोककर गहन तलाशी ली गई और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। चेकिंग के दौरान दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिसकर्मियों ने वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आवश यक दस्तावेजों की पड़ताल की। इसके साथ ही वाहनों में बैठे लोगों से पूछताछ कर उनकी पहचान सुनिश्चित की गई। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, संदिग्ध सामान और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने सख्ती बरती। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी अवैध गतिविधि, असामाजिक तत्वों की आवाजाही और सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश को रोकने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण हरियाणा से आने-जाने वाले मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सहयोग करें, अपने दस्तावेज पूरे रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा और आने-जाने वाले वाहनों की लगातार निगरानी की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गणतंत्र दिवस तक इस तरह के चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और लोग निर्भय होकर राष्ट्रीय पर्व मना सकें।

# एसआईआर प्रक्रिया पूरी न करने वाले 17,334 मतदाताओं को नोटिस

**समाज जागरण कैराना।**



स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस आईआर) प्रक्रिया पूर्ण न करने वाले मतदाता अब अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष उपस्थित हो रहे हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर फॉर्म न भरने अथवा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न कराने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विगत वर्ष नवंबर माह से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस आईआर) की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, जिसकी समय-सीमा कई बार बढ़ाई जा चुकी है। आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि छह फरवरी निर्धारित की है। इस तिथि तक मतदाताओं के दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।आयोग के निदेर्शानुसार ऐसे मतदाताओं को नोटिस निर्गत किए गए हैं, जिन्होंने एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है या फॉर्म के साथ आवश्यक व अनिवार्य दस्तावेज संलग्न नहीं किए हैं। कैराना विधान सभा क्षेत्र में कुल 17,334 मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण न करने के कारण नोटिस जारी किए गए हैं, जो विधानसभा के कुल मतदाताओं का 5.31 प्रतिशत है।नोटिसों की सुनवाई के लिए तहसील क्षेत्र में कुल 11 निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें एक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं दस सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) शामिल हैं। एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नियुक्त किया गया है, जबकि तहसीलदार अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार सतीश यादव, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह, बीडीओ बृजेश गुप्ता समेत दस अधिकारियों को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एई आर ओ) के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस संबंध में एसडीएम कैराना एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निधि भारद्वाज ने बताया कि एस आईआर फॉर्म न भरने अथवा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न कराने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिसों के निस्तारण हेतु प्रतिदिन सुनवाई की जा रही है और प्राप्त मामलों का नियमानुसार निस्तारण किया जा रहा है।

# भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं- मा0 प्रभारी मंत्री

## वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग से पकरी संपर्क मार्ग का हुआ भव्य शिलान्यास

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं के क्रम में आज वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग से पकरी संपर्क मार्ग (न्यू कॉलोनी) तक बनने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास और पूजन मा0 प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय प्रभारी मंत्री जी ने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शिलान्यास के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री जी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा, सड़क की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि जनता के पैसे का सदुपयोग हो और सड़कें टिकाऊ बनें। जीरो टॉलरेंस नीति का पालन हो, मा0 प्रभारी मंत्री जी ने मुख्यमंत्री के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि विकास कार्यों में जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है। यदि निर्माण सामग्री या कार्य की गुणवत्ता में कोई धांधली पाई गई, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़कों का जाल बिछाना सरकार की प्राथमिकता है ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी सुगम आवागमन की सुविधा मिले। इस अवसर पर मा0 विधायक सदर भूपेश चैबे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नन्दलाल गुप्ता उपस्थित रहें। यह सड़क 63 किलोमीटर है, जो मेन रोड से न्यू कॉलोनी तक इस संपर्क मार्ग की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसके निर्माण से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को जर्जर रास्ते से मुक्ति मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे, जिन्होंने इस सौगात के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

# बसन्त पंचमी पर रेड क्रॉस समिति बागपत ने प्रभुजनों को बांटे कंबल

**समाज जागरण बागपत।**



बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस समिति जनपद बागपत की ओर से मानव सेवा आश्रम अमीनगर सराय में प्रभुजनों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में असहाय एवं जरूरतमंद प्रभुजनों को राहत पहुँचाना तथा समाज में सेवा, करुणा और मानवता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर सभापति पंकज गुप्ता ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस समिति जनपद बागपत सदैव मानव सेवा के लिए समर्पित रही है। बसन्त पंचमी जैसे पावन पर्व पर प्रभुजनों को कंबल वितरण कर रेडक्रॉस समिति न केवल ठंड से राहत पहुँचा रही है, बल्कि समाज में करुणा, संवेदना और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी रेड क्रॉस समिति द्वारा ऐसे जन कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कंबल पाकर प्रभुजनों के चेहरों पर संतोष और मुस्कान देखने को मिली। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मानव सेवा आश्रम के सेवाभावी कार्यकताओं का भी सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में उप-सभापति हंसराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ मयंक गोयल, अमन गोयल, ईश्वर दयाल अग्रवाल, मैनेजर अमित एवं दिनेश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जन औषधि केंद्र का नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी तोमर ने फीता काटकर शुभारंभ किया

**समाज जागरण**



बड़ौत। नगर में शनिवार को नगर के दिल्ली-सहारनपुर रोड बस स्टैंड बड़ौत पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधि-विधान के साथ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जन औषधि केंद्र के डायरेक्टर आर्यन कुमार ने बताया की बड़ौत क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित बस स्टैंड परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ है। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ौत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी तोमर ने फीता काटकर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के डायरेक्टर आर्यन कुमार के नेतृत्व में पूरे विधि-विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी तोमर ने कहा कि यह केंद्र गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित होगा और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर मजबूती देगा। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# खट्टा प्रहलादपुर में लगा निशुल्क दंत शिविर:अहिंसा सेवा ट्रस्ट और डीजे हॉस्पिटल ने किया आयोजन, सैकड़ों मरीज लाभान्वित

**समाज जागरण**




बागपत। खट्टा प्रहलादपुर गांव में शनिवार को अहिंसा सेवा ट्रस्ट और रेखा मेडिकल स्टोर के तत्वावधान में डीजे हॉस्पिटल मोदीनगर द्वारा एक निशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशुतोष गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। जांच के दौरान अधिकांश मरीजों में पायरिया और फ्लोरोसिस जैसी बीमारियां पाई गई। शिविर में मरीजों के दांतों की जांच के साथ-साथ उनकी सफाई भी की गई। शिविर में मौजूद वरिष्ठ डॉक्टर भूमिका ने बताया कि दांतों के रोगों के लिए समय पर इलाज और उचित खान-पान का ध्यान रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन ने लोगों से फास्ट फूड से परहेज करने की अपील की। वहीं, डॉक्टर रक्षा राय ने मरीजों को हर छह महीने में अपने दांतों की नियमित जांच कराने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉक्टर मोहित त्यागी, तरुण जिंदल, मानशी, वंशिका और रोहित कमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शाखा का चुनाव संपन्न

**समाज जागरण**

बड़ौत। शनिवार को दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव। चुनाव अधिकारी ओमवीर सिंह की देखभाल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ओमवीर सिंह ने चुनाव की घोषणा की। उन्होंने बताया की अध्यक्ष पद पर शाहपुर बडौली निवासी चौधरी रामवीर सिंह विजय घोषित किए गए। महामंत्री पद पर राकेश विश्वकर्मा निर्विरोध घोषित हुए। उपाध्यक्ष पद



पर प्रवेश पवार निर्विरोध घोषित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर कृष्णपाल सिंह चौहान चुनाव जीत गए। अध्यक्ष पद पर चौधरी रामवीर सिंह को 25 मत मिले जबकि सुरेश पाल तोमर को 14 मतों पर संतोष करना पड़ा। पुलिस प्रशासन की देखभाल में दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शाखा का चुनाव संपन्न हुआ। इस मौके पर अमित वशिष्ट एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी, देशपाल सिंह, पूनिया, बंटी शर्मा, विनोद मान, हरिओम शर्मा, दस्तावेज लेखक ओंकार सिंह, बाबूराम शर्मा, पंकज सक्सेना, लालबहार पवार, अमर वशिष्ठ, हर्ष दुहूण, अशोक अरोड़ा, अश्वनी शर्मा के अलावा काफी संख्या में दस्तावेज लेखक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गुर्मा जेल अधीक्षक को गणतंत्र दिवस पर डीजी लखनऊ करेंगे प्रशस्ति पत्र ३हीरक३ से सम्मानित

कारगार विभाग में उत्कृष्ट योगदान हेतु "रजत पदक" गणतंत्र दिवस २०२० में तथा "स्वर्ण पदक" स्वतन्त्रता दिवस २०२३ में हो चुका है प्राप्त हर्ष व्यक्त कर हार्दिक बधाइयां देते हुए व्यक्ति की शुभकामनाएं

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। गुरमा स्थित जिला कारागार सोनभद्र के जेल अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र को आगामी लखनऊ में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में डी.जी. जेल पी.सी. मीणा द्वारा प्रशस्ति चिन्ह "हीरक" से सम्मानित



किया जाएगा। श्री मिश्र सोनभद्र जेल पर जुलाई २५ से तैनात हैं तथा उनके द्वारा जेल की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ बनाये जाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है । कारगार की भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत उन्होंने दूर दराज से आने वाले कैदियों के परिजनों के लिए मुलाकात प्रार्थना पत्र देने के समय में एक घंटे का विस्तार किया है ।बंदियों के खान-पान तथा चिकित्सा सुविधा को भी पहले से बेहतर किया गया और सम्पूर्ण कारगार की साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। इसके पूर्व श्री मिश्र को उनके कारगार विभाग में उत्कृष्ट योगदान हेतु रजत पदक गणतंत्र दिवस २०२० में तथा स्वर्ण पदक स्वतन्त्रता दिवस २०२३ में प्राप्त हो चुका है ।जिला कारागार अधीक्षक को डी जी जेल पी.सी. मीणा व्दारा प्रशस्ति चिन्ह" हीरक" से सम्मानित होने को लेकर जेल परिसर में हर्ष की लहर की लहर दौड़ गयी है। उन्हें हार्दिक बधाइयां ज्ञापित करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# सोनभद्र विंध्य की पहाड़ियाँ और सोनांचल की माटी प्रदेश की असली शान- रविंद्र जायसवाल

**कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन, प्रभारी मंत्री ने गिनाईं सोनभद्र की विशेषताएँ करमा नृत्य, शैला नृत्य व देशभक्ति गीतों की, की गयी सुन्दर प्रस्तुति**

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के कलेक्ट्रेट परिसर में आज उत्तर प्रदेश दिवस को गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सोनभद्र की प्राकृतिक सुंदरता और इसके भौगोलिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे प्रदेश का सबसे अनमोल जिला बताया। विंध्य पर्वत और गंगा का सानिध्य हमारी पहचान है, जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमें गर्व के साथ कहना चाहिए कि हम सोनभद्र के निवासी हैं। राष्ट्रगान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, विंध्य हिमाचल यमुना गंगा... यानी देश की गाथा में विंध्य का नाम स्वर्ण अक्षरों में है। जहाँ विंध्य पर्वत की चोटियाँ हों और माँ गंगा का आशीर्वाद हो, वह हमारा सोनभद्र है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तराखंड के अलग होने के बाद भी उत्तर प्रदेश के पास जो पर्वतीय वैभव बचा है, वह सोनभद्र और मिजार्पुर की पहचान है, यह सोनांचल जिला उत्तर प्रदेश की शान है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है, उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म होने पर कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित किया जाता है, उसके बाद शिक्षा ग्रहण करने के दौरान उन्हें छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध होती है, उसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से विवाह भी कराया जाता है, जिसमें प्रति जोड़ों पर 1 लाख रुपए सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं, उन्होंने कहा कि प्राईवेट नौकरियों के माध्यम से 2 करोड़ नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराये गये हैं और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु 5 लाख रुपए तक ऋण सुविधा सब्सिडी के साथ उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास, प्रधान मंत्री आवास, निराश्रित महिला पेंशन योजना के माध्यम से लाभा र्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत देश विश्व के पटल पर चैथे अर्थव्यवस्था बन गया है, उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए आज यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाये गये हैं, उन्होंने कहा कि अर्जून के पेड़ पर किट के माध्यम से रेशम के टसर बनाने का कार्य जनपद सोनभद्र में किया जा रहा है, रेशम के टसर का प्रयोग यदि सेल्फ के रूप में हुआ तो, जनपद सोनभद्र में रेशम के माध्यम से भी लोगों को आय में बेहतर वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आकांक्षीय जनपदों की जो देश में श्रेणी बनी है, जिसमें 112 जनपद सम्मिलित है, उसमें से जनपद सोनभद्र विकास के मामले में जनपद सोनभद्र देश में चौथे स्थान पर है, शीघ्र ही यह जनपद आकांशीय जनपदों की श्रेणी से बाहर होगा। इस जनपद में इन्वेस्टर्स द्वारा भारी संख्या में इन्वेस्ट कर उद्योग लगाकर लोगों को रोजगार से जोड़ने का भी कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मा0 प्रभारी मंत्री ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किये, इस दौरान मा0 प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से जनमानस प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना ओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान जनपद के स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा करमा नृत्य, शैला नृत्य व देशभक्ति गीतों की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। स्थापना दिवस के अवसर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पिटारा खुला, मा0 प्रभारी मंत्री, मा0 विधायक सदर श्री भूपेश चौबे, मा0 विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को उनके घरों की चाबियाँ सौंपी। ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चेक प्रदान किए। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु ट्राई-साइकिल का वितरण किया। मत्स्य विभाग की ओर से मछुआरों को आइस-किट युक्त मोटरसाइकिलें दीं, ताकि वे अपने उत्पाद को सुरक्षित बाजार तक पहुँचा सकें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद राम सकल ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान मा0 प्रभारी मंत्री जी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किये तथा विभिन्न उत्पादों की खरीद भी किये और बनाये गये विभिन्न व्यंजनों का स्वाद भी चखें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# सोनभद्र के सभी तहसीलों में राष्ट्रीय बालिका दिवस की रही धूम

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ज़िला विधिक सेवा प्राधि करण सोनभद्र के परा विधिक स्वयं सेवकों का प्रयास सराहनीय, निर्दिष्ट बिन्दुओं पर पूरे जनपद में बालि काओं के बीच जलाई। विधिक जागरूकता की अलख, राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार 24 जनवरी 2026 जनपद के विभिन्न तहसीलों में तैनात पराविधिक स्वयंसेवकों ने जहां अपने अपने तहसीलों बालिकाओं के कल्याणार्थ विभिन्न विद्यालयों में जाकर विधिक साक्षरता और जागरू कता की अलख जगाई वहीं चीफ एलडीसी, डिप्टी चीफ एलडीसी भी पीछे नहीं रहे। ओबरा में तैनात परा विधिक स्वयं सेवक कमाल अहमद ने आर्य विद्या मंदिर ओबरा में विधिक जागरूकता की अलख जगाते हुएः राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी 2026 के उपलक्ष्य में आर्य विद्या मंदिर में लगभग 200 शिक्षार्थी बालिकाएं और महिला अध्यापिकाओं को लिंग परीक्षण, लिंग चयन अपराध, बाल विवाह अपराध, उससे हानि, कुपोषण, मानसिक और शारीरिक कुपोषण, तनाव, डिप्रेशन के प्रति जहां जागरूक किया वहीं मासिक पीरियड, सम्बन्धित साफ सफाई, गर्व भाव रखने और नर नारी की प्राकृतिक संरचना, गन्दगी से दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। साथ ही सोदाहरण बालिकाओं में आत्म विश्वास पैदा किया। श्री अहमद ने जहां पौष्टिक भोजन आदि से लाभ बताए वहीं महिला एवं अन्य हेल्पलाइन के नम्बर बताते हुए लैंगिक असमानता का दुष्परिणाम और लिंगानुपात की जानकारी समेत नारी और मां की महिमा भु सोदाहरण समझाया। निर्दिष्ट आशा योजना की जानकारी के अलावा बैड टच, यौन हिंसा, स्कूल से लेकर कार्यस्थल तक सचेत रहने व शिकायत के प्रति जागरूक किया। इतना ही नहीं सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा संचालित और देय आधिकारों, न्याय और सुविधाएं के प्रति जागरूक किया। इसी तरह तहसील ओबरा से निगार फरजाना ने भी बाल विद्या मंदिर ओबरा में 250 बालिकाओं को निर्धारित बिन्दुओं पर सामुदायिक भाव से जागरूक किया। इसके अलावा पराविधिक स्वंयम सेवकों में रंन्जू देवी ने प्राथमिक विद्यालय पुनर्वास क्षेत्र महुवरिया तहसील दुद्धी। सरिता लाहा द्वारा जयपुरिया स्कूल, रावर्टसगंज, प्रदीप मिश्रा द्वारा डी०पी० डी० पब्लिक स्कूल घोरावल, निर्मल कौर द्वारा अवधूत प्राथमिक विद्यालय चुर्क, अजय मिश्रा द्वार पी०एम० श्री राजकीय इण्टर कालेज घोरवल सोनभद्र में 1165 बालिकाओं को जागरूक किया गया। इसी तरह शमशेर बहादूर सिंह चीफ एल.ए.डी.सी. सोनभद्र एंव सत्यारमण त्रिपाठी डिप्टी चीफ एल.ए.डी.सी ने बालिकाओं को दृढ संकल्पित होकर राष्ट्र व समाज के लिए कठोर परिश्रम करने का वचन लिया। बलिकाओं को जीवन चर्चा से शारिरिक शक्ति बढ़ाने हेतु प्रेरणा दिया गया बच्चों को लैंगिग प्रतिषेध कानून, बाल विवाह प्रतिषेध, कानून दहेज प्रतिषेध कानून आदि जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए हुई फाइनल रिहर्सल, एडीसी ने ली मार्च पास्ट की सलामी

-77वें गणतंत्र दिवस समारोह का जिला व उपमंडल स्तर पर होगा भव्य आयोजन
-सिरसा में जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल होंगे मुख्यअतिथि



**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 24 जनवरी (सुरेश जोरासिया) 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का जिला व उपमंडल स्तर पर भव्य आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। इसी कडी में शनिवार को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह के लिए फाइनल रिहर्सल के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विरेंद्र सहरावत ने मार्च पास्ट की सलामी ली, वहीं पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने एडीसी के साथ परेड का निरीक्षण भी किया। सीटीएम अजय कुमार ने व्यवस्थाओं का बारिकी से जायजा लेते हुए पुख्ता प्रबंध के निर्देश दिए।

रिहर्सल कार्यक्रम में पुलिस सहित विभिन्न स्कूलों व एनसीसी की टुकडियों ने मार्च पास्ट किया, जिसका नेतृत्व एएसपी शिवम, आईपीएस ने किया। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपमंडल स्तर पर भी फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया।

कैबिनेट मंत्री फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में श्री विपुल गोयल, मंत्री राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा सरकार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इससे पहले लघुसचिवालय स्थित शहीद स्मारक व स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर शहीदों को नमन करेंगे। जिला व उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा जिला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों, संस्थाओं और अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। डबवाली में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में श्रीमती मोनिका, चेयरमैन जिला परिषद सोनीपत, ऐलनाबाद में प्रवीण पोपली मेयर हिसार तथा कालांवाली उपमंडल में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में सोनू सिहाग चेयरमैन जिला परिषद हिसार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

# गुरू प्रेमसुख महाराज की जन्म जयंती पर धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

कालांवाली 24 जनवरी (सुरेश जोरासिया) गांव कालांवाली में स्थित गुरू प्रेमसुख अस्पात में शुक्रवार गुरूदेव प्रेमसुख महाराज की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एकदिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैन संत अनुपम मुनि की देखरेख में आयोजित जिसमें जैन संत तप सिद्ध योगिनी उग्र तपस्विनी महासती श्री सुमित्र जी म सा, तप रत्नेश्वरी डॉ महासती श्री सुनीता जी म सा, तपस्विनी महासती श्री उषा जी म सा, शासन प्रभाविका महासती डॉ श्री सुप्रिया जी म सा आदि ठाने 7 के विशेष रूप में पहुंच कथा व प्रवचन किया इस मौके पर आंखों का निशुल्क चेकअप कैंप लगाया गया जिसमे 95 मरीजों ने आंखों के निशुल्क चेकअप कराया एस कार्यक्रम में श्रद्वालुओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. राज कुमार गर्ग ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और ध्वजारोहण की रस्म अदा की। इस मौके पर अरिहंत फाउंडेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व एसएस जैन सभा के प्रधान सन्दीप जैन, सुखराम फतेह वाले, माखनलाल जैन, राजकुमार सी ए ,कार्यक्रम दौरान जैन संत अमृत मुनि ने श्रद्वालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज घोर कलयुग का समय है। किसी के पास भी भगवान के नाम लेने के लिए समय नहीं है। लेकिन वे चाहते है कि कोई ऐसा गुरू मिल जाए, जो तंत्र-मंत्र दे दे और कुछ पल में सारे दुख कम कर दे। इसके लिए उन्हे न तो कोई कर्म करने पडे और न ही पूजा-पाठ करना पडे। लेकिन ऐसा कभी नहीं हो सकता। कोई भी इंसान आपके रुपए लेकर दुख दूर नहीं कर सकता। अगर भूख व प्यार आपको लगी है तो खाना व पीना आपको ही होगा। इंसान हो दुख-दर्द दूर करने के लिए खुद अच्छे कर्म करने होगें और भगवान के नाम का जाप करना होगा। सच्चे दिल से भगवान पर विश्वास कर जाप करने से इंसान की हर दुख-दर्द, चिंता, टैंशन दूर हो सकती है। इंसान को ऐसे ठोंगी लोगों से दूर रहना चाहिए जो कहते है कि उन्हे रुपए दे दो, वे उनके नाम की पूजा करके या माला करके आपके दुख दूर कर देगें। अंत में गुरू प्रेमसुख आदिनाथ भक्ति संघ ट्रस्ट की ओर से मुख्य मेहमानों को णमोकार महामंत्र, माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तरुण जैन --संजय शम्मी जैन कान्त जैन ववीता जैन अजय शर्मा, रतन जैन, प्रीति, दिया जैन, प्रवीण जैन, अनिल जैन, परसोत्तम जैन, संगीता जैन, दलवीर जैन, सतपाल जैन, अभी शामिल थे।



# जैतो में उपमंडल मैजिस्ट्रेट सूरज कुमार राष्ट्रीय झंडा फहराएंगे

**समाज जागरण**

जैतो,24 जनवरी( रघुनंदन पराशर ): उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस 2026 का सरकारी समारोह खेल स्टेडियम जैतो में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए तहसीलदार सुखविंदर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर उपमंडल मैजिस्ट्रेट सूरज कुमार पी.सी.एस. राष्ट्रीय झंडा फहराएंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर अन्य कार्यक्रमों के अतिरिक्त परेड निरीक्षण,मुख्य मेहमान का संदेश,परेड द्वारा राष्ट्रीय झंडा को सलामी व मार्च पास्ट,पी.टी.शो व बैंड, सभ्याचारक प्रोग्राम व सम्मान व ईनाम वितरण समारोह आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह के अंत में राष्ट्रीय गान होगा। मार्केट कमेटी के सचिव राजेंद्र सिंह, सीडीपीओ जैतो इकबाल सिंह व नगर कौंसिल के ई.ओ. मनिंदरपाल सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# फिरोजपुर मंडल में सी.पी.आर. प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,24 जनवरी :फिरोजपुर मंडल के मंडल चिकित्सालय में आज मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रंजना सहगल के मार्गदर्शन में परिचालन विभाग के कर्मचारियों के लिए सी.पी.आर. प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। मंडल चिकित्सालय में डॉ. कमल कुमार ने कर्मचारियों को सीपीआर देने



की सही तकनीक के बारे में जानकारियां दी। उन्हें बेसिक जानकारी तथा पुतलों पर डेमो देकर प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में 25 कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को आपात स्थिति में जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी देना था ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में समय रहते उचित सहायता प्रदान की जा सके।मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि मंडल के फ्रंटलाइन स्टाफ को सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा सम्बन्धी प्रशिक्षण देने का प्रयास जारी रहेगा ताकि किसी भी आकस्मिकता के दौरान रेलयात्रियों को प्राथमिक चिकित्सीय सहायता प्रदान की जा सके।

# पंजाब में प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला लोकतंत्र पर सीधा प्रहार, देशभर में होनी चाहिए निंदा - मंत्री अनिल विज

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चण्डीगढ, 24 जनवरी : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पत्रकारों की स्वतंत्रता अति आवश्यक है क्योंकि लोकतंत्र के चार स्तंभों (विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया/प्रैस) में से एक स्तंभ भी कमजोर होगा तो लोकतंत्र डगमगा जाएगा। श्री विज ने कहा कि स्वतंत्र लोकतंत्र तभी रह सकता है, जब पत्रकार अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन करें क्योंकि आज के युग में पत्रकार सीसीटीवी की तरह होने चाहिए और समाज की हर गतिविधि को सरकार तक पहुंचाने और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने हेतू एक सेतू की तरह कार्य करें। इसके अलावा, श्री विज ने कहा कि मीडिया जगत में कार्य करने वाले पत्रकारों को डिजीटल/तकनीक का भी सटीक रूप से प्रयोग करना चाहिए ताकि सच दुनिया को बताया जा सकें। श्री विज आज अंबाला के किंगफिशर पर्यटन स्थल मीडिया वैल बिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य-अतिथि उपस्थित पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मीडिया वैल बिंग एसोसिएशन की गतिविधियों एवं पत्रकारों के कल्याण हेतू 31 लाख रूपए की राशि अपने ऐच्छिक कोष से देने की घोषणा की।

**मीडिया समाज के दर्पण के रूप में अपना काम करता है- विज**

श्री विज ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण होता है तथा सरकार व जनता के बीच मीडिया एक मजबूत कड़ी होता है, जो जनता की आवाज को सरकार तक तथा सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में चार स्तंब होते है जिनमें विधायिका, कार्य पालिका, न्याय पालिका और मीडिया/प्रैस होती है तथा मीडिया/प्रैस का विधायिका, कार्य पालिका और न्यायपालिका पर नजर रखने का दायित्व मीडिया/प्रैस का होता है क्योकि मीडिया समाज के दर्पण के रूप में अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आपातकाल तक पत्रकारिता का मुख्य उदेश्य सामजिक दायित्व को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करना रहा है।

**आज की पत्रकारिता में डिजीटल क्रांति की गति ने नए पहिए लगा दिए- विज**

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि समय के अनुसार मीडिया जगत में आधुनिकता का संलग्न हुआ है और डिजीटल क्रांति ने मीडिया को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज की पत्रकारिता में डिजीटल क्रांति की गति ने नए पहिए लगा दिए हैं। आज हम डिजीटल क्रांति से जुडकर ब्रेकिंग न्यूज में जी रहे हैं और इंटरनेट और स्मार्टफोन ने पत्रकारिता को ड्राइंग रूम से निकालकर हर इंसान की हथेली में पहुंचा दिया है क्योंकि कही पर भी यदि कोई घटना होती है तो वह अब मोहल्ले या शहर में ना रहकर देश और विदेश में सैकेंडों लोगों तक पहुंच जाती है और यह सब डिजीटल क्रांति की देन है। श्री विज ने कहा कि समाज की हर गतिविधि पर फोक्स रखने के लिए मीडिया का दायित्व रहता है मीडिया को अपने दायित्व को बड़ी सहजता और सटीकता से निभाना होगा क्योंकि फेक न्यूज, पेड न्यूज और क्लिकबेट पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर सवाल खडे कर रहे हैं।

**पत्रकारों को नए तकनीक/आविष्कारों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा- विज**






श्री विज ने कहा कि उनका मानना है कि आज दुनिया में जो भी नए आविष्कार हो रहे हैं हमें उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा और नई तकनीक को सीखना होगा। उन्होने कहा कि आज यहां पत्रकारिता जगत में युवाओं को लाने पर बल दिया गया है लेकिन उनके अनुसार इस कार्य में ओर भी आवश्यकता है जिस प्रकार विभागों में कार्य की दक्षता बेहतर हो, उसके लिए प्रशिक्षण दिया जाता है, उसी प्रकार जर्नलिस्म के क्षेत्र में भी इसे करने की जरूरत है यानि जिनका जर्नलिस्म में तकनीक अपनाने के साथ-साथ अन्य अनुभव है उनके द्वारा नई तकनीक के बारे में पत्रकारों को जानकारी देना जरूरी है और ऐसा होने से पत्रकारिता ओर सशक्त होगी।

**पंजाब सरकार द्वारा प्रैस की स्वतंत्रता पर किए गए निदंनीय हमले, देशभर में हो निंदा- विज**

ऊर्जा मंत्री ने अखबार के बिना सरकार और सरकार के बिना अखबार के बारे बताते हुए कहा कि कई बार सरकारें भी अपने कर्त्तव्य से भटक जाती है जैसा कि हमने एमरजैंसी में देखा है। हाल ही में पंजाब में आप पार्टी की सरकार द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता पर जो प्रहार किया गया है सारे देश को उसकी निंदा करनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी मीडिया हाउस पर ऐसा प्रहार करने से पहले कईं बारे सोचे। उन्होंने कहा कि पंजाब की सरकार ने पत्रकारों के साथ जो खिलवाड़ किया है वह ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाएगी।

**पत्रकारों के हितों के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध- विज**

श्री विज ने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा में अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं जिसमें 15 हजार रूपए पैंशन देना, मान्यता प्राप्त पत्रकारों को 4000 किलोमीटर की निशुल्क बस यात्रा तथा एक्सीडैंट पोलिसी के तहत सहायता देना अन्य शामिल हैं। उन्होने ये भी कहा कि जिस प्रकार सरकार के पास विभागों के लिए बजट हेड होता है उसी प्रकार पत्रकारों के लिए अलग बजट हेड भी होना चाहिए।

**पत्रकारों की मांगों को पूरा करने के लिए बुलाई बैठक**

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज के समक्ष एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए हरियाणा रोडवेज की बसों में पहले की तरह दो सीटें आरक्षित होने, ग्रीन बसों में यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाने तथा वातानुकूलित बसों में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को स्वीकृति होने बारे मांग रखी गई। जिस पर मंत्री ने कहा कि यह तीनों मांगे उनके परिवहन विभाग से जुड़ी हैं। श्री विज ने आश्वासन देते हुए कहा कि इन तीनों मांगों पर उन्होने अपने विभाग के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित करने के आदेश दे दिए हैं और इन तीनों मांगो को विचार-विमर्श के बारे पूरा करने का काम किया जाएगा।

**पत्रकारों को दी पोलिसी व दिए पुरस्कार**

श्री विज ने इस मौके पर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों को एक्सीडैंट पोलिसी के तहत पोलिसी प्रमाण पत्र के साथ-साथ पत्रकारों को दिए जाने वाले उत्कृष्ट पुस्कार भी देकर प्रोत्साहित किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर श्री अनिल विज ने एसोसिएशन के पत्रकारों के साथ-साथ अन्य सभी पत्रकारो को कहा कि वह हमेशा उनके साथ खड़े हैं।

**बैंकिंग प्रणाली से जीवन हुआ सुगम**

बैंकिग प्रणाली से आज जीवन सुगम हो गया है। स्वयं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होने बैंक में नौकरी की है और जब वे बैंक में थे उनकी ब्रांच में 150 कर्मचारी होते थे। कम्पयूटर आने की जब बात हुई तो ऐसे लगा कि अब कर्मचारियों की संख्या कम हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं था। अगर अब देखें तो बैंकिग प्रणाली से जीवन सुगम हुआ है। घर बैठकर बिजली का बिल या अन्य बिलों का भुगतान किया जा सकता है। इस मौके पर मीडिया वैलविंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरनी व द ट्रिब्यून हिन्दी के संपादक नरेश कौशल ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। ऐसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरनी ने ऊर्जा मंत्री को अवगत करवाते हुए बताया कि यह एसोएिशन चार साल पहले गठित की गई थी। आज इस एसोसिएशन के सदस्य एवं पदाधिकारी उत्तर भारत, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मु एवं कश्मीर में भी हैं। लगभग 1280 पत्रकारों को एक्सीडैंट पोलिसी के तहत सहायता की गई है तथा 351 पत्रकारों के टर्म इंश्योरैंस के तहत पंजीकरण भी किया गया है। कार्यक्रम में नए पत्रकारों को जोडने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न तरह के पुरस्कारों से नवाजते हुए प्रोत्साहित भी किया गया है। द ट्रिब्यून के मुख्य संपादक नरेश कौशल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए पत्रकारों के लिए कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज को अभिभावक की संज्ञा दी। उन्होने इस मौके पर अपना पत्रकारिता से सम्बन्धित अनुभव भी सांझा किए।

इस अवसर पर मीडिया वैलविंग एसोएिशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरनी, प्रधान राजीव ऋषि, कोषाध्यक्ष्य तरूण कपूर, संगठन सचिव मेवा सिंह, नरेश उप्पल, सुरेन्द्र मेहता के साथ-साथ एसोसिएशन के अन्य सदस्यगण व प्रदेशभर से आए हुए पत्रकार उपस्थित रहे।

# सोनीपत में महामंत्रियों के साथ बैठक कर निकाय चुनाव पर चर्चा करते प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने नगर निकाय चुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़, 24 जनवरीः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नगर निकाय चुनाव के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की है। इस बाबत प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया द्वारा शुक्रवार को पत्र भी जारी किया गया है।



जारी पत्र के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पंचकूला नगर निगम चुनाव के लिए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और पूर्व मंत्री कंवर पाल गुर्जर को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। इसी तरह अंबाला नगर निगम चुनाव के लिए मंत्री रणबीर गंगवा और प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता को प्रभारी नियुक्त किया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि सोनीपत नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने मंत्री कृष्ण पंवार और जवाहर सैनी को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

अरविंद सैनी ने बताया कि पालिका और परिषद के चुनाव के लिए भी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने प्रभारियों की नियुक्ति की है। रेवाड़ी नगर परिषद चुनाव में मंत्री गौरव गौतम और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया को प्रभारी बनाया है। वहीं उकलाना नगर पालिका चुनाव के लिए मंत्री कृष्ण बेदी और प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य को प्रभारी नियुक्त किया है। सांपला नगरपालिका चुनाव के लिए मंत्री अरविंद शर्मा और रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मिकी को प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि धारूहेड़ा नगर पालिका चुनाव के लिए मंत्री राजेश नागर तथा जिला प्रभारी कमल यादव को प्रभारी नियुक्त किया है।

# भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम से सांसद ने दी टी20 वर्ल्ड कप जीत की बधाई

**दिल्ली, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)।**

राष्ट्रीय ध्वज प्रतिष्ठान भारत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री नवीण जिंदल ने भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम के सदस्यों से मुलाकात




की। इस अवसर पर उन्हें टी20 वर्ल्ड कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में सांसद श्री नवीण जिंदल, श्रीमती शालू जिंदल और विधायक एवं उद्योगपति श्रीमती सावित्री जिंदल के साथ आत्मीय भेंट हुई। उन्होंने खिलाड़ियों के साहस, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

राष्ट्रीय ध्वज प्रतिष्ठान भारत द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और तिरंगे का संदेश आम जनता तक पहुँचाने के प्रयासों की भी प्रशंसा की गई। इन प्रयासों के माध्यम से देशभर में राष्ट्रभावना को और मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी श्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि की।

यह आयोजन खेल और राष्ट्रभावना के प्रति नागरिकों की जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# हरियाणा में 31 जनवरी को गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी

**मुख्यमंत्री श्री @NayabSainiBJPमुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे**

**चंडीगढ़ / नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)।**

हरियाणा सरकार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती को पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ 31 जनवरी 2026 को गांव उमरी में राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाएगी।

मुख्यमंत्री श्री @NayabSainiBJP इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में गुरु रविदास जी के जीवन और उनके सामाजिक संदेश को जनता के समक्ष उजागर किया जाएगा।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री @NayabSainiBJP ने बताया कि यह समारोह न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि यह सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को भी फैलाएगा। उन्होंने कहा, "संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के आदर्श आज भी समाज के हर वर्ग के लिए मार्गदर्शन का स्रोत हैं। उनका जीवन समानता और मानवता का प्रतीक है।" यह कार्यक्रम प्रदेश के नागरिकों, समाज संगठनों और विशेषकर युवाओं को सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और एकजुटता के मूल्य सिखाने का अवसर प्रदान करेगा। समारोह में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भजन और सामाजिक संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा।

सरकार की ओर से आमजन से अपील की गई है कि वे इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुरु रविदास जी की शिक्षाओं और सामाजिक योगदान का सम्मान करें।

# महेंद्रगढ़ में मिजार्पुर-बाछौद हवाई पट्टी पर नए हैंगर और एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन का निर्माण

## स्वीकृत राशि लगभग 14 करोड़, क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मिलेगा मजबूतीपूर्ण सुधार

**महेंद्रगढ़, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)।**

महेंद्रगढ़ जिले के अटेली और नारनौल के बीच स्थित मिजार्पुर-बाछौद हवाई पट्टी पर नए हैंगर और एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने लगभग 14 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री सुश्री अर्थी सिंह राव ने इस परियोजना को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह परियोजना जिले के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करेगी और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के नागरिकों और हवाई परिवहन के लिए अत्यंत अहम है।

उन्होंने कहा, "जिला महेंद्रगढ़ के लिए यह एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इस प्रकार की परियोजनाएं न केवल क्षेत्र के विकास में योगदान देती हैं, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ाती हैं और हवाई पट्टी की क्षमता को आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाती हैं।"

परियोजना के पूरा होने के बाद हवाई पट्टी की सुरक्षा, संचालन और एयर ट्रैफिक कंट्रोल की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही यह कदम जिले में आपातकालीन हवाई सेवाओं और परिवहन नेटवर्क को और प्रभावी बनाएगा।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों को सशक्त बनाने का संदेश दिया

**चंडीगढ़ / नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नयाब सैनी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को बधाई दी और बेटियों के महत्व पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां हमारी संस्कृति, संस्कार और विकास की धुरी हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बेटियों को समान अवसर, बेहतर शिक्षा और आत्मविश्वास प्रदान किया जाए, ताकि वे उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

उन्होंने स्पष्ट किया, "सशक्त बेटी से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। हमें समाज के हर वर्ग में यह संदेश फैलाना होगा कि बेटियों को सम्मान, सुरक्षा और अवसर देना हमारा कर्तव्य है।"

# मुख्यमंत्री ने नागरिकों से बजट 2026-27 के लिए सुझाव मांगे

## जिन सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा, उनके हितधारकों को विधानसभा में विशेष आमंत्रण का वादा

**चंडीगढ़ / नोएडा, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री @NayabSainiBJPने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे बजट 2026-27 के निर्माण में अपने सुझाव भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों से प्राप्त सभी सुझावों को गंभीरता और प्राथमिकता के साथ बजट में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे अगले 8 से 10 दिनों के भीतर अपने अतिरिक्त सुझाव सरकार के चैटबॉट के माध्यम से भेजें, ताकि हरियाणा सरकार उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार कर सके।

मुख्यमंत्री ने कहा, "जिन हितधारकों के सुझाव बजट में शामिल किए जाएंगे, उन्हें विधानसभा में बजट भाषण सुनने के लिए विशेष आमंत्रण भेजा जाएगा। यह उन्हें बजट निर्माण की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष साक्षी बनने का अवसर देगा।"

मुख्यमंत्री का यह संदेश जनभागीदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को सरकार की नीतियों में सक्रिय रूप से शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार बजट तैयार करते समय आमजन की राय और सुझावों को महत्व देती है और इसे राज्य के विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में शामिल करती है।

सरकार के इस पहल से हरियाणा के नागरिक अपने सुझाव सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचा सकते हैं और राज्य के आर्थिक एवं विकासात्मक निर्णयों में हिस्सा ले सकते हैं।

# डीपीएस मथुरा रोड के वार्षिक खेल दिवस में उपसभापति ने दी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं

**दिल्ली, 24 जनवरी 2026 (समाज जागरण)।**

डीपीएस मथुरा रोड में आयोजित वार्षिक खेल दिवस में राज्यसभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह और खेल-क्रीड़ा के महत्व पर जोर दिया। माननीय उपसभापति ने कहा कि खेल और शिक्षा साथ-साथ चलें तो ही व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास संभव है। उन्होंने बताया कि कक्षा में प्राप्त ज्ञान अनुशासन, सोचने की क्षमता और समझ प्रदान करता है, जबकि खेल का मैदान विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष की ताकत विकसित करता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, "हमारे यंग चैंपियंस को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं। खेलिए, सीखिए और खूब आगे बढ़िए।"

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने खेल गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे कार्यक्रम की सफलता और भी सुनिश्चित हुई।

# समाजवादी पार्टी ने मनाई जन नायक की जन्म जयंती

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जिला कार्यालय पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की जन्म जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने की और संचालन लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष विनोद गौतम जयंती के बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह ने कहा कपूरी ठाकुर (24 जनवरी 1921 - 17 फरवरी 1988) भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक एवं राजनीतिज्ञ थे। वे बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री रहे। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता है। 23 जनवरी 2024 को उन्हें मरणो परान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया गया था। पूर्व विधायक अजीम भाई ने बोलते हुए कहा अंग्रेजी आप्शनल करने के कारण जब 1991 में उदारीकरण हुए और थोक भाव में प्राइवेट नौकरियां भारत में आई जिनमें अंग्रेजी की जरूरत थी, वहां बिहारी हमेशा के लिए पिछड़ गए और फिर धीरे-धीरे भारत की मजदूर फैक्ट्री बनकर रह गया बिहार। बिहार को देश की मजदूर फैक्ट्री बनाने में कपूरी ठाकुर का अतुलनीय योगदान है। जिला उपाध्यक्ष रघुराज सविता ने कहा से हमारे समाज में व्याप्त जातिप्रथा की सबसे घृणित परंपरा छुआछूत के कारण तिरस्कार, अपमान और मानवीय अधिकारों से वंचित जीवन जी रहे अछूतों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बयां किया है विचार गोष्ठी में मौजूद सर्वश्री थे! पूर्व एमएलसी डॉक्टर दिलीप यादव, विधायक डॉ मुकेश वर्मा, पूर्व विधायक रामवीर सिंह, विजय आर्य, जिला महासचिव मीना राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष रामसेवक यादव, मुकेश जाटव, टीटू प्रधान, सत्येंद्र जैन सोली, डॉ रुमा यादव, गुरचरण सिंह जाटव, विवेकानंद सविता, नरेश संखवार,रोहित दयाल,नंदवंशी विष्णु,सविता ,श्याम पाल सिंह, प्रधाना चार्य प्रदीप यादव गुड्डू, नीरज यादव, जिला प्रवक्ता शम्मी कपूर रवि जाटव, राजीव सविता, अनुज प्रताप सविता, जमुना कठेरिया,अनीता राजपूत ,संजय कुशवाहा, डॉ सुरेश चंद्र मानव,सुरेंद्र सविता जरार अहमद राजू, हनीफ खाकसर, सत्यम जाटव,माखनलाल सविता, सुनील कुमार जाटव, प्रदीप प्रजापति, नवीन कुमार राजपूत, मनोज शंखवार पार्षद, उमेश चंद्र यादव,अजय यादव, मनीष कुमार,रामदेव बघेल, आदि लोग मौजूद थे!

# एका में शिव मंदिर का 22वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**समाज जागरण,**




फिरोजाबाद! कस्बा एका के बाजार स्थित गांधी मूर्ति के निकट शिव मंदिर का 22वां जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। श्री निवास वाष्णेय द्वारा मंदिर की स्थापना को 22 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंदिर संस्थापक रमाकांत वार्ष्णेय द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर वार्ष्णेय परिवार के सदस्यों ने पीत वस्त्र धारण कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा भगवान शिव का अभिषेक किया।
कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी मूर्ति के समीप भंडारे का आयोजन किया गया, जो सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में संकीर्तन का आयोजन किया गया।आयोजन में रमाकांत वार्ष्णेय के साथ धीरज, अंकुर, विक्की वार्ष्णेय, करण मार वाड़ी, डीके रावत, सचिन चौहान, मोहन कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन शांति पूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के जनपदीय कार्यक्रम में झलका वैज्ञानिक दृष्टिकोण !

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! टूंडला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में कृषक इंटर कॉलेज, पचोखरा, टूंडला में स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ के जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्य क्रम का आयोजन प्रधानाचार्य रंगेश उपाध्याय एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ब्रजेश उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, फिरोजाबाद, संतोष उपाध्याय, पूर्व प्रधान पचोखरा, सोनू परिहार प्रधान देवखेड़ा, रंगेश उपाध्याय एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान द्वारा किया गया। इसके उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वच्छ भारत पर एक नुक्कड़ नाटिका छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों, पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ब्रजेश उपाध्याय ने विज्ञान नाटिका के साथ सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों एवं पोस्टरों की सराहना करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। संतोष उपाध्याय ने जनपद के सभी बाल वैज्ञानिकों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की की। सोनू परिहारने सभी विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही व्याख्यानकर्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सुनील कुमार जैन एवं राष्ट्रीय कैडिट कोर के अधिकारी अमित उपाध्याय द्वारा स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 410 विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 76 छात्र- छात्राओं ने जागरूक मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें वायु प्रदूषण नियंत्रक, वायु प्रदूषण तथा समाधान, नवीकरण ऊर्जा, ऑटोमैटिक वाटर फार्मिंग सिस्टम, भूगर्भीय ऊर्जा, पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र आदि मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही 193 विद्यार्थियों ने स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर विभिन्न आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन गोकुल नाथ गौतम, राजकुमार सिंह और दिनेश चाहर ने किया। विज्ञान नाटिका में अम्बिका, शालिनी, शिखा, सपना यादव, निस्ता , विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान सुमित कुमार, द्वितीय स्थान सनी एवं तृतीय स्थान अनुराग ने प्राप्त किया। विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तमन्ना , द्वितीय स्थान अंश प्रताप सिंह एवं तृतीय स्थान विमल कुमार ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया।

सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य रंगेश उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अभय पचौरी, हरीश कुमार, प्रतीक बघेल, शिव शंकर,अजय कुमार, सुरेश पचौरी, हिमांशु भारद्वाज, नीरज कुमार, कौशल शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, श्रीध्वज शर्मा, पंकज शर्मा, रिचा गुप्ता एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विकसित होगी बाल वाटिका, मुख्य धारा से जुड़ेंगे दिव्यांग बच्चे !

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! जसराना समेकित शिक्षा के अंतर्गत को लोकेटेड आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र जसराना पर किया गया। जिसमे को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को समेकित शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्री भूपेन्द्र सिंह के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। व उनके द्वारा दिव्यांग बच्चों को सरकार के द्वारा दिए जाने वाले सभी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। दिनेश सिंह स्पेशल एजुकेटर के द्वारा विशिष्ट आवश यकता वाले बच्चों की पहचान और इन सभी बच्चों के नामांकन तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाने पर व साथ ही सभी प्रकार की दिव्यांगताओं और उनके निदान पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। अमरेश सिंह स्पेशल एजुकेटर के द्वारा मानसिक मंद बच्चों की और उनके निदान पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अनिल सिंह स्पेशल एजुकेटर के द्वारा मूकबधिर बच्चों की पहचान करने के तरीकों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। स्पेशल ऐजुकेटर्स दिनेश सिंह, अमरेश सिंह, अनिल सिंह, व अध्यापक निर्देश सिंह, बी आर सी के समस्त कर्मचारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन श्री मुकेश राजपूत जिला महामंत्री यूटा के द्वारा किया गया।

# पार्सल बैंन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! शिकोहाबाद एटा मार्ग स्थित जसराना बाईपास पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की दोपहर पार्सल बैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताललेकर आई है!
थाना शिकोहाबाद के नगला केवल निवासी 26 वर्षीय विशाल पुत्र ज्योति प्रसाद शनिवार की दोपहर जसराना बाईपास स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेने जा रहा था! तभी पेट्रोल पंप के समीप पार्सल बैन ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरा और उसकी मौत हो गई! मौके पर काफी भीड़ एकत्रितहो गई इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है! इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमें कोहराम मच गया!

# सरकार की प्रभावी उद्यमी नीतियों के कारण युवा आज जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बन रहे हैं - अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम राकेश गर्ग

## सुदृण कानून व्यवस्था के कारण एक भयमुक्त समाज का निर्माण संभव हुआ हैं - अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम राकेश गर्ग

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जनपद में 77 वां उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया, इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रदेश की समृद्ध, संस्कृति, गौरवशाली परंपरा और कला का शानदार प्रदर्शन किया गया, प्रदेश की संस्कृति की परंपरा का निर्वहन करते हुए सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया, साथ ही साथ इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों द्वारा किया गया, इन प्रदर्शनियों में पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा जनपद की बढ़ती औद्योगिक क्षमता और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन किया गया, जबकि एनआरएलएम और मिशन शक्ति के प्रदर्शनियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की झलक दिखाई गई, कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीक और उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल भी लगाई गई।
इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि राकेश गर्ग अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड कानपुर ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूत हो रही है, सुदृण कानून व्यवस्था के कारण एक भयमुक्त समाज का निर्माण संभव हुआ है, जो निवेश और प्रगति के लिए अनिवार्य हैं, विद्युत क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव उपस्थित हुए हैं, अब 22 से 23 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है, साथ ही साथ रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, बिजली और सड़के किसी भी राज्य की प्रगति का आधार स्तंभ होते हैं, प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 52 हजार से बढ़कर एक लाख के ऊपर निकल गई है, राज्य में पर्यटन क्षेत्र में क्रांतिकारी वृद्धि हुई है, विशेषकर ग्रामीण पर्यटन और धार्मिक पर्यटन में नए कीर्तिमान स्थापित कियें है, सरकार की प्रभावी उद्यमी नीतियों के कारण युवा आज जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बन रहे हैं। अंत में उन्होंने नागरिकों और जिम्मेदार पदों पर आसीन व्यक्तियों से अपील की है कि जिसे जो भी कार्य सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऐं, तभी एक सशक्त प्रदेश और समग्र राष्ट्र का निर्माण सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि मैं यू0पी0 स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जनपद वासियों को बधाई देता हूं, उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जनपद में कृषि, उद्योग और एनआरएलएम के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि सड़क, बिजली और सुरक्षा के मोर्चे पर जो ऐतिहासिक सुधार हुए है, हम उन्हें स्थानीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने भी प्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी जनपद वासियों को बधाई दी और यह आशा और विश्वास भी व्यक्त किया कि हम सब मिलकर प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने भी जनपद की विकास यात्रा के संबंध में विस्तृत रूप से बताया, उन्होंने कहा कि जनपद में जल भराव वाली 1800 सड़कों में से 1200 सड़कों को ठीक कराया गया, सिरसा नदी का पुनरोद्धार किया गया, ढाई सौ ग्रामीण पुस्तकालयों का निर्माण किया गया, जहां पर 100 बच्चों का चयन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुआ है, यह संपूर्ण कार्यक्रम उद्यान विभाग के प्रांगण में किया गया, यहां पर स्कूली बच्चों ने भी अपने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया, कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लखनऊ से देखा गया।
इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां पाने वाले लोगों को मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इनमें खेल के क्षेत्र में इशिता शर्मा, शिक्षा के क्षेत्र में मनीष शर्मा, तकनीकी एवं परंपरागत कृषि के क्षेत्र में लोकेश कुमार, प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सचिन कुमार, मधुमक्खी पालन में रिंकी देवी, उद्यान के क्षेत्र में राकेश, उद्योग के क्षेत्र में मुकेश बंसल टोनी, हेमंत अग्रवाल बल्लू, बिन्नी मित्तल, राजीव अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, हनुमान प्रसाद गर्ग, सिंह राज, राजन सिंह, प्रतीक शर्मा, मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त करने वाले ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिव सोनी देवी, पुष्पेंद्र कुमार रहें। इस दौरान मंच पर मुख्य अतिथि के अलावा विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मनीष अग्रवाल उपाध्यक्ष लघु उद्योग, ब्लॉक प्रमुख डॉ लक्ष्मीनारायण यादव, ब्लॉक प्रमुख जसराना संध्या राजपूत, चैयर मैन मक्खनपुर और सिरसागंज फरिहा, अपर जिला धिकारी वित्त राजस्व विशु राजा एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता उपस्थित रहें।

# शिक्षक चौपाल का आयोजन, अभिभावकों व जनसमुदाय को किया गया जागरूक

**समाज जागरण**



सिरसागंज। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति और जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को न्याय पंचायत नायन के उच्च प्राथमिक विद्यालय नायन, ब्लॉक मदनपुर में शिक्षक चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार एवं खंड शिक्षा अधिकारी मदनपुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। चौपाल के माध्यम से अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा ग्रामवासियों को निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। इस दौरान पीटीएम, गृह भ्रमण और शिक्षक चौपाल के जरिए अभिभावकों से निरंतर संवाद स्थापित कर बुनियादी भाषा एवं गणित दक्षताओं के महत्व, शैक्षिक गतिविधियों तथा शिक्षा के दीर्घकालीन लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। न्याय पंचायत प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और जनसमुदाय के बीच संवाद बढ़ाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन अविनाश कुमार ने किया, जबकि आयोजन की व्यवस्थाएं अजय कुमार द्वारा संभाली गईं। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार, रविकांत, मुन्ना लाल, प्रताप सिंह, अविनाश कुमार, आशीष पोरवाल, अनिल कुमार, देशपाल कुमार, सहजेव, अरशद सहित ग्राम पंचायत की एसएमसी समिति के अध्यक्ष, अभि भावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

## अंतिम संस्कार में शामिल होने जाते समय हुआ हादसा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थानां क्षेत्र के असोथर रोड पर आज सुबह करीब सात बजे रोड़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा थरियांव गांव के श्याम नगर के पास उस समय हुआ, जब ओवर लोड मोरम लदे ट्रक ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार असोथर थानां क्षेत्र के सांतो जोगा गाँव निवासी मोतीलाल का 35 वर्षीय पुत्र श्रवेश पासवान आज शनिवार की सुबह अपने पिता मोतीलाल पासवान और भाई के साथ बाइक से हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेला बरौहा गाँव जा रहा था। वहां उन्हें अपने मौसी के बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल होना था। पिता मोतीलाल और एक बेटा आगे दूसरी बाइक से थे। जबकि श्रवेश पीछे अकेले अपनी बाइक से चल रहा था। जैसे ही श्रवेश थरियांव गांव के श्याम नगर के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे मोरम लदे ओवरलोड ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रवेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रक को हिरासत में ले लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। श्रवेश की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पत्नी सोनी पासवान, बेटी पलक और बेटा छोटू का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक चार भाइयों में एक था, जिनमें ब्रजेश, चंद्र कुमार, शिवकुमार और राजकुमार शामिल हैं। गांव में भी घटना को लेकर शोक की लहर दौड़ गई है।

# युवती ने किया जान देने का प्रयास

**समाज जागरण**

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर में शनिवार दोपहर 22 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार केशवपुर गांव निवासी कुलदीप की पत्नी गुड़िया देवी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सधार बताया है।

# बाइक से गिरकर महिला घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बाइक से गिर कर 55 वर्षीय महिला घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाने के कोर्रा कनक गांव निवासी रामसिरोहन की पत्नी राजरानी शनिवार की दोपहर अपने भाई के साथ माइके से ससुराल जा रही थी। तभी ललौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चलती बाइक से गिरकर घायल हो गयी।
सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल महिला को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बलिदानियों का बलिदान किसलिए जानना बहुत जरूरी है पेट्रियोट चीफ ऑफ चेम्पियन शिवसेवक शिवकरन खरौली

-आखण्ड भारत नहीं सम्पूर्ण विश्व को पुनःसे आर्यावर्त बनाना
-ऊंच नीच जाति धर्म से उठकर सच्चे मानव धर्म को अपनाना
-केवल मात्र वेद वैदिक सिद्धांतों को अपना मार्गदर्शक मानना
-सबके साथ न्याय हो बराबर एक अधिकार सबके लिए होना
-भ्रष्टाचार के खिलाफ खुलके अन्तिम श्वांस तक विरोध करना

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर कुछ पल के लिए वह पराधीनता के दिनों को अन्तर मन में जरा याद करें कि पेट में लगी भूख भी उन क्रूर आक्रांताओं के आधीन तन की बेसुध नींद आताताथियों की गुलामी के बन्धन में जकडी थी माताओं बहनों के कंगन से सुकोमल हांथों में मेंहन्दी की जगह हथकड़ियां थी महावर वाले पांव में पायल की जगह बेडियाँ थी गर्भवती महिलाओं के पेट तलवार से फांडकर बच्चे निकाल दिये जाते थे हर गन्दा से गन्दा काम कराया जाता था शूली फांसी का भय दिखला विदेशी धर्म स्वीकार कराया जाता था आतंक इतना बढा था कि कमजोर दिलवाले लोग भय खाकर प्राण त्याग देते थे कितना दुखित रहा होगा वह गुलामी का जीवन ऐसे समय में कैसे रहें होगें वह माता पिता के लाल बहनों और भाईयों ने जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह किये बगैर आर्यावर्त की पावन पवित्र भारत मातृभूमी को स्वतंत्रता दिलाने के लिए दृड़ संकल्पित प्रण लिया हम सबको स्वतन्त्रता का जीवन देने के लिए एक के बाद एक अनगिनत बहेन भाईयों गर्भ में पल रहे बच्चों महिलाओं ने बहुसंख्या में अपने आपको स्वतंत्रता की आग में झोंककर हम सबको आजादी का आजके यह दिन देकर मौत की नींद सो गये हैं भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद, वन्देमातरम् सभी ने सिंहो की भांति गरजकर गाया हिन्दू मुस्लिम सिख्ख ईसाई ऊंच नीच जाति धर्म भेद भाव मिटाकर केवल एक मात्र वेद वैदिक सिद्धांतों को अमल कर नदी पहाड वन जंगलों में दुखों के दिन काटकर भूखें प्यासे रहकर लडाइयाँ लड कुर्बान हुए और आक्रांताओं को मार भगाया एक साथ रहें एक साथ लडे एक साथ मरे सबको एकता अखण्डता समरसता में रहने के लिए यह सुख चैन वाले दिन और केवल एक सच्चा ईश्वर का बनाया अच्छा मानव धर्म के लिए जीना मरना सिखाया स्वतन्त्रता के बाद राजतंन्त्रता के लोगों ने आज फिर से हम सबको गुमराह कर जातिवाद धर्मवाद ऊंच नीच की भावनाओं में जकड दिया हैं यह भ्रमजाल फिर से नागरिकता को विभाजनवादी बनाकर विनाशकारी पथ पर ले जायेगा जहाँ से फिर यह राष्ट्र विदेशी गतिविधियों के तरफ धीरे धीरे आधीन होगा आओ हम सब इस जातिवाद धर्मवाद से जागे सच्चे मानव धर्म वेद वैदिक सिद्धांत को लेकर नवयुवा शक्ती को जगाये नशामुक्त बनाये बलिदानियों के बलिदान का मूल उद्देश्य घर-घर हर खेत खलिहानों तक पहुँचाये अपने यह प्यारे भारत देश को जातिवाद और धर्मवाद से मुक्त बनाये एक बराबर सबके साथ न्याय का अधिकार बनाये बलिदानियों का बलिदान बार बार दोहरायें "जन्मा न कोई हिन्दू मुस्लिम जन्मा न सिख्ख ईसाई! "जन्मा हैं केवल मानव धरती पर मानव बन मेरे भाई !!

# बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई नेता सुभाष चंद्र बॉस की जयंती

समाज जागरण



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकित सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेता सुभाष चंद बोस की जयंती सुभाष चौक धनपुरी न 3 स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदीप सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सिंह नगर पालिका धनपुरी के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष सिंह सेंगर इबरार खान, मो. इकबाल, प्रसाद नईम खान, एस. पी. सिंह, विमल सिंह, प्रदीप रावत, नीलम सिंह, नीलम शुक्ला, सुमन राय, सुजाता बैरागी, नेहा खान, प्रसाद रेखा कोल, ओंकार सिंह, निजाम भाई जान, अभिषेक वर्मा, निक्की तिवारी, तीरथ सिंह, सूरज महोबिया, कमलेश कोल, प्रसाद मोहन बैगा, सुग्रीव पाल, पवन यादव, गगन सेन, विकास चौधरी, संदीप रावत, आकाश पनिका, बंटी मेहतो, सुशांत सिंह, गुड्डू, अख़्तर, जाहिद, अर्जुन प्रजापति, सरपंच बलकरन सिंह, लालू बैगा, शिवम बर्मन, गौतम मेहतो, अमन केवट सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे

# रीवा: शिल्पी प्लाजा में बाइक सवार बदमाशों का तांडव, कई गाड़ियों में की तोड़फोड़!

समाज जागरण

रीवा। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत हृदय स्थल कहे जाने वाले शिल्पी प्लाजा में आज बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। डंडों से लैस बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के कांच तोड़कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया।

**पुलिस की देरी पर उठे सवाल:**
प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के करीब आधे घंटे बाद सिविल लाइन पुलिस सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। सरेराह हुई इस तोड़फोड़ से व्यापारियों और आम जनता में दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# भाजपा युवा मोर्चा: नए चेहरे या पुराना रवैया?

## सिंगरौली में दावेदारों की लंबी कतार, लेकिन कार्यकताओं के मन में बड़ा सवाल!

समाज जागरण विजय तिवारी

सिंगरौली भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद को लेकर सिंगरौली जिले की राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई है। संगठन के भीतर चचाओं का बाजार गर्म है और कई नाम प्रबल दावेदार के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। जिला अध्यक्ष के पद के लिए जो नाम सामने आ रहे हैं उनमें मृत्युंजय सिंह,सौरभ पाण्डेय,
संजय दुबे,विनीत द्विवेदी (देवसर), शशांक विक्र मसिंह( गोल्डी) ,लालबाबू वैश्य,संदीप चौबे,सिंटू पांडेय, अनिल शाह,संजय शाह, अर्जुन शाहऔर अशोक शाह के नाम शामिल हैं।*हालांकि, नामों की इस लंबी सूची के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नया युवा नेतृत्व वाकई नई सोच और नई कार्यप्रणाली लेकर आएगा, या फिर जिला भाजपा अध्यक्ष सुंदरलाल शाह की तरह ही वही पुराना रवैया अपनाया जाएगा? दरअसल, सिंग रौली जिले में भाजपा कार्यकताओं के बीच जबरदस्त असंतोष देखा जा रहा है। एक के बाद एक इस्तीफे संगठन की अंदरूनी स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। कार्यकताओं का आरोप है कि जिला अध्यक्ष की कार्यप्रणाली में संवाद की कमी, उपेक्षा और गुटबाजी हावी है, जिससे जमीनी कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।ऐसे माहौल में युवा मोर्चा अध्यक्ष का चयन केवल एक पद की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के संगठनात्मक भविष्य की दिशा तय करने वाला फैसला माना जा रहा है।

कार्यकताओं की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पार्टी नेतृत्व ऐसा चेहरा आगे लाएगा जो सबको साथ लेकर चले, या फिर असंतोष की आग और भड़कने वाली है।अब देखना यह होगा कि भाजपा नेतृत्व सिंगरौली में युवा जोश के साथ संगठनात्मक संतुलन साध पाता है या नहीं, क्योंकि अगर हालात नहीं संभले तो इस्तीफों का यह सिलसिला पार्टी के लिए भारी पड़ सकता है।

# आनंद उत्सव में बच्चों का जोश, बिजली-सड़क के अभाव पर फूटा जनप्रतिनिधियों का गुस्सा

## सकोला के दानी बाबा मैदान में खेल प्रतियोगिताओं के बीच उठा बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा

समाज जागरण
विजय तिवारी जमुना



ग्राम पंचायत सकोला में को दानी बाबा स्थित शासकीय हाई स्कूल सकोला में आनंद उत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल सकोला के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की
दानी बाबा मैदान में आयोजित आनंद उत्सव के दौरान क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक एवं रस्सी खींच जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं प्रति योगिताओं में बच्चों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला विजेता बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में ग्राम पंचायत सकोला द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का मनोबल और अधिक बढ़ा।खेल प्रतियोगिताओं के उपरांत विद्यालय प्रांगण में मंचीय कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर मंच पर संजय साहू (पूर्व पंच), संतोष चौरसिया (वरिष्ठ पत्रकार), सचिव निरंजन जायसवाल सहित संजय तिवारी, अनिल कुमार त्रिपाठी, आमना खातून, पुरुषोत्तम दास बैग, प्रमोद कुमार वर्मा, बनारसी शर्मा, दीपा साहू, गौरी, रामनारायण नापित, रुचि गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह तो देखने को मिला, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा यह रहा कि जिस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, वहां आज तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है इसको लेकर जनप्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के स्थानीय विधायक एवं मंत्री दिलीप जायसवाल के होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है लोगों ने विद्यालय तक पहुंच मार्ग निर्माण की भी मांग रखी

# अमरकंटक में नर्मदा जन्मोत्सव की संध्या पर आयोजित हुआ निर्झरणी महोत्सव

"अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2026"
लोकनृत्य,लोकगायन तथा भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को किया मंत्र मुग्ध



समाज जागरण

अनूपपुर/"अमरकंटक नर्मदा महो त्सव- 2026" अंतर्गत पावन नगरी अमरकंटक में सांध्यकालीन कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वाधान में तथा जिला प्रशासन अनूपपुर एवं श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के सहयोग से निर्झरणी महोत्सव का आयोजन 24 जनवरी 2026 को शाम 5 बजे से मां नर्मदा के रामघाट में किया गया। निर्झरणी महोत्सव का शुभारंभ राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी,अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़ (राजस्व) श्री वसीम अहमद भट्ट ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। निर्झरिणी महोत्सव में कर्मा, शैला और गुदुम बाजा" की प्रस्तुति ने जनजातीय सांस्कृतिक विरासत का एक जीवंत प्रदर्शन किया। लोकनृत्य की लयबद्ध गति और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज ने दर्शकों के बीच गहरा आध्यात्मिक प्रभाव डाला। महोत्सव में जनजाति संस्कृति से सराबोर करमा नृत्य की प्रस्तुति डिण्डौरी जिले के श्री अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथियों द्वारा तथा गुदुम बाजा नृत्य की प्रस्तुति अनूपपुर जिले के श्री शिवप्रसाद धुर्वे एवं साथियों द्वारा दी गयी। छत्तीसगढ़ी लोकगायन की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के संजीवन टांडिया एवं साथियों द्वारा दी गयी। साथ ही भुवनेश्वर के सुनील साहू एवं साथियों द्वारा शंखध्वनि एवं सिवनी की बाली ठाकरे एवं साथी द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने अपनी ऊर्जा और पारंपरिक लय से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा संयोजित कार्यक्रम ने अमर कंटक में आयोजित नर्मदा जन्मोत्सव की संध्या को निर्झरणी महोत्सव के रूप में लोक परम्परा के कार्यक्रमों की प्रस्तुति से चार चाँद लगा दिए। नागरिक कार्यक्रम के आनंद में डूबे रहे। दर्शकों ने करतल ध्वनि से कलाकारों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री उमेश पांडे सहित अमरकंटक स्थित आश्रमों के साधु-संत, पुजारी, जनप्रतिनिधिगण, व्यापारी, नागरिक तथा जिले के अन्य अंचलों से पधारे श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की।

# बैंकॉक में काव्य कुंभ : कविता, ठहाकों और भावनाओं का महासंगम

## डॉ. कुमार विश्वास की कविता पर छलके आँसू, हास्य कवियों ने ठहाकों से हिला दिया सभागार

समाज जागरण




थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक एक बार फिर भारतीय संस्कृति, हिंदी साहित्य और काव्य रस के रंग में पूरी तरह डूब गई, जब 23 जनवरी 2026 को SFवर्ल्ड सिनेमा सेंटर में भव्य काव्य कुंभ का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक साहित्यिक आयोजन का सफल नेतृत्व इन्डो थाई न्यूज के प्रबंधक श्री पवन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में भारत से पधारे प्रख्यात कवि, विचारक और वक्ता डॉ. कुमार विश्वास अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। जैसे ही उन्होंने राधा-कृष्ण के अलौकिक प्रेम पर आधारित कविताएँ पढ़ीं, पूरा सभागार भावनाओं से भर उठा। श्रोताओं की आँखों से आँसू बहने लगे और ऐसा प्रतीत हुआ मानो मंच पर स्वयं वृंदावन का दृश्य जीवंत हो उठा हो। प्रेम, भक्ति और जीवन दर्शन से सजी उनकी कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**हास्य, व्यंग्य और ठहाको से गूंज उठा हॉल**

काव्य कुंभ की खास बात यह रही कि मंच पर केवल गंभीर कविता ही नहीं, बल्कि हास्य-व्यंग्य का जबर दस्त तड़का भी देखने को मिला। इस अवसर पर कपिल शर्मा शो से जुड़े चर्चित लेखक एवं हास्य कवि भी मंच पर मौजूद रहे, जो देश के लोकप्रिय कॉमेडी शो के लेखन से जुड़े रहे हैं। उन्होंने अपने अंदाज में बैंकॉक को लेकर चल रही धारणाओं पर चुटकी लेते हुए कहा–
लोग सोचते हैं बैंकॉक मतलब सिर्फ मसाज! मैं पहली बार यहां आया हूं और समझ गया हूं कि बैंकॉक में संस्कृति, साहित्य और संस्कार भी उतने ही गहरे हैं। उनकी इस टिप्पणी पर पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा और दर्शक देर तक तालियाँ बजाते रहे। बैंकॉक को लेकर किए गए उनके हास्य-व्यंग्य ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। नामचीन कवियों ने बांधा समां इस भव्य काव्य सम्मेलन में आशीष अनल जी, रमेश मुस्कान जी, दिनेश बावरा जी, संदीप जी, प्रवीण पांडे जी, साक्षी तिवारी जी एवं एकाग्र शर्मा जी ने अपनी शानदार रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों की गूंज से पूरा सभागार बार-बार झूम उठता रहा। गोरखपुर पर कविता सुनते ही झूम उठा प्रवासी समाज कार्यक्रम का एक भावुक क्षण तब आया जब संदीप बावरा जी ने गोरखपुर को समर्पित पंक्तियाँ पढ़ीं। बैंकॉक में बड़ी संख्या में बसे गोरखपुर के प्रवासी भारतीयों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। लोग खुशी से झूम उठे और भावनात्मक रूप से अपने शहर से जुड़ गए। मजबूत नेतृत्व और शानदार व्यवस्था इस ऐति हासिक आयोजन को सफल बनाने में श्री पवन मिश्रा जी के साथ उनके मुख्य सहयोगी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री थेवन तिवारी जी ने सभी कवियों और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय और थाई देश की जय के नारों से पूरा सभागार गूंज उठा। दर्शकों के हाथों में भारतीय और थाई ध्वज लहराते नजर आए। आयोजकों द्वारा नाश्ता और पेयजल की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। साहित्य, संस्कृति और हास्य का यादगार उत्सव कार्यक्रम के समापन पर श्री पवन मिश्रा ने सभी कलाकारों, दर्शकों और सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा।
कुल मिलाकर, बैंकॉक का यह काव्य कुंभ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कविता, हास्य, प्रेम, संस्कृति और भारतीयता का उत्सव बन गया, जिसे प्रवासी भारतीय लंबे समय तक याद रखेंगे उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिम्मी मिश्रा द्वारा दी गई

# हाई कोर्ट ने जहरीले कफ सीरप मामले में सुरक्षित किया आदेश , 24 मासूमों की हुई थी मौत

समाज जागरण



जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने जहरीले कफ सीरप पीने से हुई 24 मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपित प्रवीण के अलावा उनकी पत्नी ज्योति सोनी, सौरभी जैन और राजेश सोनी की जमानत अर्जियों पर सुनवाई पूरी कर ली है। इसी के साथ आदेश सुरक्षित कर लिया है। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरप से 22 बच्चों तथा बैतूल में दो बच्चों की मौत हुई थी। छिंदवाड़ा में अधिकतर को प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सीरप लिखा था। छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कफ सीरप की निमार्ता कंपनी श्रीसन फामेर्सी के संचालक, प्रवीण सोनी व अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया था। जिला न्यायालय ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए आरोपित डॉक्टर की जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी। इसके बाद आरोपित डॉक्टर ने जमानत के लिए हाई कोर्ट की शरण ली है। विगत सुनवाई में सोनी की ओर से अतिरिक्त दस्तावेज पेश कर बताया गया था कि बच्चों की मौत उसी साल्वेंट से हुई है, जो श्रीसन फार्मा कंपनी ने बैच नंबर 13 में मिलाया था। अगर औषधि विभाग उस बैच की जांच करता तो बच्चों की मौत नहीं होती। जमानत अर्जी में कहा गया है कि डॉक्टर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने के लिए मेडिकल बोर्ड की अनुमति आवश्यक है। पुलिस ने बिना अनुमति ही प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने डॉक्टर होने के नाते बच्चों को कफ सीरप प्रिस्क्राइब किया था। कफ सीरप बनाने तथा उसे बेचने की अनुमति निर्माण कंपनी को सरकार के संबंधित विभागों ने प्रदान की है। उनकी कफ सीरप के बनाने में कोई भूमिका नहीं थी। वह कप सीरप की निमार्ता व विक्रेता नहीं है।

वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने सोनी का पक्ष रखते हुए कहा दलील दी थी कि वह पिछले 20 सालों से यह दवा लिख रहे हैं, लेकिन कभी भी उसका रिएक्शन सामने नहीं आया। कंपनी द्वारा की गई गलती की सजा याचिकाकर्ता भुगत रहे हैं। संबंधित बैच की औषधि विभाग ने जांच नहीं की थी।

# बसंतोत्सव में विद्या की आराधना, सांस्कृतिक उल्लास और संस्कारों का संगम

समाज जागरण

अनूपपुर ।शासकीय माध्यमिक विद्या लय, कन्या बस्ती अनूपपुर में बसंतो त्सव का आयोजन बड़े ही हर्षो ल्लास, श्रद्धा एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर विद्या की देवी, वीणा वादिनी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना विद्यालय परिवार द्वारा संपन्न की गई। विद्यालय परिसर भक्ति, अनुशासन और उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद कंचन सिंह, पार्षद सुभाष पटेल, रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव एवं पालक-शिक्षक संघ की अध्यक्षा गीता बाई मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा छात्राओं के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। इस अवसर पर पार्षद कंचन सिंह ने कहा कि बसंतोत्सव केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और सृजन शीलता का प्रतीक है। माँ सरस्वती की आराधना से विद्यार्थियों में विवेक, अनुशासन और बौद्धिक चेतना का विकास होता है। लक्ष्मण राव ने विद्यालय की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शासकीय विद्यालय कन्या बस्ती में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अमरकंटक विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण हो या छात्राओं की खेलों में सहभागिता,यह संस्थान सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट उदाह रण है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस संस्था में प्रवेश दिलाएं।
कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं अभिभावकों के लिए विशेष भोजन (पूरी, सब्जी, खीर, पापड़, सलाद एवं अचार) की व्यवस्था की गई, जो विद्यालय की संवेदनशीलता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रणाली को दशार्ता है।

**प्रधानाचार्य अजय कुमार प्रसाद ने कहा कि**

हमारा उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, खेल, भ्रमण और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। अभिभावकों का सहयोग ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है।
उन्होंने विद्यालय के वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।
शिक्षकों की भूमिका रही सराहनीय इस सफल आयोजन में प्रधाना ध्यापक अजय कुमार प्रसाद, सविता प्रजापति, विद्या राठौर, एस. स्वाति राव एवं शैल शर्मा की सक्रिय सहभागिता एवं समर्पण सराहनीय रहा, जिनके प्रयासों से कार्यक्रम अनुशासित एवं प्रभावशाली रूप से संपन्न हुआ। अंत में संस्था प्रधान द्वारा सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अभि भावकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

# कोतमा में मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का ऐतिहासिक समापन

वार्ड क्रमांक 15 ने रोमांचक फाइनल में ग्राम पकरिया को हराया

समाज जागरण गौरव द्विवेदी



अनूपपुर ।कोतमा विधानसभा क्षेत्र के गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य समापन शनिवार, 24 जनवरी को ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। टूनार्मेंट का शुभारंभ 18 जनवरी 2026 को हुआ था। इस प्रतियोगिता में कोतमा विधानसभा क्षेत्र की 122 टीमों ने भाग लिया जो अब तक का अनूपपुर जिले का सबसे बड़ा क्रिकेट आयोजन माना जा रहा है।

**फाइनल मुकाबला रहा रोमांच से भरपूर**

फाइनल मुकाबला ग्राम पकरिया एवं कोतमा वार्ड क्रमांक 15 की टीमों के बीच खेला गया। मैच की शुरूआत प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार द्वारा गेंदबाजी तथा स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा बल्लेबाजी कर की गई जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।यह अनूपपुर जिले के इतिहास का पहला अवसर रहा जब मंत्री प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम, कोतमा में आयोजित किया गया। आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी, युवा खिलाड़ी एवं दर्शक स्टेडियम पहुंचे और पूरे मैच का भरपूर आनंद लिया।

**युवाओं के लिए बना प्रेरणास्रोत**

फाइनल में पहुंचे प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा मंत्री प्रीमियर लीग जैसे आयोजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम हैं। इससे छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती हैं और युवाओं को नई दिशा मिलती है।स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिलीप जाय सवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कोतमा विधानसभा क्षेत्र के युवाओं में अपार प्रतिभा है। हमारा उद्देश्य है कि खेल के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिले और वे जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाया आयोजन का आकर्षण**

फाइनल मुकाबले के दौरान विद्यालय परिसर के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही एनसीसी कैडेट्स द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। आयोजन समिति द्वारा मंचासीन अतिथियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया एवं नारी शक्तियों को बुके भेंट किए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिलीप जायसवाल, प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, कमिश्नर सुरभि गुप्ता,कलेक्टर हर्षल पंचोली, एसपी मोतिउर रहमान, कई प्रशास निक अधिकारी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा टॉस की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

**मैच का रोमांचक विवरण**

फाइनल मुकाबले में कोतमा वार्ड क्रमांक 15 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 122 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्राम पकरिया की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी।मैच के अंतिम ओवर में ग्राम पकरिया को जीत के लिए 6 गेंदों पर 5 रन चाहिए थे, लेकिन कोतमा वार्ड क्रमांक 15 के 16 वर्षीय गेंदबाज मुनाफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लगातार 6 डॉट बॉल डालकर मैच का पासा पलट दिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

**पुरस्कार एवं सम्मान**

पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोतमा वार्ड क्रमांक 15 के खिलाड़ी मकसूदन को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। वहीं फाइनल मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले मुनाफ को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।विजेता टीम कोतमा वार्ड क्रमांक 15 को ₹1,00,000 नकद एवं शील्ड, जबकि उपविजेता टीम ग्राम पकरिया को ₹51,000 नकद एवं शील्ड प्रदान की गई। इसके साथ ही कोतमा विधानसभा क्षेत्र की सभी 122 टीमों को क्रिकेट किट का वितरण मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री दिलीप जायसवाल ने आयोजन समिति, मंडल अध्यक्षों एवं सभी खिलाड़ियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। स्टेडियम दर्शकों, क्रिकेट प्रेमियों तथा प्रिंट व इले क्ट्रॉनिक मीडिया से खचाखच भरा रहा।

# अनुभूति कार्यक्रम : जंगल में एक किलोमीटर पैदल भ्रमण,छात्रों को मिला प्रकृति से सीधा संवाद

समाज जागरण उमरिया।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्या लय चंदिया के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 129 छात्र-छात्राओं ने अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत जंगल को नजदीक से जानने-समझने का अवसर प्राप्त किया। यह कार्यक्रम वन रक्षक परिसर नरवार, बीट-जौनिया, वन परिक्षेत्र चंदिया, वन मंडल सामान्य उमरिया (मध्यप्रदेश) में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि वन परिक्षेत्राधिकारी नीलेश द्विवेदी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को वन चौकी से लगभग एक किलोमीटर भीतर जंगल तक पैदल भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जंगल की वास्तविक संरचना, जैव-विविधता, प्राकृतिक वातावरण और वन्यजीवों के आवास को नजदीक से देखा और समझा। जंगल के भीतर ही खुली कक्षा का आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। इस पूरे कार्यक्रम के संचालन में शासकीय विद्यालय के चार शिक्षक तथा वन विभाग के लगभग 25 अधिकारी-कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा। सुरक्षा और मार्गदर्शन की दृष्टि से वन विभाग के कर्मी पूरे समय बच्चों के साथ रहे, जिससे भ्रमण सुरक्षित और अनु शासित वातावरण में संपन्न हो सका। खुली कक्षा के दौरान छात्रों को सिंह, बाघ और शेर के अंतर, वन्यजीवों के व्यवहार, खाद्य शृंखला तथा पारिस्थितिकी संतुलन की जानकारी दी गई। साथ ही जंगल में पाए जाने वाले औषधीय एवं उपयोगी पौधों– जैसे महुआ, आंवला, हर्रा–की पहचान कराते हुए उनके पारंपरिक और औषधीय उपयोग के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। छात्रों ने यह भी देखा कि जहां जिले के अन्य क्षेत्रों में कटे हुए जंगल या पेड़ दिखाई देते हैं वहां वह दिखाई नहीं दे रहे थे। कार्यक्रम स्थल इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक स्थायी केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। ऐसे समय में, जब जिले में जंगल से जुड़ी चुनौतियों की खबरें सामने आती रहती हैं, अनुभूति कार्यक्रम जैसे प्रयास विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण की सकारात्मक और व्यवहारिक दिशा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत नरवार सरपंच सोमवती बैगा और जनपद सदस्य मीना बैगा भी उपस्थित रही।

**इनका कहना है –**

अनुभूति कार्यक्रम हर वर्ष एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जंगल से जोड़ना, प्रकृति के महत्व को समझाना और उनमें संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जब ये विद्यार्थी भविष्य में नागरिक बनेंगे, तो जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति अधिक जिम्मेदार भूमिका निभा सकेंगे। वन परि क्षेत्रा धिकारी नीलेश द्विवेदी

# यूपी का स्थापना दिवस : आत्ममंथन और नव-संकल्प का अवसर : दयाशंकर पाण्डेय

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण।**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश का विकास केवल एक राज्य की प्रगति नहीं, बल्कि भारत के समग्र उत्थान की आधारशिला है। यह विचार ग्रामीण भूमि विकास बैंक, राबट्र्सगंज के नव-निर्वाचित चेयरमैन दयाशंकर पाण्डेय ने व्यक्त किए। वे ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरा राजा में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, श्रमशील जनता और युवा शक्ति यदि संगठित दिशा में आगे बढ़े, तो प्रदेश ही नहीं, राष्ट्र के विकास की गति भी तीव्र होगी। स्थापना दिवस आत्ममंथन के साथ-साथ नव निर्माण के संकल्प का दिन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने ऐतिहासिक संदर्भ प्रस्तुत करते हुए बताया कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत ((United Provinces) का नाम औपचारिक रूप से बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया। उन्होंने कहा कि यह दिन प्रशासनिक पहचान के साथ-साथ जनआकांक्षाओं के साकार होने का प्रतीक है। स्वागत भाषण में समाज शास्त्री डॉ. विमलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का मूल उद्देश्य उत्तम प्रदेश की अवधारणा को सुदृढ़ करना है—यही हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए। विषय प्रवर्तन मृत्युंजय नारायण ने किया, जिसमें प्रदेश की सामाजिक-सांस्कृतिक यात्रा और समकालीन चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य माँ सरस्वती एवं महाविद्यालय के प्रेरणास्त्रोत पंडित ईश्वर प्रसाद पाण्डेय के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सारस्वत सम्मान प्रदान किया। वहीं डॉ. विमलेश त्रिपाठी ने रामचरितमानस की प्रति और पंचांग भेंट कर अतिथि का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन भोलानाथ मिश्र ने किया। आयोजन की सफलता में बृजेश सिंह पटेल, विनय प्रजापति, कार्यालय अधीक्षक विनीत पाण्डेय, संदीप, रामचंद्र पाण्डेय एवं सरिता का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विमलेश पाठक, गीता देवी मौर्या सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महा विद्यालय एवं ईश्वर प्रसाद विधि महा विद्यालय अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के लिए सामाजिक चेतना के सशक्त केंद्र के रूप में निरंतर पहचान बना रहे हैं।

# धूमधाम से मनाई गई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार की जयंती

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**





सोनभद्र। घोरावल तहसील क्षेत्र के कुसुम्हा गांव में स्वतंत्रता सेनानी मंगल बियार की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हो गया। कार्यक्रम में पहले दिन खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें कबड्डी, दौड़, लम्बी कूद, कुर्सी दौड़, बालिका लम्बी कूद, आदि का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि अनुज त्रिपाठी खेल कूद अधिकारी घोरावल द्वारा व विशिष्ट अतिथि एसआई रामज्ञान यादव और तहसील अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष राम अनुजधर द्विवेदी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम नीतू, द्वितीय शिवानी और तृतीय अर्चना, 400 मीटर दौड़ में प्रथम पल्लवी, द्वितीय अमृता और तृतीय अमृता, लंबी कूद में प्रथम गोपाल, द्वितीय शिवम् और तृतीय रोहित, कुर्सी दौड़ में प्रथम शीनू, द्वितीय आयुष और तृतीय अंकित पटेल को सांसद द्वारा प्रमाण पत्र व टी-शर्ट देकर पुरस्कृत किया गया। द्वितीय पाली के मुख्य अतिथि सोहनलाल माली उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग व विशिष्ट अतिथि विधायक अनिल कुमार मौर्य व शिव मंगल बियार सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया। कबड्डी में प्रथम अहरौरा व द्वितीय में जोगिनी की टीम रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अमृता बियार, पल्लवी, शिवानी, अर्चना बियार,नीतू, निधि आदि ने भाग लिया। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार स्मृति सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के आयोजक मोहनलाल बियार ने किया। इस अवसर पर केपी मौर्य, मुर्शीद जमाल, उमेश कुमार, फूल चंद, श्याम सुंदर, राज नारायन, अमर भारती, गुलाब प्रसाद इत्यादि मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ गायत्री परिवार का पंच दिवसीय शताब्दी महोत्सव

**योगेश कुमार गुप्ता/समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ओबरा द्वारा आयोजित 12 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। समारोह की प्रवचन एवं कर्मकाण्ड टोली की प्रमुख ऊषा शर्मा द्वारा देव आवाहन एवं कलश पूजन के उपरांत बड़ी संख्या में पीत वस्त्रधारी माताओं बहनों ने अपने सिर पर मंगल कलश को धारण कर मानस भवन राम मंदिर से हनुमान तिराहा, गैस गोदाम और सेक्टर आठ से होते हुए यज्ञ स्थल तक कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में भारतमाता, रामदरबार आदि की आकर्षक झांकियों के साथ आर्यसमाज विद्या मंदिर का स्काउट बैंड और श्रीराम विद्या मंदिर के बच्चे भी शामिल रहे। कलश यात्रा में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित दिलीप कृष्ण भरद्वाज सहित जलपुरुष रमेश सिंह यादव, संजीत चौबे, शिवनाथ जायसवाल, राजकुमार प्रजापति, कैलाश नाथ रावत, अजीत कन्नौजिया, अमित गुप्ता, समीर माली, उमेश चंद्र मिश्र एवं गायत्री शक्तिपीठ ओबरा की महिला मंडल की सभी बहनें, कार्यकर्ता गण, सुमन खत्री, रामप्यारे सिंह, हरीश अग्रहरि आदि शामिल रहे।कलश यात्रा के उपरांत ओबरा तापीय परियोजना के महा प्रबंधक इंजीनियर सोमनाथ मिश्र एवं श्रीप्रकाश गिरि ने देवमंच पर सपत्नीक पूजन एवं आरती की। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ ओबरा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मनमोहन शुक्ल ने बताया कि यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं सायंकाल 6 से रात्रि 9 बजे तक प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# बच्चों की बात मोदी के साथ में, सोनभद्र की श्रेया तिवारी का राष्ट्रीय चयन, दिल्ली में हुआ सम्मान

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**




सोनभद्र। भारत सरकार के विकसित भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से संवाद हेतु आयोजित ह्यबच्चों के मन की बात मोदी जी के साथह्न निबंध प्रतियोगिता में पूरे भारत से मात्र 10 बच्चों का चयन किया गया, जिसमें जनपद सोनभद्र के सदर ब्लॉक अंतर्गत देवरी खुर्द गांव निवासी, रॉबर्ट्सगंज स्थित डीएवी स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा श्रेया तिवारी का चयन होना जनपद के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। श्रेया तिवारी वरिष्ठ शिक्षक उमाकांत पति तिवारी की पुत्री एवं समाजसेवी व यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी की भतीजी हैं। इस प्रतियोगिता में चयनित श्रेया के निबंध को बच्चों के मन की बात मोदी जी के साथ नामक पुस्तक में प्रकाशित किया गया है।

इस पुस्तक का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में भव्य रूप से आयोजित किया गया, जहाँ श्रेया तिवारी को राष्ट्रीय स्तर पर इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री शाहजाद पूनावाला, कैबिनेट मंत्री अरुण सिंह, सांसद बांसुरी स्वराज, प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक एवं निमार्ता कपिल शर्मा तथा राष्ट्रीय सिख संगठनों के निदेशक रविंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों द्वारा श्रेया को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में चयनित सभी दस बच्चों को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सम्मानित किया जाना था, किंतु प्रधानमंत्री जी की व्यस्तता के कारण उनके प्रतिनिधि मंडल द्वारा बच्चों को सम्मान प्रदान किया गया एवं पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया गया।

राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि पर श्रेया तिवारी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता एवं डीएवी स्कूल के गुरुजनों को दिया। साथ ही श्रेया ने यह सम्मान जमीनी स्तर पर संघर्ष कर रहे आदिवासियों, वन वासियों सहित सम्पूर्ण जनपद सोनभद्र वासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर समाजसेवी सौरभ कांत पति तिवारी ने श्रेया को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे जनपद सोनभद्र के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जो लोग सोनभद्र को पिछड़ा और आदिवासी क्षेत्र मानते हैं, वे इसे शिक्षित, प्रतिभाशाली और विकसित जनपद के रूप में पहचानेंगे। विशेष रूप से जब एक बेटी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा सम्मान लेकर आती है, तो इससे बड़ा गौरव और क्या हो सकता है। श्रेया तिवारी की इस सफलता से पूरे जनपद में खुशी और उत्साह का माहौल है।

# होनहार बिरवान के होत न चिकने पात

**विजय शंकर पाण्डेय/समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जगमोहन विद्यालय खलियारी में छात्रा मेरे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही थी, इंटर सन2024



में पास किया था। ग्रेजुएशन महिला डिग्री कॉलेज पवनी से कर रही है इसी बीच में बैंक ऑफ end sind गढ़वा झारखंड में कैशियर पद पर तैनात है। रीता कुमारी पिता राजेंद्र यादव ग्राम, तेंदुआ, यह छात्रा पहले से ही होनहार थी, पढ़ने, लिखने में भी तेज थी, खेलने, कूदने में भी सक्षम थी विद्यालय में जो भी कार्यक्रम होता था उसमें भी बढ़, चढ़ कर प्रतिभाग करती थी। परिवार ऐसे बिटिया पर गर्व महसूस कर रहा है, इसके पिता जी किसानी, बारी करके अपने बच्चों को पढ़ाने का मौका दिया और बच्चे भी अपने पिता का फर्ज पुरी तरह से निभाए हैं।

# डिजिटल साथी फाउंडेशन के कोन लर्निंग सेंटर में बच्चों को किया स्वेटर जूता-मोजा वितरित

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




कोन/ सोनभद्र। IIFL फाउंडेशन की डायरेक्टर मधु जैन के सहयोग से शनिवार को डिजिटल साथी फाउंडेशन, सोनभद्र द्वारा संचालित कोन लर्निंग सेंटर के 119 बच्चों को स्वेटर, जूता एवं मोजा वितरित किया गया। इस वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य शीतकाल में बच्चों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करना एवं उन्हें नियमित रूप से शिक्षा से जोड़े रखना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की मदद से गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिलती है। डिजिटल साथी फाउंडेशन के वेद ओझा ने IIFL फाउंडेशन एवं मधु जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है और आगे भी जरूरतमंद बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# चेरवाडीह में गरीबों को बांटे गये कंबल, पाकर होकर हुए लोग प्रफुल्लित

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत चेरवाडीह में शासन के निर्देश व गरीबों के लिए ठंड से बचाव व शीतलहर से सुरक्षा के क्रम में राजस्व विभाग के लेखपाल के प्रतिनिधित्व गरीबों को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। राजस्व विभाग व ग्राम प्रधान शारदा पासवान के सौजन्य से ग्राम पंचायत सचिवालय चेरवाडीह प्रागंण में गरीबों को बांटे गये कंबल। जहाँ कंबल पाकर लोग हुए प्रफुल्लित। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान शारदा पासवान ने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, बतातें चलें कि राजस्व विभाग के स्थानीय लेखपाल महेश प्रसाद द्वारा 50 कंबल और ग्राम प्रधान के द्वारा 150 कंबल गरीबों को निःशुल्क बांटा गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से कांग्रेस कमेटी कोन ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता व ग्राम प्रधान ने एक दूसरे को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंशु चौबे, राजकुमार जायसवाल, विनय कुमार भारती, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पं. सदस्य अयोध्या चेरो, ग्राम सभा सदस्य सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# थाम लेंगे वक्त को चलने न देंगे, ऐ हिंद हम तुझको कभी झुकने न देंगे: ईश्वर विरागी

**कवयित्री चंद्रलेखा सिंह की तृतीय पुस्तक साहित्य दर्शन के विमोचन के साथ ही अंगवस्त्र, पुस्तक,डायरी व लेखनी देकर किया गया सम्मानित**

**सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में हुआ आयोजन**

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी, साहित्य दीप संस्थान व दयानंद साहित्य संस्था के तत्वावधान में शनिवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में कवयित्री चंद्रलेखा सिंह की तृतीय पुस्तक साहित्य दर्शन का विमोचन किया गया। साथ ही नव निर्वाचित बार के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव एडवोकेट का सारस्वत अभिनन्दन किया गया। कवयित्री चंद्रलेखा सिंह को भी अंगवस्त्र माल्यार्पण कर साहित्य सर्जना के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा कई मानिंद लोगों को अंगवस्त्र, पुस्तक, डायरी व लेखनी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी व मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कथा शिल्पी रामनाथ शिवेन्द्र, पूर्व बार अध्यक्ष चंद्र प्रकाश दिवेदी एड ने शारदे की प्रतिमा पर दीपदान माल्यार्पण कर विधिवत आयोजन का आगाज किया। गीतकार ईश्वर विरागी ने वाणी वंदना कर तथा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी कविता, थाम लेंगे वक्त को चलने न देंगे ऐ हिंद हम तुझको कभी झुकने न देंगे सुनाकर शुरूआत में ही आयोजन को भव्यता प्रदान किया। प्रयागराज फूलपुर से आये शारिक मखदूम ने अनेक गजल नज्म सुनाये खूब जमे। उनकी गजल,इंसानियत थी जिसमें वो इंसा कहाँ गए। हिन्दू कहाँ गये वो मुसलमां कहाँ गये। खूब सराही गयी। अहरौरा से पधारे धर्म देव चंचल ने संगीत विधान पर हास्य कविता व पैरोडी सुनाकर लोगों से देर तक तालियां बजवाते रहे। उनकी रचना केहू जरत बा त जरै हमसे का मतलब सराही गयी। चंदौली से पधारे शिवदास कवि ने देश गीत, लहर रहा है गगनांगन में गौरव का अभिमान तिरंगा अमर जै हिंदुस्तान लोगों में जोश भर दी। चकिया से आये प्रकाश मिरजापुरी ने गंभीर रचना,लेखनी उठ लिख नया इतिहास मिटा दे विध्वंस और विनाश से चार चांद लगाये। ओज श्रृंगार की कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने,हमारी शान है बेटी हमारी जान है बेटी तथा चंद्रलेखा सिंह ने सत्ता को नसीहत देकर जनहित विपरीत कृत्य पर कटाक्ष किया। ओज कवि प्रभात सिंह चंदेल, दिलीप सिंह दीपक, दयानंद दयालू, धर्मेश चौहान, विवेक चतुवेर्दी, सुनिल चौचक, मदन चौबे, आकाश वाणी के सुनील तिवारी ने भी छंद सवैया गीत नव गीत विविध रसों में सुनाकर महफि ल को रोशन किया। सोन संगीत फाउंडेशन के सुशील मिश्रा ने सस्वर लोकगीत व देश गीत गाकर गतिज उर्जा दिये।सफल संचालन शायर अशोक तिवारी ने किया। आभार आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एड शहीद स्थल करारी ने व्यक्त किया। मुख्य अतिथि रामनाथ शिवेन्द्र ने विमोचित पुस्तक के लिए लेखिका को बधाई देते हुए कविता क्यों कैसी किसलिए विषय पर सारगर्भित वक्तव्य देते हुए अपनी कौमी एकता की कालजयी रचना, हमें रोटियां ही दीजिये बहुत भूख लगी है, दे रहे हैं गीता कुरान किसलिए सुनाकर महफि ल लूट लिये। अंत में अध्यक्षता करते हुए पूर्व किशोर न्याय बोर्ड सदस्य राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी ने अपनी कविता सुनाकर जहाँ अभिव्यक्ति को मुखर स्वर दिया वहीँ आशीर्वचनों से सभी को राष्ट्रीय हित में सोचने व सतत देशहित विधि हित मनुजता के लिए कटिबद्ध रहना जरूरी बताया और आयोजन को विराम दिया गया।

सभीं कवियों अतिथियों को अंग वस्त्र के साथ माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश द्विवेदी, राजेश पाठक एडवोकेट, आशीष पाठक, जयशंकर त्रिपाठी, आत्म प्रकाश त्रिपाठी, देवानन्द पांडेय, ठाकुर कुशवाहा, बृज किशोर देव पांडेय, दिनेश दत्त पाठक एड, त्रिपुरारी मिश्रा, गोपाल बंगाली समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जननायक कपूर्री ठाकुर की मनाई गई जयंती, कोटा खास गांव के चौराहे को कपूर्री चौक नाम रखे जाने की घोषणा

**निल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण।**



डाला/ सोनभद्र। ग्राम पंचायत के कोटा खास चौराहे पर भारत रत्न, जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम की अगुवाई युवा नेता दीपू विजय शर्मा के द्वारा किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा ग्राम प्रधान प्रहलाद चेरो ने कोटा चौराहे का नाम ह्यकपूर्री चौकह्न रखे जाने की घोषणा की गई। इस दौरान उन्होंने विधिवत रूप से नेम बोर्ड का अनावरण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रहलाद चेरो ने अपने बयान में कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर ने जीवन भर सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उनके नाम पर चौराहे का नामकरण करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। वहीं संजय कुमार अकेला ने कहा कि कपूर्री ठाकुर सच्चे अर्थों में जननायक थे। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। उनके विचार आज भी हमें मार्गदर्शन देते हैं। इस दौरान कार्यक्रम गोविन्द शर्मा, आतिश चंद्रवंशी, कृष्णा शर्मा, कन्हैया कनौजिया, शम्भू यादव, रमेश उपाध्याय, अखिलेश शर्मा, हेमंत, सिकंदर, लवकुश, अमन बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्य कर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सोनभद्र में एंटी भू माफिया के तहत हो कार्रवाई: डॉक्टर धर्मवीर तिवारी

## - बगैर परमिशन के अवैध प्लाटिंग के धंधा पर भूमाफियाओं का होता जा रहा कब्जा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिला मुख्यालय रॉबट्र्सगंज समेत जिले के अन्य तहसील क्षेत्रों में बगैर परमिशन के अवैध प्लाटिंग के धंधे पर भू माफियाओं का कब्जा होता जा रहा है। यह आरोप लगाते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने सोनभद्र में एंटी भू माफिया के तहत कार्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि घटना होने के बाद जानकारी देने पर तहसीलदार, एसडीएम द्वारा कहा जाता है कि कोई मामला हो तो बताइए, जबकि ओबरा, घोरावल और रॉबट्र्सगंज तहसील में दर्जनों जगहों पर प्लाटिंग का काम जारी है बिना परमिशन के अंधाधुंध प्लाटिंग की जा रही है। अधिकारियों के जानकारी के बावजूद राजस्व की बड़ी-भारी क्षति की जा रही है। ओबरा एसडीएम लगभग 2 सालों से एक ही जगह पर जमे हुए हैं ज्यादा समय तक एक ही तहसील में रहने के कारण भी यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने कहा कि रावट्र्सगंज तहसील में भूमाफिया हावी हैं और उन्हें तहसील अधिकारीयों का खुला संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने बताया कि यहां तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल भूमाफिया से मिलकर किसानों की जमीनों को औने-पौने दामों में खरीदवा कर बिना नियम को ध्यान में रखते हुए प्लाटिंग करवा रहे हैं। डा0 धर्मवीर तिवारी ने कहा की तहसीलदार और एसडीएम के भूमिका की गहनता से जांच कराकर कड़ी कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है। साथ ही इन लोगों के संपत्ति की भी जांच कराई जाए, ताकि जो लोग सरकार की छवि बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं ऐसे लोगों को जवाब मिल सके।

# दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास व शिक्षण सहयोग पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। विकास खण्ड घोरावल के ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरावल में समेकित शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ। यह प्रशिक्षण 20 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक चला, जिसमें कुल 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों के साथ शिक्षण कार्य, उनके व्यवहारिक सहयोग तथा सहायक उपकरणों के उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, ताकि शिक्षक विद्यालय स्तर पर बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सहयोग प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नियुक्त विशेष शिक्षक श्री संजय कुमार यादव एवं संतोष कुमार सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षणकर्ता टीम में संतोष शुक्ला, साधना सिंह, संतोष सिंह, बंदना, सुशील कुमार मिश्रा, रोहित कुमार तथा कमल कुमार मौर्य शामिल रहे। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा समेत कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

## भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस-राजस्व की संयुक्त कार्यवाही पर विशेष जोर

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र अनिल कुमार द्वारा थाना ओबरा, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा थाना रॉबट्र्सगंज, क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा थाना अनपरा, क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा थाना दुद्धी पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अन्य समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण द्वारा भी अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जनपद में पूर्व एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 123 प्रार्थना पत्रों में से 56 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 138 प्रार्थना पत्रों में से 63 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक दिन की चेयरमैन बनी प्रज्ञा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी।। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शनिवार को संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज केराकतपुर वाराणसी ने एक सकारात्मक पहल की। कालेज परिसर ने बी एस सी की छात्रा प्रज्ञा सिंह को एक दिन के लिए कालेज का चेयरमैन बना दिया। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हुइ इस पहल में बकायदा छात्रा को प्रभार दिलाया गया और इससे पूर्व उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मनित भी किया गया। एक दिन की चेयरमैन बनी प्रज्ञा ने क्लास का संचालन, शिक्षकों से बातचीत की, उनकी परेशानी जाना। क्लास में जाकर छात्राओं से बातचीत की और पाठयक्रम के बारे में जानकारी ली।शिक्षकों ने प्रज्ञा को प्रभारी के रुप में दैनिक दैनंदिनी की जानकारी दी और क्लास के बारे में बताया। इस बाबत जानकारी देते हुए कालेज के चेयरमैन शशिकांत सिंह ने बताया कि बालिका दिवस पर एक दिन का चेयरमैन बनाने के पीछे में उद्देश्य यही है की इसके माध्यम से छात्राओं में पढ़ने की ललक बढे, आत्मविश्वास में वृद्धि हो और उन्हें वह सभी अधिकार मिले जिनसे अभी तक वह वंचित रहती थी।

# रोहनिया विधायक ने मनाया कपूर्री ठाकुर की 102 वीं जयंती

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**



केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निदेर्शानुसार रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कनेरी मोहन सराय स्थित अपना दल एस पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनका 102 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। विधायक डॉक्टर सुनील पटेल जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवन के बारे में विस्तारपुर का वर्णन करते हुए कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक दायित्वों को निर्वहन के लिए समर्पित था समाज के शोषित , वंचित और कमजोर वर्गों का उत्थान हमेशा उनकी राजनीति के केंद्र में रहा है। अपनी सादगी और जन सेवा के प्रति समर्पण भाव को लेकर वे सदैव स्मरण एवं अनुकरणीय रहेंगे। इसअवसर पर राजेंद्र प्रसाद पटेल,डॉ महेंद्र पटेल, दिव्यांशु पटेल दीपू ,डॉ वीरेंद्र वर्मा, राकेश यादव,डॉ उमेश पटेल, सियाराम पटेल, रीना पटेल, अनीता पटेल, दीपक पटेल ,राज कुमार वर्मा ,श्याम बली पटेल, गोविंद पटेल ,आदर्श पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# सेवापुरी में काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**



देश के प्रधानमंत्री काशी के सांसद नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणा से काशी के प्राचीनतम संस्कृति एवं सवरती काशी के प्रति जन जागरूकता के लिए काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के विकासखंड स्तर पर सेवापुरी के सिल्वर ग्रोव स्कूल में आयोजित किए गए। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के बीच में इसके उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने बताया कि काशी की महान संस्कृति एवं विकास कार्यों , त्यौहार एवं शैक्षिक उपलब्धि, घाटों गलियों, खानपान मंदिरों सवरती काशी के अंतर्गत चल रही विकास कार्यों के प्रति जन जागरूकता के लिए यह प्रतियोगिता विभिन्न स्तरों पर आयोजित किया जा रहे हैं कक्षा 1 से 8 तक एक प्रथम स्तर कक्षा 9 से 12 तक द्वितीय और स्तर और महाविद्यालय की एवं आम जनों के लिए आयोजित है। परीक्षा का प्रथम चरण 21 जनवरी , द्वितीय चरण 24 जनवरी को विकासखंड पर आयोजित किए गए इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर प्रथम विजेता प्रतिभागी शामिल हुए । आज की परीक्षा की परीक्षा में कक्षा 9 से 12 के स्तर पर ज्योति यादव कस्तूरबा महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेवापुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सोनी मोदनवाल सर्वोदय इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान एवं जान्वी सेठ बलवंती इंटर कॉलेज तृतीय स्थान प्राप्त किया महाविद्यालय एवं आमजन स्तर पर प्रदीप कुमार मिश्रा अमिनी प्रथम स्थान शिवम सिंह दिलावरपुर द्वितीय स्थान बृजेश कुमार यादव शिवदासपुर में तृतीय स्थान प्राप्त किया जूनियर स्तर पर अनादि मिश्रा सिल्वर ग्रोव स्कूल प्रथम स्थान शुभम मौर्य सर्वोदय जूनियर हाई स्कूल द्वितीय स्थान मानस दुबे यूपीएस गुड़िया तृतीय स्थान प्राप्त किया यह सफल प्रतिभागी जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे आज के प्रतियोगिता में आमजन और महाविद्यालय स्तर पर 84 प्रतिभागी एवं सीनियर स्तर पर 35 प्रतिभागी जूनियर स्तर पर कल 180 ने विकास खंड स्तर की इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

# पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा तथा कविता की जलाई ज्योति बाबू चंद्रमा सिंह ने

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी स्वर्गीय कवि बाबू चंद्रमा सिंह की 14वी पुण्यतिथि राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह और चन्द्रमा महाविद्यालय के प्रबंधक विजयेंद्र नारायण सिंह ने कवि के चित्र पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि कवि की कविता अंधकार से प्रकाश , शून्यता से शिखर, सूक्ष्म से स्थूल , कमी से संपन्नता का मार्ग प्रशस्त करती है ' कवि ने अपनी कविता के माध्यम से समाज का परिमार्जन किया है। चन्द्रमा सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक विजयेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि पूज्य बाबू जी संघर्षों की उपज थे , आप उच्च कोटि के वक्ता, कुशल कवि, सत्य समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं। सह प्रबंधिका डॉ0 सीमा राय ने कहा कि बाबू जी ने पिछड़े क्षेत्र में विद्यालय की नींव रखकर लोगों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया। आपकी रचनाएं युवा पीढ़ी को सदैव प्रेरित करती रहेगी। मुख्य अतिथि के रूप में काव्य क्षेत्र से जुड़े अमरनाथ झा और प्रमोद सिंह ने बच्चों को नाटक विधा से जुड़ने पर विशेष बल दिया तथा उनके द्वारा किया गया काव्य मंचन सराहनीय रहा। समारोह में संतोष विश्वकर्मा, देवांश राय, कुलदीप सिंह ने अपने विचार व्यक्त किया तथा आभार ज्ञापन प्रधानाचार्य शेर बहादुर विश्वकर्मा ने किया। संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया।

# गनेशपुर फीडर से सात घण्टे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

आज 25 जनवरी को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु तथा सुरक्षा के दृष्टिगत गणेशपुर फीडर सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक लाइन बंद रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर , हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिम पुर एवं गणेशपुर फीडर से चलने वाले ग्राम जिसमें भरलाई, गणेशपुर प्रभावित रहेंगे। सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी आदि की व्यवस्था कर ले। उक्त आशय की जानकारी श्रीपति तिवारी उपखण्ड अधिकारी हरहुआ ने दिया है।

# ज्ञान की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती प्रकृति रंजना बन ऊर्जा प्रदान करती हैं

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लॉक अंतर्गत बहलोलपुर (उदयपुर) गांव में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन श्रद्धा,उल्लास एवं विधि-विधान के साथ शुक्रवार को पूजन अर्चन



शिवम अग्रहरि द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार संग हुआ। मुख्य अतिथि एडवोकेट प्रिंस चौबे एवं उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का कपाट खोलकर पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलन कर किया। पूजन कार्यक्रम में लाल बहादुर अग्रहरि,अजय अग्रहरि,आशीष अग्रहरि,सुजीत,अमित,मनोज, नन्दलाल अग्रहरि,सोनू,सुनील, पंकज,नीरज एवं राकेश अग्रहरि सहित अनेक गणमान्य शामिल रहे।पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन से गांव में आपसी एकता,श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संदेश दिया गया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
**रामेश्वर वाराणसी।।**



महमाना मालवीय इंटर कॉलेज, बच्छांव, चुनार रोड, वाराणसी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सजग बनाना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु व्यवहारगत परिवर्तन को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज वर्मा, आर.टी.ओ. प्रवर्तन, वाराणसी रहे। विशिष्ट अतिथियों में राघवेंद्र सिंह, आर.टी.ओ. प्रशासन, सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन, लोकप्रिय बिरहा लोकगायक डॉ. मन्नू यादव तथा मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ. ओ.पी. चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रमणि सिंह के संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को कक्षा अनु शासन के समान आवश्यक बताते हुए यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। सुधांशु रंजन, ए.आर .टी.ओ. प्रवर्तन ने भारत में सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व के कुल वाहनों का मात्र 1 प्रतिशत भारत में है, किंतु सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु में भारत की हिस्सेदारी लगभग 11 प्रतिशत है।डॉ. ओ.पी. चौधरी ने बच्चों में जागरूकता के मनोवैज्ञानिक पक्ष पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चे नियमों का पालन और दूसरों की नकल करके सीखते हैं, इसलिए परिवार और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राघवेंद्र सिंह, आर.टी.ओ. प्रशासन ने वाहन चलाने से पूर्व वैध ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व पर जोर दिया तथा बताया कि यदि नाबालिग बिना वैध लाइसेंस वाहन चलाते पाए जाते हैं तो अभिभावकों पर ₹25,000 का जुमार्ना तथा 6 माह तक की सजा का प्रावधान है। मुख्य अतिथि श्री मनोज वर्मा ने मानव जीवन के मूल्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लापरवाह सड़क व्यवहार से अनमोल जीवन नष्ट नहीं होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे घर जाकर अपने परिवार और समाज को भी सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ओवरस्पीडिंग से बचने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, दोपहिया वाहन पर दोनों सवारों के लिए हेलमेट तथा सभी यात्रियों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग जैसी सावधानियों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. मन्नू यादव द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर प्रस्तुत की गई प्रेरक बिरहा गायन प्रस्तुति रही, जिसमें सुरक्षित लेन ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग से बचाव आदि संदेशों को प्रभाव शाली ढंग से रखा गया। विद्यार्थियों ने उनकी प्रस्तुति को खूब सराहा और उससे गहराई से जुड़ाव महसूस किया।इस कार्यक्रम में कुल लगभग 3000 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें अधिकांश ग्रामीण पृष्ठभूमि से थे। आयोजन ने छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# बालिका दिवस पर बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत पुआरीखुर्द,औरा एवं आयर में जनमित्र न्यास के तत्वाधान में बालिका दिवस पर बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का संदेश देना रहा। बालिकाओं एवं ग्रामीणों के साथ बाल अधिकारों, बाल विवाह के दुष्प्रभावों तथा महिला व बाल सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन सेवाओं ,बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित करता है। बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प ग्राम पंचायत पुआरी खुर्द में ककरही राजभर बस्ती से पंचायत भवन तक ,औरा में पंचायत भवन से प्राथमिक विद्यालय औरा तक बैनर तख्ती रैली निकाली गई। आयर रैली में शामिल बालि काओं और ग्रामीणों ने बाल विवाह न करने की शपथ दोहराई। वही जनमित्र न्यास द्वारा चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से क्षेत्र में लगातार बालक-बालिकाओं के समूह बना कर जीवन-कौशल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में शोभनाथ, प्रतिमा पांडेय, बृजेश पांडेय, सुभाष प्रसाद सहित बड़ी संख्या में बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। वक्ताओं ने बालि काओं को शिक्षा से जोड़ने, आत्मनिर्भर बनाने और किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जनमित्र न्यास द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा।

# शिक्षित होकर हक के लिए संघर्ष करें आदिवासी समाज

**समाज जागरण**



राजगढ़ मीरजापुर/जब तक गांव गली जंगल पहाड़ों में रहने वाला आदि वासी समाज शिक्षित नहीं होगा तब तक इस समाज का विकास और वीर एकलव्य अंबेडकर ज्योतिबा फुले शाहू जी महाराज पेरियार का सपना पूरा नहीं होगा इसलिए इस देश की शासन सत्ता में भागीदारी निभाने के लिए आदिवासी समाज को शिक्षित होना होगा उक्त बातें शुक्रवार को राजगढ़ ब्लाक के राजपुर गांव में वीर एकलव्य की जयंती के अवसर पर बोलते हुए सोनभद्र के पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल ने कही।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि समाज को अपने पूर्वज के इतिहास को जानना चाहिए इसके लिए उन्हें शिक्षित होना जरूरी है उन्होंने कहा कि शिक्षा के कारण ही हजारों वर्षों तक हम दूसरों के गुलाम रहे क्योंकि हमें शिक्षा और समाज में भागीदारी से रोका गया उन्होंने कहा कि शिक्षा और संविधान से दूर रखने के कारण ही हम आज पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर के सपने को साकार करने के लिए आदिवासी समाज के लोगों को देवालय को छोड़कर पुस्तकालय की तरफ ध्यान देना होगा और इसके लिए सभी को शिक्षित होना पड़ेगा क्योंकि जो कार्य भगवान नहीं कर सकता वह कार्य शिक्षा कर देती है इसलिए सभी को अनिवार्य रूप से शिक्षा ग्रहण करना होगा तभी इस समाज को सामाजिक न्याय मिल पाएगा और सभी का विकास होगा। सभा को मड़िहान के विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने भी संबोधित किया उन्होंने भी आदिवासी समाज के लोगों से शिक्षित होने के लिए उन्हें संकल्प दिलाया और कहा की शिक्षा ही सभी समस्याओं का हल है बिना शिक्षा के कुछ भी हासिल नहीं होगा इसलिए समाज को हक और न्याय के लिए शिक्षित होना पड़ेगा जिस दिन समाज में शासन और प्रशासन में भागीदारी हो जाएगी उस दिन बीर एकलव्य का सपना पूरा हो जाएगा यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। कार्यक्रम में संयोजक अनिल पटेल जोखन प्रसाद कोल अवधेश सिंह उर्फ पप्पू पटेल राज नारायण कोल जग्गू कोल रमाशंकर कोल कन्हैयालाल बागी चंडन कोल माया शंकर कोल तमाम मिजार्पुर सोनभद्र के आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। राजापुर को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा

मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने एकलव्य जयंती पर बोलते हुए कहा कि राजापुर इतना रमणीक स्थान है कि इस पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वीर एकलव्य और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का एक ही सोच था की दबे कुचले समाज के लोगों को शिक्षित एवं विकसित बनाया जाए तो उन्हीं के सपनों को साकार करने के लिए वीर एकलव्य मंदिर के पास एक धर्मशाला और एक पुस्तकालय की स्थापना के साथ यहां अन्य चीज विकसित की जाएगी जिससे इसे पर्यटन का रूप मिल सके और यह कार्य जल्द ही सरकार किया जाएगा। विधायक के इस घोषणा के बाद लोगों ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया और जल्द से जल्द इसे विकसित करने की मांग की।

# उमरिया गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी मीरजापुर।**



नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायो शर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमि टेड द्वारा शनिवार को विकास खंड पहाड़ी के उमरिया गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जान कारी ली। गगन यादव ने किसानों को जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। हरिदेव प्रजापति ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश में प्रगति की गति चहुमुखी विकास का सशक्त भारतः त्रिभुवन राम विधायक।

**समाज जागरण**



वाराणसी। उत्तर प्रदेश सरकार में प्रगति की गति अपार जो डबल इंजन की सरकार सशक्त प्रदेश के साथ समृद्धशाली चहुमुखी विकास का प्रदेश बन गया है। युवा उद्यमी विकास अभियान,एक जनपद एक व्यंजन योजना की लांचिंग, सरदार पटेल एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना जहां अपने मूर्त में साकार हो रही है। स्थानीय कला कारों, कविता पाठ,सांस्कृतिक गतिविधियों, प्रतियोगिताओ, पारम्प रिक खेलों, हिंदी ,संस्कृत ,तमिल भाषाओं, उद्यमिता, व्यापार, नवाचार ,शिक्षा,कला, विज्ञान सहित हर क्षेत्रों में सशक्त है। उक्त बातें विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश दिवस में प्रतिभाग करते हुए नमो घाट पर विधायक अजगरा त्रिभुवन राम ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ,हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य , जिलाध्यक्ष वाराणसी,अदिति पटेल,श्रम विभाग तथा अन्य विभाग सहित कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

### बालिकाओं के अधिकारों पर दिया गया संदेश

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती बाल रक्षा भारत द्वारा संचालित ड्रीम एक्सीलेटर प्रोजेक्ट के तत्वावधान में विकास खंड जमुनहा के ग्राम रामपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री विश्राम पासवान द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं, बाल परिषद के सदस्यों एवं किशोरी समूह द्वारा गीतझसंगीत और भाषण के माध्यम से बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित प्रभावशाली संदेश दिया गया।





इस अवसर पर थाना मल्हीपुर से मिशन शक्ती की प्रभारी उप निरीक्षक महिमा सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को भ्रूण हत्या, बाल विवाह,बालिका शिक्षा,महिला उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया तथा निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1098, 108,1930, 102 एवं 1076 की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री विश्राम पासवान एवं बाल सुरक्षा अधिकारी श्रीमती मिथिलेश सिंह ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि शिक्षित बालिका ही सशक्त समाज की नींव होती है। इस दौरान बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में बाल रक्षा भारत टीम से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्री अखिलेश शुक्ला, स्मृति शुक्ला, ओमकार यादव, गाँव के सम्मानित व्यक्ति, महिला समूह की सदस्याएँ एवं बालिकाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

# मतदान लोकतंत्र की आत्मा है जो देश की तस्वीर बदल मजबूत राष्ट्र का निर्माण करती है

**समाज जागरण**



वाराणसी। महाराज बलवंत सिंह महाविद्यालय गंगापुर वाराणसी में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं मतदाता जागरूकता दिवस की पूर्व संध्या पर लोकतंत्र मैं मतदान का महत्व विषय पर राजनीति शास्त्र विज्ञान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य व्याख्याता प्रोफेसर सतीश कुमार पूर्व विभाग अध्यक्ष राजनीतिक विज्ञान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक महाराज एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके सम्पन्न हुआ। प्रोफेसर सतीश राय ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है सभी को इसे उत्सव पूर्वक मानना चाहिए मतदान में सभी मतदाताओं की हिस्सेदारी नितांत आवश्यक है आपका एक मत लोकतंत्र में किसी की तकदीर को बना सकता है देश की तस्वीर को बदल सकता है भारत विश्व में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है आपने सभी स्वयंसेवकों से मतदान की शपथ भी दिलाई स्वागत भाषण डॉ0 अर्चना सिंह ने किया। अध्यक्ष उद्बोधन प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0अखिला नन्द सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन अंगद प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर मंजू मिश्रा प्रोफेसर अलोक कश्यप डॉ उमेश कुमार डॉ अभिषेक अग्निहोत्री डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह डॉक्टर भूपेंद्र कुमार यादव डॉक्टर आशा सिंह डॉक्टर ममता डॉक्टर संगीता डॉक्टर ज्योति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा मवेशी तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 06 गाय बरामद, 01 तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में मवेशी तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 24 जनवरी को कोचाधामन थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गई। कोचाधामन थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मस्तान चौक के रास्ते मवेशियों की अवैध तस्करी की जाने वाली है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु तत्काल थानाध्यक्ष कोचाधामन के नेतृत्व में मस्तान चौक पर सघन वाहन जांच अभियान प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में रहमतपाड़ा चौक की ओर से आ रही एक पिकअप वाहन (रजि० संख्या BR11GE9540) को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान उक्त वाहन से 06 (छः) गाय बरामद की गईं। पूछताछ के दौरान वाहन पर सवार व्यक्ति मवेशियों से संबंधित कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। तत्पश्चात वाहन एवं मवेशियों को थाना लाकर विधिवत जांच की गई, जिसमें पाया गया कि मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बांधकर रखा गया था, जो पशुओं के प्रति क्रूरता को दर्शाता है। इस संबंध में कोचाधामन थाना कांड संख्या 41/26, धारा 317(5) बीएनएस एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(क), 11 (1) (घ), 11(1)(ड.), 11 (1)(ट) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में समीम कुरैसी, उम्र 56 वर्ष, पिता रफिक कुरैसी, साकिन बेलवा हाट, थाना एवं जिला किशनगंज को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक उजला रंग का पिकअप वाहन (BR1 1GE 9540) एवं 06 गाय बरामद की गई हैं। उक्त छापामारी एवं वाहन जांच अभियान में पु०नि० रंजय कुमार सिंह (थानाध्यक्ष, कोचाधामन थाना), पु०अ०नि० प्रदीप कुमार (पिकेट प्रभारी, धनपुरा पिकेट), बी०एम०पी० सि०-521 विवेक कुमार मंडल एवं बी०एम०पी० सि०-30 पवन कुमार शामिल थे।

# पीपीआईयूसीडी-आईयूसीडी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिले ने सुरक्षित मातृत्व और नियोजित परिवार की दिशा में एक और ठोस कदम बढ़ाते हुए सदर अस्पताल में पांच दिवसीय पीपी आईयूसीडी एवं आईयूसीडी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से आई स्टाफ नर्स, जीएनएम और एएनएम को आधुनिक, सुरक्षित और दीर्घ कालिक गर्भनिरोधक सेवाओं में दक्ष बनाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सुरक्षित इन्सर्शन, संक्रमण से बचाव, संभावित दुष्प्रभावों का प्रबंधन, फॉलो-अप प्रक्रिया और प्रभावी काउंसलिंग की जानकारी दी गई। इसे पूरी तरह व्यवहारिक बनाया गया ताकि प्रसव कक्ष और ओपीडी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी महिलाओं को आत्म विश्वास के साथ यह सेवा उपलब्ध करा सकें। डीसीएम सह प्रशिक्षक सुमन सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण में सबसे अधिक जोर सामाजिक मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने पर दिया गया। इससे स्वास्थ्यकर्मी महिलाओं और उनके परिवारों का भरोसा जीतकर सेवाओं को अधिक प्रभावी बना पाएंगे।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि किशनगंज जिला राज्य में पीपीआईयूसीडी उपलब्धि के मामले में सातवें स्थान पर है, जो स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण और सहयोगी संस्था ढरक इंडिया के प्रयासों से स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता और मजबूत होगी।

डीपीएम डॉ. मुनाजिम ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर महिलाएं सुरक्षित, सम्मानजनक और सहज परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगी। यह पहल न केवल परिवार नियोजन को मजबूती देगी, बल्कि महिलाओं को उनके स्वास्थ्य निर्णयों में सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। किशनगंज जिले में इस प्रशिक्षण से परिवार नियोजन और सुरक्षित मातृत्व के क्षेत्र में एक उदाहरण कायम होने की उम्मीद है।

# सात निश्चय योजनाओं की समीक्षा बैठक: योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों पर चर्चा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला पदाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में सात निश्चय और सात निश्चय-2 योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों का विस्तृत अवलोकन किया गया। बैठक में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल-जल (ग्रामीण एवं शहरी), सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा के दौरान पंचायती राज पदाधिकारी जफर आलम ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में 1,250 वार्ड लक्षित थे, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 505 वार्डों को शामिल किया गया। दोनों वर्षों को मिलाकर कुल 1,755 वार्डों को कवर किया गया है। अब तक 13,750 सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापित की जा चुकी हैं और इस वर्ष 550 अतिरिक्त लाइट्स का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे कुल संख्या 18,800 हो जाएगी। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (शहरी क्षेत्र) की समीक्षा में नगर परिषद किशनगंज के प्रतिनिधि ने बताया कि 75 वार्डों में से अब तक 35,324 घरों में नल-जल सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। जिला पदाधिकारी ने उपभोक्ता शुल्क वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन और उपभोक्ता शुल्क संग्रहण बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी जफर आलम, जिला जनसंपर्क एवं योजना पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह, निदेशक डी आरडीए, डीआरसीसी प्रबंधक कुमार नितिन सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# किशनगंज: क्रिकेट के हित में जिलाधिकारी विशाल राज के प्रयास रंग लाए

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज में क्रिकेट के प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों को उचित मंच देने के लिए जिलाधिकारी विशाल राज के प्रयास सफल रहे। रुइधासा मैदान में आर्मी ने KDCA के मैचों को आयोजित करने की अनुमति प्रदान की, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों को बड़ी राहत मिली। इस अवसर पर KDCA अध्यक्ष संगीता जैन और सचिव तबरेज आलम ने जिलाधिकारी और आर्मी अधिकारियों को सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। KDCA के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन ने भी इस पहल की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इससे किश नगंज में क्रिकेट के आयोजन और प्रतियोगिताओं को बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी के इस प्रयास से न केवल खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि किशनगंज में क्रिकेट के प्रति उत्साह और सह भागिता भी और बढ़ेगी।

# पटना में नाबालिग प्रेमिका को पेट्रोल डालकर जलाने का मामला जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना के बैरिया में नाबालिग प्रेमिका पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामले में पुलिस अब साक्ष्य जुटाने में जुटी है। इस मामले में आरोपी आदित्य का पिता शंभू पासवान वार्ड नंबर 29, नगर परिषद संपतचक के वार्ड पार्षद हैं। घटना स्थल से कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिलने के कारण जांच चुनौती पूर्ण बनी हुई है। पुलिस घटना के आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज की तलाश में जुटी है। परिजनों ने गोपालपुर थाना में आदित्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया, लेकिन वहां कोई ठोस सुराग नहीं मिला। एफएसएल टीम ने अस्पताल में साक्ष्य लिए, लेकिन आग के कारण शरीर पर कपड़ा जलकर चिपक गया था। पुलिस के अनुसार, आदित्य नाबालिग छात्रा से संपर्क में था और उसे दबाव बनाकर महिला मित्र बनाने का प्रयास कर रहा था। जब प्रयास विफल हुआ तो 17 जनवरी को उसने नाबालिग पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल छात्रा को अस्पताल पहुंचाया, जहां पांच दिन बाद उसकी मौत हो गई।पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, लेकिन घटना स्थल के पास कोई कैमरा नहीं मिला। एक फुटेज में नाबालिग को हाथ में कुछ लेकर जाते हुए देखा गया, लेकिन आगे का कोई फुटेज नहीं मिल पाया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

# नबीनगर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिलाई गई शपथ

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रखण्ड कार्यालय परिसर नबीनगर में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन



किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने लोगों को मतदाता के तौर पर दर्ज कराने, ईसीआई ऐप्स को एक्सप्लोर करने, निर्वाचक नामावली में अपना नाम जांचने और अपने दोस्तों और परिवार वालों को जागरूक मतदाता होने के कर्तव्यों से परिचित कराने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में अंचल अधिकारी निकहत परवीन, प्रमुख प्रतिनिधि भोला साव, शिक्षक धनंजय कुमार सिंह, रमेश कुमार, विकास कुमार, रामंजय कुमार, नाजिर धीरेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, जितेंद्र सिंह, भूलन सिंह, सुनील कुमार, संतोष कुमार कनाई कुमार, प्रखंड कोडनेटर सुमित्रा कुमारी , बाल विकास परियोजना से सुपरवाइजर सहित अन्य उपस्थित थे ।

# पटना में निमार्णाधीन मकान से दो लाख से अधिक की चोरी

## पीड़ित ने फुलवारी शरीफ थाना में किया लिखित शिकायत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के सैदानगर में निमार्णाधीन मकान से चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित विद्या सागर कुमार, पिता सिकंदर राम ने फुलवारी शरीफ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। विद्यासागर कुमार ने पुलिस को बताया कि दो-तीन दिन पहले रात के समय उन्होंने अपने निमार्णाधीन मकान के बगल से दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में छुपते हुए भागते देखा था। जब उन्होंने दोनों युवकों को रोककर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे लोग पुलिस के डर से शराब फेंकने आए हैं। इस दौरान विद्यासागर कुमार को संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने दोनों युवकों की तस्वीर खींच ली और उनके आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस का फोटो भी अपने मोबाइल में सुरक्षित कर लिया। इसके बाद दोनों युवक वहां से चले गए। अगली सुबह जब विद्यासागर कुमार अपने निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे तो देखा कि वहां से भारी मात्रा में सामान चोरी हो चुका है। चोरी गए सामान में करीब डेढ़ लाख से अधिक रुपये मूल्य का इलेक्ट्रिक वायर, लगभग 22 हजार रुपये का वायरिंग पाइप तथा करीब 20 हजार रुपये मूल्य का नल और अन्य सेनेटरी सामान शामिल है। उन्हें पूरा शक हो गया कि वही दोनों लड़कों ने उनके निर्माण अधीन मकान से सामान चुराकर भाग गया है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने आरोपित युवकों की फोटो, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित सभी कागजात फुलवारी शरीफ थाना में आवेदन के साथ संलग्न कर पुलिस को सौंप दिए हैं इसके बावजूद अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित में रोष व्याप्त है। फुलवारी शरीफ थाना की पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में पड़ोसी से विवाद में चली गोली, एक युवक जख्मी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ शुक्रवार की देर रात फुलवारी शरीफ के अतिव्यस्त चौराहा बाजार के पास महत्वाना मोहल्ले में दो पड़ोसियों के विवाद के दौरान चली गोली में एक युवक घायल हो गया। गोली चलने की घटना उस समय हुई जब आपसी झगड़े को सुलझाने के लिए पंचायत बैठाई गई थी। अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदारों ने आनन-फानन में दुकानें बंद कर दीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक के बाद एक चार राउंड गोलियां चलीं, जिसमें एक गोली युवक नेमत को जा लगी। गोली नेमत के पैर में लगी, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल व आसपास के इलाके में छानबीन शुरू की। वहीं घायल का बयान लेने के लिए पुलिस टीम पीएमसीएच भी पहुंची। पुलिस के अनुसार, इस घटना की पृष्ठभूमि में एक दिन पूर्व हुआ विवाद कारण बना। बताया जाता है कि गुरुवार को कारोबारी पप्पू डीलर का मोहल्ले के ही जीशान, इमरान और सोनू से मारपीट हुई थी। विवाद जीशान इमरान के निमार्णाधीन मकान को लेकर हुआ था। जीशान इमरान की इलेक्ट्रिक सामानों की दुकान पप्पू डीलर के कार्यालय के बगल में स्थित है शुक्रवार की दोपहर दोनों पक्षों के बीच दोबारा मारपीट हुई, जिसके बाद पप्पू डीलर ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसी को लेकर मोहल्ले के लोगों ने समझौते के लिए रात में पंचायत बुलाई। तय समय पर पप्पू डीलर अपने भाई और रिश्तेदारों के साथ इमरान के घर पहुंचे, तभी विवाद बढ़ गया और गोली चल गई। थानाध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि घटना को लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि गोली गलती से घायल पक्ष की ओर से चली, जबकि कुछ लोगों के अनुसार दूसरे पक्ष ने फायरिंग की है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहकीकात पूरी होने के बाद ही घटना की सही वजह और गोली चलाने वाले की पहचान स्पष्ट हो पाएगी। इसी विवाद में इलेक्ट्रिक सामानों की दुकान में जबरन ताला जड़ दिया गया।

# कुटुंबा थाना में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा(बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अजय कुमार सिंह



और विजय कुमार सिंह, दोनों ग्राम- हड़िया थाना अम्बा जिला - औरंगाबाद के निवासी हैं । थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दोनों अभियुक्तों पर कुटुंबा थाना कांड संख्या 14/26 के तहत बीएनएस की धारा 109 के अंतर्गत मामला दर्ज था जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# विधायक सविता महतो ने चांडिल में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भवन का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ः चांडिल डैम रोड स्थित नवनिर्मित विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भवन का उद्घाटन शनिवार को ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि चांडिल क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस भवन के शुरू हो जाने से अब विद्युत विभाग से जुड़े सभी विभागीय कार्य एक ही छत के नीचे सुचारू रूप से संचालित किए जा सकेंगे, जिससे आम जनता को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं प्रभावी होगी। विधायक ने आगे कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए और जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भवन का उद्घाटन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग के जीएम अजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता लाल जी महतो, चांडिल के सहायक विद्युत अभियंता काली नाथ सिंह मुंडा, कनीय अभि यंता बलराम हांसदा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वहीं राज नीतिक व सामाजिक क्षेत्र से झामुमो के केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, शंकर लायेक, राहुल वर्मा, मेहताब आलम समेत अनेक गणमान्य लोग समारोह में शामिल हुए।

# ऐतिहासिक खगड़ा मेला बना आकर्षण का केंद्र, उमड़ रही है लोगों की भीड़

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज जिले की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाला ऐतिहासिक खगड़ा मेला इन दिनों लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मेले में हर दिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग पहुंच रहे हैं और मनोरंजन व खरीदारी का आनंद ले रहे हैं। खगड़ा मेला के संवेदक बबलू शाहा ने बताया कि यह मेला जिले की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मेले में आम जनता के लिए मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध कराए गए हैं। बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक झूले, सर्कस, थिएटर, खेल-तमाशे के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों एवं घरेलू सामानों की विभिन्न दुकानें लगाई गई हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, रोशनी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि लोग निश्चिंत होकर पूरे परिवार के साथ मेले का आनंद उठा सकें। बताया जाता है कि खगड़ा मेला केवल व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आपसी सौहार्द का प्रतीक भी रहा है। समय के साथ यह मेला जिले की पहचान बन चुका है, जहां लोग मनोरंजन के साथ-साथ खरीद-बिक्री और सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं। जिला प्रशासन द्वारा भी मेले में विधि-व्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में खगड़ा मेला पहुंचने की अपील की है। मेले को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है और हर दिन दर्शकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

**खगड़ा मेला : एक ऐतिहासिक विरासत**

किशनगंज का खगड़ा मेला कभी एशिया का दूसरा सबसे बड़ा पशु मेला हुआ करता था। यह मेला न केवल बिहार, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता था। इसकी शुरूआत वर्ष 1883 में खगड़ा एस्टेट के नवाब सैय्यद अता हुसैन खान द्वारा की गई थी।

खगड़ा मेले की स्थापना के पीछे सूफी फकीर बाबा कमली शाह की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। बाबा कमली शाह की सलाह पर नवाब सैय्यद अता हुसैन खान ने मेले के आयोजन का प्रस्ताव तत्कालीन पूर्णिया के जिलाधिकारी ए. वीक्स और किशनगंज के अनुमंडल पदाधि कारी राय बहादुर दास दत्ता के समक्ष रखा, जिसे प्रशासनिक स्वीकृति मिली। इसके बाद सर्दियों के मौसम में खगड़ा मेले का नियमित आयोजन शुरू हुआ। अपने स्वर्णकाल में खगड़ा मेला अंतर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध था। भारत के साथ-साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, मलेशिया और अफगा निस्तान जैसे देशों से व्यापारी यहां आते थे। यह मेला मुख्य रूप से पशु व्यापार के लिए जाना जाता था, लेकिन अन्य व्यावसायिक गतिविधियां भी बड़े पैमाने पर होती थीं।

मेले के विकास के लिए खगड़ा के नवाब द्वारा कई बुनियादी ढांचागत कार्य कराए गए। इनमें पुराना खगड़ा ड्योढ़ी से गंगाझदार्जिलिंग सड़क तक पक्की सड़क का निर्माण, पानी की सुविधा के लिए कुओं की खुदाई तथा मेले के परिसर में वृक्षारोपण शामिल था। खगड़ा मेला केवल व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल का भी बड़ा माध्यम रहा है। वर्षों तक यह मेला किशनगंज और आसपास के क्षेत्रों की पहचान बना रहा और स्थानीय इतिहास में इसका विशेष स्थान है।

# झारखंड राज्य किसान सभा का दूसरा गोड्डा जिला सम्मेलन संपन्न

**समाज जागरण गोड्डा**



किसानों के फसल का घोषित एम्-एस एस 24रू50 पैसा के बजाय 15 रू17 रूप यानी 750 रूप से 950 रू प्रति किवंटल की कमी में धान बेचने के लिए मजबूर हैं, गोड्डा में जबरन रेलवे, एवं विभिन्न योजनाओं में किसानों की जमीन छिना जा रहा है, सिंचाई, बिजली, विस्थापन, नौकरी के लिए 100 दिनसे ज्यादे दिनों तक किसान सभा चला आन्दोलन एवं लिखित समझौता लागू नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन आन्दोलन का किया गया आव्हान। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अवधेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा मोदी का 11 साल किसानों - मजदूरो का विनाश काल रहा,6 लाख से ज्यादा किसानों की आत्महत्याएं, जबरन जमीन अधिग्रहण कर अडानी- अबानी के हाथो सौंपा जा रहा है,13 माहचली किसान आन्दोलन के साथ मोदी सरकार का लिखित सम झौता,तीन माह में एम् एस एस की कानूनी गारंटी करेंगे, अभी तक लागू नहीं हुआ, उक्त सवालों पर 12 फरवरी को किसान - मजदूरो का देशव्यापी हड़ताल में सड़कों में उतरेंगे किसान। झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने संबोधित करते हुए कहा झारखंड के तीन करोड़ लोगों एवं देश के 140 करोड़ लोगों के पेट में भात,रोटी, सब्जी,दूध,फल,दाल पैदा करने किसानों के साथ मोदी सरकार के विश्वासघात, किसान विरोधी नितियों के खिलाफ संघर्ष ही एक मात्र रास्ता बचा है, हाथियों के आतंक से 1500 किसान मारे जा चुके हैं। बिरसा,सिदु- कान्हु,फूलों जानो के रास्ते संघर्ष का आव्हान किया गया।झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुरजीत सिन्हा ने कहा एमएस एस,पलायन, विस्था पन,जमीन अधिग्रहण, वनपटटा , सिंचाई के मुद्दे पर झारखंड में किसान आन्दोलन तेज करने का आव्हान किया। जिला सचिव अशोक सामने गोड्डा में सिंचाई, बिजली, विस्थापन, नौकरी के आन्दोलन में लिखित समझौता लागू नहीं हुआ तो गोड्डा में किसान आन्दोलन और तेज होगा, इसके अलावे दशरथ मंडल, रघुवीर मंडल,बारिक खान,मो रकीम,मो सफीख,दिपनारायन यादव,मतीरूम रहमान,मो जलील, अनिता देवी ने संबोधित करते कहा अन्नदाता किसानों के मुद्दे पर गोड्डा में धार दार किसान आन्दोलन का आव्हान किया। जनसभा की अध्यक्षता रघुवीर मंडल ने किया। गोड्डा जिला किसान सभा सम्मेलन 24 से 25 जनवरी तक श्यामसुंदर महतो नगर में चलेगी, किसान सम्मेलन में गोड्डा के किसान समस्याएं पर विस्तृत रूप में चर्चा कर आन्दोलन की रणनीति बनाई जाएगी तथा नयी जिला कमिटी तथा पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा।

# बाल संरक्षण पर ग्राम स्तरीय बाल समिति की भूमिका अहम

## दस्तावेजीकरण संपूर्ण होने पर ही योजनाओं पर संभव पात्रता।

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**




जनपद बहराइच देहात इंडिया बहराइच के तत्वावधान में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति बैठक* का आयोजन ग्राम पंचायत बरहीया, ब्लॉक चित्तौरा, जनपद बहराइच में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को देहात इंडिया के परिचय से अवगत कराया गया तथा ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति (VLCPC) की संरचना एवं भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बाल विवाह, बाल श्रम एवं मानव तस्करी जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा करते हुए इनके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। मिंटू( प्रधान प्रतिनिधि )जी द्वारा गांव में संचालित योजनाओं को लेकर चर्चा हुआ साथ ही उन्होंने दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया। प्रेमशिला सिंह आंगनबाड़ी द्वारा बच्चों से संबंधित संचालित योजना - मातृत्व वंदन योजना,निःशुल्क पोषाहार, निःशुल्क शिक्षा एवं निःशुल्क हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रदीप कुमार (ग्राम विकास अधिकारी) जी ने परिवार रजिस्टर,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन से जुड़ने की प्रक्रिया पर आवश्यक दस्तावेजीकरण को लेकर बातचीत की। इसके साथ 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित समुदाय को बाल विवाह न करने एवं रोकने की शपथ दिलाई गई और जागरूक किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में देहात इंडिया से अमरेश कुमार,संध्या देवी ग्राम प्रधान, चंद्रसेन (ग्रा. रो. से.)आशादेवी पंचायत सहायक,वीरेंद्र कुमार कोटेदार,ज्योति ज्योति सिंह सहायक विकास अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं बाल संरक्षण को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करना रहा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम व आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

## हिंसा के विरुद्ध बालिकाओं की आवाज: राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया द्वारा ग्राम करीमाबाद, ब्लॉक काकोरी, जनपद लखनऊ में बालिकाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम, रैली एवं आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मसम्मान, अधिकारों के प्रति जागरूकता और हिंसा के विरुद्ध सामाजिक चेतना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें ग्राम पंचायत की महिलाएँ, किशोरियाँ, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रैली के माध्यम से बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान से जुड़े संदेश दिए गए। इसके पश्चात 13-18 वर्ष की किशोरियों हेतु आर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय बालिकाओं के अधिकारः हिंसा के विरुद्ध मेरी आवाज रहा। प्रतिभागी किशोरियों ने चित्रों के माध्यम से अपने विचार और सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए। चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार




प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर इनिशिएटिव फाउंडेशन के निदेशक अमित मिश्रा ने कहा कि बालिकाओं को सुरक्षित और समान अवसर देना केवल कानून की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। सशक्त बालिका ही सशक्त समाज की नींव होती है। साधना मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम किशोरियों को अपनी बात रखने का मंच देते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। ग्राम पंचायत की महिला रुखसार ने कहा कि जब गाँव की महिलाएँ और बेटियाँ साथ खड़ी होंगी, तभी वास्तविक बदलाव संभव होगा। वहीं, आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली एक किशोरी प्रतिभागी श्रृष्टि ने कहा कि इस मंच से हमें अपनी आवाज और अधिकारों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की टीम वैभवी शर्मा, हेमा यादव, राबिया खान, वालेंटियर वर्तिका, पुष्पा, सृष्टि, आँचल, संध्या, कंचन, सोनी, सुशीला सहित अन्य सहयोगियों एवं स्थानीय समुदाय का सराहनीय सहयोग रहा।

# अंबालिका इंस्टीट्यूट में एलुमनी मीट का हुआ आयोजन

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने अपने बहुप्रतीक्षित 'एलुमनी मीट 2'26: गोल्डन मोमेंट्स' का सफलतापूर्वक आयोजन किया इस कार्यक्रम में विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र अपनी सुनहरी यादों को ताजा करने, अपने मेंटर्स (गुरुओं) से फिर से जुड़ने और संस्थान की ऐतिहासिक विरासत का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए इस कार्यक्रम की गरिमा संस्थान की सम्मानित वाइस चेयरपर्सन सुश्री आराधना मिश्रा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (BOG) की सदस्य सुश्री नंदजा मिश्रा महानिदेशक श्री अब्बास निदेशक डॉ आशुतोष द्विवेदी अन्य गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों और विशिष्ट पूर्व छात्रों ने बढ़ाई। गणमान्य व्यक्तियों ने संस्थान की शैक्षणिक, पेशेवर और सामाजिक प्रतिष्ठा को आकार देने में पूर्व छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की शुरूआत एक गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण और उसके बाद औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पूर्व छात्रों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रौनक बढ़ा दी। इसमें भावपूर्ण संगीत, नृत्य प्रदर्शन और पुरानी यादों को ताजा करने वाले अभिनय शामिल थे, जो कॉलेज के साथ उनके गहरे जुड़ाव को दर्शाते थे एक विशेष सत्र पूर्व छात्रों की सफलता की कहानियों को समर्पित किया गया था, जहाँ पूर्व छात्रों ने शिक्षा, उद्यमिता, कॉर्पोरेट नेतृत्व, जनसेवा और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रेरक यात्राएं साझा कीं। सम्मान और सराहना के प्रतीक के रूप में, विशिष्ट पूर्व छात्रों और गणमान्य व्यक्तियों को उनकी उपलब्धियों और कॉलेज के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए स्मृति चिन्ह मोमेंटो भेंट किए गए कार्यक्रम का समापन एक इंटरैक्टिव सत्र और नेटवर्किंग मीट के साथ हुआ, जिसके बाद धन्यवाद प्रस्ताव (वोट ऑफ थैंक्स) दिया गया। यह एलुमनी मीट एक बड़ी सफलता रही, जिसने पीढ़ियों के बीच संबंधों को मजबूत किया और कक्षाओं से परे उत्कृष्टता को पोषित करने के कॉलेज के दृष्टिकोण की पुष्टि की कार्यक्रम का शुभारंभ एलुमनी संयोजक श्री सुशील तोमर द्वारा किया गया।

# नेशनल रोड सेफ्टी मंथ के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित

**समाज जागरण**




लखनऊ। नेशनल रोड सेफ्टी मंथ के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एकेआरएस ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में उदघोष फाउंडेशन के सहयोग से एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान दोपहिया, तिपहिया वाहन, साइकिल, रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों को रोककर उनके वाहनों के आगे और पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। साथ ही वाहन चालकों को रिफ्लेक्टिव टेप के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जिससे रात के समय या कम रोशनी में वाहन दूर से ही दिखाई दे और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

कार्यक्रम में उदघोष फाउंडेशन की टीम द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करना, हेलमेट या अन्य सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करना, तथा खराब लाइट, ब्रेक, इंडिकेटर या टायर वाले वाहन चलाना न केवल चालक के जीवन के लिए खतरा है, बल्कि अन्य सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। अभियान के दौरान वाहन को सड़क पर चलाने योग्य स्थिति में रखने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। चालकों को बताया गया कि समय-समय पर वाहन की फिटनेस जांच, लाइट, ब्रेक, टायर और रिफ्लेक्टर की जांच न करने से दुर्घटनाओं के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।
इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वाहन चालकों और आम नागरिकों ने भाग लिया। कई चालकों ने भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने वाहन को सुरक्षित स्थिति में रखने का संकल्प लिया।

# गोनियाटो में चार दिवसीय मेला शुरू, सरस्वती माता के मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ मेले का उद्घाटन।

**भुनेश्वर कुमार महातो ,**
**संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : : बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड ऊपरघाट स्थित गोनियाटो में चार दिवसीय मेला शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्जना के साथ शुरू हुआ। मेले का आयोजन सरस्वती माता के मंदिर में पूजा-अर्जना के बाद चार दिवसीय मेले का उद्घाटन किया गया। मेले का उद्घाटन ऊपरघाट जिला परिषद सदस्या कुमारी खुशबू महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य टिकैत कुमार महतो, झामुमो नेता गंगाराम महतो, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मरांडी, महेंद्र महतो, जितेंद्र महतो आदि ने विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्जना कर चार दिवसीय मेला का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। मेले का आयोजन नंदो महतो ने 1925 में सरस्वती पूजा के साथ शुरू किया था। शुरूआत में यह एक दिवसीय मेला था, जो बाद में दो दिवसीय और फिर चार दिवसीय मेला बन गया। 2008 से 2013 के बीच एक भव्य मंदिर का निर्माण किया गया, जिसमें सरस्वती माता की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या कुमारी खुशबू महतो ने कहा कि गोनियाटो का मेला हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से हम अपनी संस्कृति को बढ़ावा दे सकते हैं और स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित कर सकते हैं। झामुमो नेता गंगाराम महतो ने कहा कि गोनियाटो का मेला न केवल सांस्कृतिक बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस मेले से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलते हैं और क्षेत्र का विकास होता है। पूर्व जिला परिषद सदस्य टिकैत कुमार महतो ने कहा कि मेले का समापन सोमवार को होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पुलिस भी तैनात है। मेले के पहले दिन स्थानीय ग्रामीण व बच्चियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्जना कर अपने क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरस्वती माता के मंदिर में पूजा-अर्चना की। मेले के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पेंक - नारायणपुर थाना के एसआई रंजय कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ मेले का भ्रमण कर जायजा लिया। और कहा कि हुड़दंग करने वाले शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखा जाएगा और पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखें और सभी लोग सहयोग करे। ताकि मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# शिक्षा निकेतन हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा ।

**मिंटू कुमार समाज जागरण**
**संवाददाता हजारीबाग ।**



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा में विद्यालय के निदेशक श्री मधुप मनोहर के संरक्षण में सरस्वती पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाई गई ' जिसमें कक्षा दशम एवं नवम के विद्यार्थियों ने सरस्वती पूजा को अपने अथक प्रयास से सफल बनाया ' पूजा में सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा ' इस अवसर पर विद्यालय में बड़े पैमाने पर प्रसाद का वितरण किया गया ' पूजा का प्रभार, प्रसाद बनवाने तथा वितरण का जिम्मेवारी सुनीता देवी एवं सुमित्रा देवी के देख-रेख में किया गया ' पूरे विद्यालय में साफ- सफाई एवम सामग्रियों की व्यस्था का कार्यभार किरण मनोहर, रंजीत सोनी एवं संजय यादव को दिया गया ' पूरे विद्यालय में विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने का कार्य एवम प्रतिमा विसर्जन का जिम्मवारी साहिना परवीन, मुस्कान प्रवीण एवं फरहाना खातून को सौपा गया ' जिसमें सभी ने अपने-अपने कार्य को बखूबी पूर्ण किया ' सरस्वती मां के सजावट का कार्य विद्यार्थियों ने निधि मनोहर एवं जयंत लकड़ा के देख रेख में शानदार तरीके से पूर्ण किया जिससे जो भी श्रद्धालु प्रतिमा के दर्शन करने आए वह बिना तारीफ किए रह ना पाए '

# टाउन क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन समारोह में, फर्जी मुकदमे को लेकर बरसे पूर्व विधायक हरिराम राम चेरो

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**







सोनभद्र/दुद्धी। 39वें टाउन क्रिकेट टूनामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व लोकप्रिय विधायक हरिराम चेरो ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुद्धी धर्म एवं परंपराओं, संस्कृति की नगरी है हम सबके पूर्वज कहा करते थे कि यहां दूध की नदियां बहा करती थी जिसके कारण इसका नाम दुद्धी पड़ा। नन्हकू बाबा, डिहवार बाबा, आदिशक्ति मां काली शक्तिपीठ दुद्धी, संकट मोचन हनुमान जी की स्तुति वंदे मातरम भारत माता की जयकारा के उपरांत उन्होंने कहा कि 5 वर्षों के अपने कार्यकाल में हमने किसी पर कोई फर्जी मुकदमा नहीं कराया और सब का सम्मान, सबका साथ, सबका विकास का कार्य प्रदेश की योगी सरकार के मनसा अनुरूप किया. खेल मैदान सहित दुद्धी विभिन्न स्थानों पर हाई मास्क लाइट हो या दुद्धी का ब्लड बैंक व सड़के जो लाइफ लाइन का काम कर रहा है। कई करोड़ रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से से असहाय, गरीब, बेबस, लाचार लोगों को उपचार के लिए पैसा मुहैया कराया। सभी कलमकारों का सम्मान व आम जनमानस का किया। पूर्व विधायक स्वर्गीय विजय सिंह गौंड द्वारा फर्जी मुकदमा मुझपर किया गया व मेरे बुजुर्ग पिता को फर्जी जेल भेजा गया। अतीत को याद कर गंदी राजनीति पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हर किसी को एक दिन इस संसार से जाना है हमारा कर एम हमारा पहचान होना चाहिए जिससे समाज शिक्षा ले। शानदार आयोजन के लिए आयोजक मंडल अध्यक्ष सुमित सोनी एवं महामंत्री रजत राज आदि के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने खेल मैदान के सौंदर्य करण 44 करोड़ की लागत से प्रस्तावित जल निगम द्वारा हर घर नल योजना,लौआ नदी पर चेक डैम का निर्माण, महुआरिया पोखरा, बढ़नी नाला तालाब का सौंदर्य करण कराने, विभिन्न सड़कों का निर्माण आदि के बारे में अपनी बात रखी जिसको लोगों ने सराहा। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि ने मुख्य अतिथि के कार्यकाल की सराहना करते हुए शानदार आयोजन के लिए आयोजक मंडल को बधाई दी। मुख्य अतिथि हरिराम चेहरे ने प्रत्येक छक्के पर 11 00 रुपए इनाम तो 3 छक्के लगाने पर 51000 का इनाम घोषित कर ऐतिहासिक पुरस्कार से खिलाड़ियों एवं दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। सूत्रों की माने तो लगभग लाख रुपए पूर्व विधायक ने क्रिकेट के सम्मान में खर्च कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जनता से कहा कि हमने सच्चे मन से विधायक के रूप में आप सबों की दिल से सेवा की है अवसर मिला तो कीर्तिमान स्थापित जन सेवा के माध्यम से करूंगा। इस मौके पर दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एवं पूर्व अध्यक्ष रामपाल जौहरी एडवोकेट, कुलभूषण पाण्डेय एडवोकेट जबकि सिविल बार संगठन के अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा एडवोकेट, अध्यापक देवेंद्र प्रताप, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शाह, मनोज मिश्रा एडवोकेट, स्वच्छता मिशन ब्रांड एंबेसडर जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, मनीष कुमार जायसवाल पियूष कसेरा, सत्यम् कश्यप, राजपाल कुशवाहा सहित भारी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील कुमार जायसवाल, सुमित सोनी, सलीम खान, इरफान खान द्वारा किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी का फीता काटकर किये उद्घाटन, सरकार की उपलब्धियों को सराहा

## कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

**अवधेश कुमार गुप्ता/**
**समाज जागरण**



सोनभद्र। प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष प्रदर्शनी का आगाज हुआ। जनपद के प्रभारी मंत्री रवींद्र जायसवाल ने फीता काटकर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी के प्रत्येक स्टाल और प्रदर्शित चित्रों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी सरकार की पारदर्शी कार्य प्रणाली और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत दस्तावेज है। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से मिशन शक्ति, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और बुनियादी ढांचे के विकास (एक्सप्रेस-वे व एयरपोर्ट) से जुड़ी उपलब्धियों को चित्रों और डेटा के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि इस प्रदर्शनी का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण और शहरी जनता तक पहुँचाया जाए ताकि वे जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठा सकें। तीन दिनों तक चलेगी प्रदर्शनी सूचना विभाग द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक कलेक्ट्रेट परिसर में आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगी। उद्घाटन अवसर पर मा0 विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित जिले के अन्य आला अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# बसन्त पंचमी पर्व पर विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन की दुद्धी में धूम

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



सोनभद्र/दुद्धी। धर्म संस्कृति एवं परंपराओं की नगरी दुद्धी में बसंत पंचमी पर्व के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन की दुद्धी में छात्र-छात्राओं व्यापारियों व अधिवक्ताओं ने ज्ञान की देवी का पूजन आस्था पूर्वक अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य के सानिध्य में सामूहिक यज्ञ हवन के बीच पूजा पाठ किया गया। छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की स्तुति कर प्रार्थना किया तो महिलाओं ने भक्ति गीत की मनोहारी प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण कर दिया। वार्ड 1 में छात्र-छात्राओं को शिक्षा दे रहे विकास कुमार चन्द्रवंशी ने भक्ति भाव से सामूहिक यज्ञ हवन पूजन पंडित महेंद्र मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। पंडाल में सन्नी कुमार, विवेक कुमार, दिव्य कांत, पुनीत अग्रहरी, पुलकित, पृथ्वी जायसवाल, कार्तिक कुमार, अनुराग अग्रहरी, रिशु कुमार आदि दर्जन ऑन महिलाएं छात्राएं उपस्थित रहें। वहीं वार्ड 4 दुद्धी स्थित कैलाश कुमार गुप्ता एडवोकेट के आवास पर विधि विधान से पूजन का कार्यक्रम छात्र-छात्राओं एवं परिजनों द्वारा किया गया। मां गायत्री स्कूल दुद्धी वार्ड 3 में मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन अर्चन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। जिसका संयोजन प्रबंधक सुरेंद्र कुमार अग्रहरी द्वारा किया गया. पुरोहित की भूमिका में पंडित देवेंद्र कुमार मिश्रा रहे। वार्ड 2 दुद्धी स्थित मिश्रा कोचिंग सेंटर मां सरस्वती की प्रतिमा का स्थापना उपरांत पूजा पाठ आस्था पूर्वक किया गया। प्रसाद कुंवर पब्लिक स्कूल दुद्धी में मां सरस्वती का पूजन अर्चन उपरांत उनके जीवन पर प्रबंधक डॉक्टर लवकुश प्रजापति द्वारा प्रकाश डाला गया। वही सौरभ कोचिंग सेंटर वार्ड चार में धूमधाम से छात्र-छात्राओं ने पूजा पाठ किया और मां सरस्वती से विद्या का वरदान मांगा। पूजा पाठ के उपरांत प्रसाद में आटे का चूरन, बैर, अंगूर, केला, सेव आदि का भक्तों ने भोग मां सरस्वती के उपरांत लगाया। इस पावन पुनीत अवसर पर कई छात्र-छात्राएं व्रत रहें। सभी ने उज्जवल भविष्य की मंगल कामना के लिए प्रार्थना मां सरस्वती से किया।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी में हुआ भावपूर्ण पत्रों का आदान-प्रदान

**पत्रों के आदान-प्रदान में दिखा भरोसे व सम्मान को दशार्ने का भाव प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी का निरंतर संवाद बन रहा प्रदेश की प्रगति का माध्यम डबल इंजन सरकार में सुशासन, विकास व आत्मनिर्भरता पर केंद्र व राज्य की है एकीकृत**

**कार्यशैली**
**विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में निर्णायक है उत्तर प्रदेश की भूमिका**

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच हुए आत्मीय व भावपूर्ण पत्राचार ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि डबल इंजन की सरकार में केंद्र और राज्य एकीकृत कार्यशैली में काम कर रहे हैं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार सुशासन, विकास और आत्मनिर्भरता को अपनी प्रमुख वरीयता में रखते हुए उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई अवसरों पर विकसित भारत में विकसित उत्तर प्रदेश की भूमिका का उल्लेख कर चुके हैं। ऐसे में, इस लक्ष्य की प्राप्ति में उत्तर प्रदेश की निर्णायक भूमिका को समन्वय के जरिए सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दिशा में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा गया आत्मीय संदेश और उसके उत्तर में मुख्यमंत्री का विस्तृत व भावपूर्ण पत्र, दोनों ही इस बात के सशक्त प्रमाण हैं कि उत्तर प्रदेश में विकास की यात्रा साझा सोच, साझा लक्ष्य और साझा प्रयासों के साथ आगे बढ़ रही है। यह संवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उस भरोसे और तालमेल का प्रतिबिंब है, जिसके सहारे उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है।
विश्वास और सम्मान से भरा संवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक भूमिका और विकास यात्रा की विस्तार से सराहना की। उन्होंने प्रदेश को आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजबूत स्तंभ बताया और कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, पर्यटन तथा औद्योगिक विकास में हो रही प्रगति को रेखांकित किया। उनके शब्दों में उत्तर प्रदेश केवल जनसंख्या का बड़ा राज्य नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति से देश के विकास को नई गति देने वाला राज्य है। साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है मुख्यमंत्री का उत्तर
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को न केवल शनिवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के शुभारंभ समारोह के कार्यक्रम में सुनाया, बल्कि संदेश के प्रति प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की। अपने पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय और आत्मनिर्भरता के संकल्प को धरातल पर उतार रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी रेखांकित किया कि बीते वर्षों में प्रदेश की छवि में आया बदलाव केंद्र और राज्य सरकार के बीच विश्वासपूर्ण सहयोग का परिणाम है।

डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति पत्र में मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार की कार्यसंस्कृति का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और सौभाग्य योजना जैसी पहलों में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी प्रदर्शन कर रहा है।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार



दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं हैं। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे। दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी। यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन-पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन-पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेड़ियों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेड़िए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन-चुनकर बदला लेते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेड़ियों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेड़ियों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेड़ियों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेड़ियों के धर-पकड़ अभियान में कुछ भेड़िए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेड़ियों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेड़ियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेड़ियों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेड़ियों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है। वैसे भेड़ियों के विरुद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेड़ियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेड़ियों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें वन्य प्राणी विशेषज्ञों की सलाह लेकर वन्य पशुओं के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने तथा बड़े स्तर पर वनीकरण अभियान चलाकर वनों के विकास करने की दिशा में कुछ ठोस और सकारात्मक कदम उठाएं, ताकि हमारे वन्य साथी आजादी से अपने घरों में बेफिक्र होकर रह सकें। संभव है कि इन प्रयासों के फलीभूत होने में कई वर्ष लग जाएं, लेकिन इस दौरान एक कार्य किया जा सकता है, वह है इन वन्य प्राणियों के साथ प्रेमपूर्ण आचार और व्यवहार करना। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इन वन्य पशुओं के विरुद्ध क्रूरता के बदले में दया का भाव दर्शाया जाए और इनको लाड़-प्यार दिया जाए तो मनुष्यों के प्रति इनके हिंस्र व्यवहारों में भी परिवर्तन आ सकता है।

# रात में देर से सोते हैं तो हो जाएं सावधान! नींद पूरी ना होने से हो सकती हैं डायबिटीज



जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।सोना हमारे लिए कितना जरुरी है यह तो आप जानते ही होंगे। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमें थकान महसूस होने लगती है। यदि हम लगातार कम सोएं तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कम सोने की वजह से हमारी सेहत को क्या नुकसान होता है -

डायबिटीज़

नींद ना पूरी होने के कारण डायबिटीज़ का खतरा भी बढ़ जाता है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में इंसुलिन का लेवल कम होने लगता है। जो लोग 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं उनका ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है और ऐसे लोगों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

वजन बढ़ना

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके बढ़े हुए वजन का कारण नींद की कमी भी हो सकता है। दरअसल, जब हम लगातार 5 घंटे या उससे कम सोते हैं तो इससे हमारे दिमाग में कई केमिकल रिएक्शन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट भरा होने के बावजूद हमारा दिमाग हमें और खाने का संकेत देता है। ऐसे में हम भूख से अधिक खा लेते हैं जिससे हमारा वजन बढ़ता है।

सेक्स ड्राइव में कमी

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी सेक्स लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। जब हम 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन होने लगता है। इससे हमारी सेक्स ड्राइव भी कम होने लगती है और हम अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय नहीं कर पाते हैं।

नींद के दौरान हमारे दिमाग में कई केमिकल एक्शंस होते हैं। जब हम सोते हैं तो हमारा दिमाग में कुछ ऐसे केमिकल फंक्शन होते है जो हमें चीज़ों को याद रखने में मदद करते हैं। नींद ना पूरी होने के कारण ये फंक्शन ठीक से नहीं हो पाते हैं जिसके कारण हमारी याद्दाश्त पर प्रभाव पड़ता है। जब हम ठीक से नहीं सोते हैं तो हमें याद्दाश्त संबंधित समस्याएं होने लगती हैं।

एंग्जायटी और डिप्रेशन

नींद पूरी ना होने के कारण हमारे दिमाग पर भी प्रभाव होता है। जब हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारा दिमाग थका हुआ महसूस करता है। नींद ना पूरी होने के कारण स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा अधिक बढ़ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।

इम्युनिटी कमजोर होना

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी इम्युनिटी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे हमारा शरीर आंतरिक तौर पर कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा शरीर बीमारियों के चपेट में जल्दी आ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण सर्दी-जुखाम, संक्रमण आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है।